e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 78
शुक्रवार
21.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
व्यक्ति अपने कर्मों से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!




## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने किया बालक आश्रम का निरीक्षण, बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए दिए निर्देश

**कोरबा :** कलेक्टर अजीत वसंत ने गुरुवार को पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम सरभोंका में स्थित बालक प्री-मैट्रिक आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की सुविधाओं, स्वच्छता, और विद्यार्थियों की समस्याओं की जानकारी ली।कलेक्टर वसंत ने आश्रम अधीक्षक को निर्देशित किया कि आश्रम में अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्ता वाली शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं निर्धारित मीनू अनुसार सुनिश्चित की जाएं। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों की सुरक्षा और कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही।कलेक्टर वसंत ने यहाँ सिलेंडर के माध्यम से पकने वाले भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के अलावा खेलकूद गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

### आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए शुरू की पायलट स्टडी : नितिन गडकरी

**धर्मशाला:** केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा जानवरों के प्रवेश, चलने व ठहरने की समस्या से निपटने के उपाय सुझाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर पायलट स्टडी शुरू की है। उन्होंने बताया कि इसके अन्तर्गत आवारा जानवरों के उपचार का स्कोप नहीं है हालांकि पैरा मेडिकल स्टाफ और पशु चिकित्सा का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने नितिन गडकरी ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी के सवाल के जबाव में संसद में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि इस पायलट स्टडी के बाद राज्य सरकारों को आवारा जानवरों के राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रवेश को रोकने के लिए एडवाइजरी जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मन्त्रालय पशुओं की देखभाल के लिए कोई पशु केंद्र स्थापित नहीं करता क्योंकि यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

### नशे की समस्या को लेकर तीन एसपी ने की बैठक

**धर्मशाला :** नशे की समस्या से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन गंभीरता से प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को जिला कांगड़ा सहित पुलिस जिला नूरपुर व देहरा के एसपी की अहम बैठक धर्मशाला में आयोजित की गई। नूरपुर व देहरा पुलिस जिला का बॉर्डर पंजाब से लगता है ऐसे में बॉर्डर को नशे की दृष्टि से और सुरक्षित कैसे किया जाए, इसको लेकर चर्चा की गई। बैठक में एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री, एसपी नूरपुर अशोक रत्न और एसपी देहरा मयंक चौधरी मौजूद रहे।बैठक में नशे का पिछले दस साल का पेट्रन समझने की कोशिश की गई। पिछले 15 साल में जिला कांगड़ा में ड्रग्स के मामलों में उछाल आया है। साथ ही ट्रेंड में भी बदलाव आया है। चरस व चिट्टा पर फोकस करने पर सामने आया कि चरस की कड़ियों की मूवमेंट मंडी-कुल्लू से पंजाब की तरफ और चिट्टा की मूवमेंट पंजाब से कांगड़ा की तरफ पाई गई है।

### अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, छह अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली :** थाना कैण्ट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में छह अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। थाना कैण्ट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नकटिया क्षेत्र में कृष्णा कॉलोनी के पास एक खंडहर में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर छह अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

### बीजापुर और कांकेर में मुठभेड़, ऑटोमेटिक हथियार व गोला-बारूद बरामद

# 30 नक्सली ढेर

## 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलमुक्त होने वाला है देश : शाह

**बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर से 26 और कांकेर जिले से 4 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं।**

**भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं।**

**दूसरी तरफ मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है।**

एजेंसी

**रायपुर :** बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बीजापुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान का बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 4 नक्सली मारे गए। सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी। अभियान के दौरान गुरुवार को माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हो गई।मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ 26 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

वहीं, दूसरी तरफ मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया है। मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सरहद के जंगली क्षेत्र गंगालुर थाना इलाके के तोड़का एंड्री के जंगल में सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर है।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा,नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 30 नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर से 26 नक्सललियों के शव और कांकेर जिले से 4 नक्सलियों के शव सहित मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारुद के साथ अब तक 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं।



### हम जवानों के साहस को नमन करते हैं : सीएम

हम जवानों के साहस को नमन करते हैं. अब बस्तर की खूबसूरती को लोग देख पाएंगे. हमारे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का संकल्प है कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया होगा. नक्सलवाद खत्म होने से लोग बस्तर की खूबसूरती देख सकेंगे. डबल इंजन का यही तो फायदा है. विपक्ष के सवाल उठाने पर सीएम साय ने कहा कि विपक्ष हार से बौखलाया हुआ है. इसलिए वह इस तरह के सवाल उठा रहा है.

### नक्सली मुक्त प्रदेश के रूप में पहचाना जाएगा छत्तीसगढ़ : उपमुख्यमंत्री

जगदलपुर : छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने 22 नक्सलियों के ढेर होने पर सुरक्षाबलों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों ने 22 नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि 2026 में पूरा छत्तीसगढ़, नक्सली मुक्त छत्तीसगढ़ के रूप में पहचाना जाएगा।वहीं नक्सलियों के विरूद्ध सुरक्षाबलों की इस कामयाबी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे बड़ी सफलता बताया है। गृह मंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 'नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के 2 अलग-अलग ऑपरेशन्स में 22 नक्सली मारे गए। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सुरक्षाबलों को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि उन्होंने 22 नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य गृह मंत्री विजय शर्मा लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग में जल्द होगी 10 हजार नियुक्तियां : डॉ. इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही सरकार 10 हजार नियुक्तियां करेगी। यह घोषणा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बजट सत्र में गुरुवार को भोजनावकाश के बाद स्वास्थ्य विभाग के बजट पर चल रहे वाद-विवाद के बाद कही। वाद-विवाद के बीच स्वास्थ्य विभाग के 64 अरब 70 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपये अनुदान मांग पारित हुई।विभाग के बजट पर कटौती का प्रस्ताव भाजपा के विधायक मनोज कुमार यादव ने रखा था, लेकिन स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने उसे अस्वीकृत कर दिया।

वहीं विभाग के बजट पर मंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई नए काम करेगी। उन्होंने बताया कि लोगों को 10 रुपये में मलेरिया, क्रिटनीन और ईसीजी जैसे टेस्ट होंगे,जबकि महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की जांच फ्री में होगी। मंत्री ने बताया कि राज्य में मेडिकल टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। इसके लिए 85 एकड़ में मेडिको सिटी बनेगी। इसमें 10 सुपर स्पेशियलिटी विभाग बनेंगे, जिसमें हेलीपैड भी बनाया जाएगा।मंत्री ने कहा कि सरकार डॉक्टरों को दूसरे जिलों में ट्रांसफर नहीं करेगी। यदि कोई डॉक्टर रांची का है तो वह यहीं काम करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री में दवा दी जाएगी। सरकारी अस्पतालों में सेवा को दुरूस्त रखने के लिए कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम बनेगा। साथ ही सरकारी अस्पतालों में रोबोटिक्स सर्जरी शुरू होगी, जिसकी शुरूआत रिम्स से होगी। मंत्री ने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा को नए सिरे से शुरू किया जाएगा। इसे लेकर करार किया जा चुका है। उन्होंने 300 नए एएलएस एडवांस एंबुलेंस की खरीदारी की जाएगी।मंत्री ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में आंख के अस्पताल खोले जाएंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेजों में सीट को भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकारी नर्सिंग कॉलेजों की भारी कमी है सरकार नर्सिंग कॉलेज खोलेगी। साथ ही नया नर्सिंग कॉलेज खोलने वालों को एक माह में एनओसी दिया जाएगा। खून की कमी का पता लगाने के लिए ड्रोन सर्विस शुरू करने की बात मंत्री ने कही। मंत्री ने कहा कि सभी जिलों के सदर अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जहां एमआरआई और सिटी स्कैन समेत सभी जांच होंगे। उन्होंने बताया कि एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें खरीदने के लिए कंपनियों से सरकार 10 साल के लिए करार करेगी। ताकि उसकी मेंटनेंस संबंधित कंपनियां ही करें। साथ ही सदर अस्पतालों में आईसीयू की व्यपवस्था होगी।

## बजट सत्र : मंईयां सम्मान योजना के अयोग्य लाभुकों की सूची जारी करेगी सरकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंईयां सम्मान योजना को लेकर फिर चर्चा हुई. बीजेपी विधायक नीरा यादव के द्वारा उठाए गए सवाल पर जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आपके सुझाव पर सरकार विचार करेगी और इसमें आवश्यक सुधार करने का काम करेगी.

दरअसल, नीरा यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के जरिए सदन में सवाल किए थे.विधायक नीरा यादव ने सवाल किया कि विधानसभा चुनाव 2024 से पहले तीन महीने की राशि पाने वाली लाभुक महिलाओं को बगैर कोई कारण बताए सरकार ने अयोग्य ठहरा दिया. जिसके कारण महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विधायक ने कहा योजना के लाभ के लिए महिलाएं प्रखंड कार्यालय से लेकर विभिन्न कार्यालय में चक्कर लगाती फिर रही हैं. ऐसे में सरकार को शिविर लगाकर कारणों को बताते हुए अयोग्य की सूची जारी करना चाहिए. भोजन अवकाश से पहले सदन में ऊर्जा विभाग में कार्यरत मानव दिवसकर्मियों को ईपीएफ, ईएसआईसी और उन्हें स्थायी करने का मुद्दा उठा. सरकार की ओर से मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि सभी मानव दिवसकर्मियों को ईपीएफ और ईएसआईसी और अन्य मुआवजे की सुविधा दी जा रही है. मानव दिवस कर्मी होने की वजह से उन्हें अनुकंपा का लाभ नहीं दिया जाता है.

# मुसलमानों को स्वीकार नहीं है वक्फ संशोधन बिल : मदनी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** वक्फ संशोधन बिल की आलोचना करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा हमारा धार्मिक कर्तव्य है और जंतर मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मुसलमानों ने सरकार को यह संदेश दे दिया है कि वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों को स्वीकार नहीं है. साथ ही मौलाना मदनी ने कहा कि अगर बिल वापस नहीं लिया गया तो इसके खिलाफ पूरे देश में लोकतांत्रिक और संगठित आंदोलन चलाया जाएगा.

मौलाना अरशद मदनी ने कहा,वक्फ संशोधन बिल को लेकर तमाम मुस्लिम संगठनों ने सरकार को अपने रुख और देश के करोड़ों मुसलमानों की भावनाओं से अवगत कराने का प्रयास किया लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज कर अपनी मर्जी थोपना चाहती है. अरशद मदनी ने 17 मार्च के विरोध प्रदर्शन को सरकार को एक स्पष्ट संदेश देने का प्रयास बताया और कहा कि यदि सरकार अपने अड़ियल रुख पर कायम रहती है तो इसका सीधा अर्थ होगा कि उसे मुसलमानों की भावनाओं की कोई परवाह नहीं है.जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने कहा,इस बिल के पीछे सरकार की मंशा अब छुपी नहीं रही है. सच्चाई यह है कि इस बिल का उद्देश्य वक्फ की सुरक्षा और पारदर्शिता लाना नहीं है बल्कि इसके जरिए सरकार हमारी वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करना चाहती है. यही वजह है कि संयुक्त पार्लियामेंट्री कमेटी में मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों की सिफारिशों और सुझावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है.

# एलन मस्क की कंपनी एक्स ने किया भारत सरकार पर मुकदमा



एजेंसी

**बेंगलुरु :** एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है. उन्होंने भारत सरकार के आईटी अधिनियम की धारा 79(3)(बी) पर सवाल उठाए हैं. कंपनी का कहना है कि यह नियम एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है. इस धारा में बताया गया है कि किन परिस्थितियों में सरकार को इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार होता है. जानकारी के मुताबिक कंपनी ने कहा है,कंटेंट हटाने के लिए लिखित में कारण बताना आवश्यक है और फैसला लेने से पहले उचित सुनवाई की व्यवस्था करनी होती है. इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का अधिकार भी होना चाहिए. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कहा है कि भारत सरकार ने इन सब में से किसी भी नियम का इस्तेमाल नहीं किया है.याचिका में कहा गया है कि सरकार धारा 79(3)(बी) की गलत व्याख्या कर रही है और ऐसे आदेश दे रही है, जो धारा 69ए के नियमों का पालन नहीं करते. इस धारा में बताया गया है कि सरकार किन परिस्थितियों में इंटरनेट के कंटेंट को ब्लॉक कर सकती है. कंपनी ने 2015 के श्रेया सिंघल केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला भी दिया है.

### देश भर में 1337 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए चुना गया : रेल मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि देश में 1337 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चुना गया है। केंद्रीय मंत्री ने यह जानकारी लोक सभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जबाव में दी।उन्होंने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों को दिव्यांगजनों को सहज बनाने के लिए सुगम्य भारत मिशन के अंतर्गत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिसके अन्तर्गत एंट्रैन्स रैंप, पार्किंग सुविधा, कम ऊंचाई के टिकट काउंटर/सहायता बूथ, टॉयलेट, पीने के पानी की सुविधा, सब वे, रैंप/लिफ्ट की सुविधा के साथ फुट ओवर ब्रिज, ब्रैले में साइनेज और स्पर्शी रास्ते बनाये गए हैं।उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों को दीर्घकालीन तौर पर निरन्तर रूप में विकसित किया जाता है जिसके अन्तर्गत मास्टर प्लान तैयार करके रेलवे स्टेशनों, सर्क्युलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, टॉयलेट, लिफ्ट्स, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज आदि आधुनिक सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# योगेंद्र प्रसाद गोलीकांड का खुलासाः मनरेगा विवाद में रची गई थी हत्या की साजिश, दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले के चिनियाँ थाना क्षेत्र में बीते 7 मार्च को हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस घटना को मनरेगा योजना से जुड़े विवाद के कारण अंजाम दिया गया था।7 मार्च को दोपहर करीब 3=30 बजे सिगसिगाखुर्द गांव के निवासी योगेन्द्र प्रसाद (40 वर्ष) तहले घाटी के पास थे, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल हुए योगेन्द्र की गर्दन में गोली फंस गई थी, जिसे ऑपरेशन कर निकाला गया। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है। योगेन्द्र प्रसाद और पंचायत उपमुखिया के पति मंदीप यादव के बीच मनरेगा योजना से जुड़ा विवाद लंबे समय से चल रहा था। योगेन्द्र ने कई योजनाओं का विरोध किया था, जिससे मंदीप यादव और उसके साथियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी रंजिश के चलते मंदीप यादव ने जेल जाने से पहले अपने सहयोगियों नितेश सिंह और अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के साथ मिलकर योगेन्द्र की हत्या की साजिश रची।नितेश सिंह और बबलू सिंह सफेद अपाची बाइक से तहले घाटी पहुंचे।योगेन्द्र प्रसाद के वहां पहुंचते ही उनका पीछा किया। बबलू सिंह ने देसी कट्टे से उन पर गोली चला दी।गढ़वा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह (ग्राम करूई, थाना मंझियांव, गढ़वा), नितेश कुमार सिंह उर्फ नीतु सिंह (ग्राम गोंगो, थाना पिपराटांड, पलामू) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा 0.315 बोर की एक जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त सफेद अपाची बाइक (जेएच-14एच-0366), दो मोबाइल फोन, अपराधियों द्वारा घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गये है।छापेमारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंका रोहित रंजन सिंह ने किया। चिनियाँ थाना प्रभारी अमित कुमार समेत कई पुलिस अधिकारियों और जवानों ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अन्य संलिप्त अपराधियों की भी तलाश कर रही है।

## हाजिरी बनाकर गायब रहते हैं शिक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने औचक निरीक्षण गुरुवार को किया, जिसमें विद्यालय की गंभीर लापरवाही उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक की उपस्थिति तो दर्ज थी, लेकिन वे विद्यालय में मौजूद नहीं थे। जब बच्चों से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि यह कोई नई बात नहीं है। बच्चों ने खुलासा किया कि प्रधानाध्यापक अक्सर हाजिरी बनाकर गायब हो जाते हैं। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की भी बदहाली सामने आई। ग्रामीणों ने शिकायत की कि भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं होती और समय पर नहीं मिलता है। निरीक्षण के समय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असमीना बीवी वार्ड सदस्य कसमुद्दीन अंसारी ग्रामीण हकीमुद्दीन अंसारी, सदर अली हुसैन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## राशन कार्ड मे ई -केवाईसी कराने की अंतिम तारीख 31 मार्च : ललन पासवान



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार की खाद्य आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राशन कार्ड ई केवाईसी की लास्ट तारीख 31 मार्च तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में पाटन प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन कुमार पासवान ने प्रखंड के डीलर समेत राशन कार्ड लाभार्थियों को सूचित किया है कि राशन कार्ड ई केवाईसी करना अनिवार्य है, जिसका अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित किया गया है। जो राशन कार्ड मे परिवार सदस्य का ई केवाईसी छूट गया है। वह जल्दी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के पास जाकर ई केवाईसी करा सकते हैं। अगर ई केवाईसी नहीं कराएँगे तो 31 मार्च के बाद राशन कार्ड से तथा राशन लेने से वंचित हो जाएंगे। नाम ऑटोमेटिक हट जाएगा। प्रभारी एमो ने जन वितरण के दुकानदारों को लाभार्थी का फॉर्मेट देखकर निर्देशित किया है कि ई केवाईसी के लिए 21 से 27 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर गांव गांव में घूम कर छूटे हुए लाभार्थी का ई केवाईसी करें। ताकि किसी लापरवाही से बिना किसी कारण के सदस्य का राशन कार्ड से नाम नहीं कट सके। इस तरह से राशन कार्ड में नमित सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

## पियूष सुमन को बसपा के पलामू जिला अध्यक्ष बनाया गया



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के बेलवाटिकार स्थित संत शिरोमणि रविदास आश्रम मे बहुजन समाज पार्टी के जिला स्तरीय बैठक किया गया।बैठक के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ.लालजी मेंधानकर व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत अम्बेडकर मौजूद रहें। बैठक में पिछले बीते हुए लोकसभा व विधानसभा चुनाव में हार पर विशेष चर्चा किया गया।तथा बहुजन समाज पार्टी को जिला में मजबूत बनाने के लिए एवं अधिक से अधिक नए सदस्य जोड़ने के लिए भी चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पलामू के जिला अध्यक्ष पियूष सुमन एवं जिला जोंन इंचार्ज अजय भारती व अरुण कुमार को बनाया गया।जिला अध्यक्ष का घोषणा प्रदेश प्रभारी डॉ.लालजी मेंधानकर ने किया। बसपा के जिला अध्यक्ष बनाएं जाने पर युवा नेता मुकेश मेहता शशिकांत रंजन, मदन भारती, बीरेंद्र राम, हरी मेहता, सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा की पार्टी के सिद्धांतो व विचारों से कई वर्षो से पियूष सुमन काफी प्रभावित हैं। इन्हे पार्टी के जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी।उन्होंने ने कहा की बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सर्व समाज के साथ कदम से कदम मिला कर चलती है एवं सर्व समाज के बारे में सोचती है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता मेहता व प्रदेश प्रभारी डॉ. लालजी मेंधानकर ने पार्टी के अंगवस्त्र व माला पहनाकर देकर उन्हे स्वागत किया।पार्टी के नेताओं ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य संगठन के कार्यो में मजबूती आने की बात वही। वही जिला अध्यक्ष बनने पर पियूष सुमन ने कहा कि मेरे दिल व दिमाग बहुजनो के धड़कता हैं। मेरा सपना रहा है कि दलित पिछड़ा समाज को आगे बढाने में अपना जीवन को समर्पित करू, मैं इस पार्टी को मानवर कांसी राम के जीवन से एवं बहन जी राजनीति समर्थता व संघर्षो से प्रेरित होकर बसपा का कार्य करया हूं। मेरा प्रयास रहेगा की मैं पार्टी के सिद्धांतों व विचारों को जन जन तक पंहुचना ही मेरा उद्देश्य हैं। बैठक में मुख्य रूप से बिजय कुमार चंद्रवंशी, पप्पू कुमार रवि, धर्मेंद्र राम, जुगलकिशोर राम, प्रमोद राम, रामनारायण राम, सुनील कुमार रवि, रविशंकर साहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हुसैनाबादः पिस्तौल, गोली व मोबाइल के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया की एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब को गुप्त सूचना मिली की महूअरी नहर मोड़ के समीप तीन संदिग्ध युवक बैठे हुऐ हैं. सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस टीम जैसे युक्त स्थल पर पहुंची. पुलिस को देखते ही तीनों युवक भागने लगे ., पुलिस ने इन लोगों का पिछा कर तीनों का धरदबोचा. तीनों युवकों के तलाशी लेने के क्रम में दिनेश सिंह चौक निवासी शशि पासवान के कमर से एक पिस्टल और पॉकेट से दो जिंदा गोली बरामद किया गया. जबकि थाना क्षेत्र के कजरात नवाडीह गांव निवासी अभिनंदन प्रजापति, और नगर पंचायत क्षेत्र के गणेशपूरी मोहल्ला निवासी विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ सिंह के पास एक एक मोबाइल पुलिस को मिला, पूछ ताक्ष में बताया की शराब के कारोबार के चलते अपनी सुरक्षा को लेकर पिस्टल रखे थे, तीनों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गुरुवार को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया, पुलिस टीम में एसआई नर्मदेश्वर सिंह, रमन यादव, श्रीनिवास शर्मा, आरक्षी चालक सुरेंद्र पाल के अलावा पुलिस के कई जवान शामिल थे।

## बीआरपी, सीआरपी संघ ने विधायक को सौंपा मांगपत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बीआरपी, सीआरपी संघ के संजय कुमार सिंह व अजय कुमार ने मुख्यमंत्री के श्री बंशीधर नगर आगमन पर मुख्यमंत्री के नाम लिखे 11 सूत्री मांगपत्र विधायक अनंत प्रताप देव को सौपा. मांग पत्र में बीआरपी, सीआरपी को अन्य परियोजना कर्मियों की तरह परियोजना भत्ता, चिकित्सा भत्ता, आवास भत्ता, महंगाई भत्ता एवं अर्जित अवकाश के साथ सामूहिक ग्रुप बीमा देने, बीआरपी, सीआरपी हेतु गठित कल्याण कोष का लाभ के लिये अविलंब नीति निर्धारण करने, संविदा नियमावली 2024 में अंकित अनुकंपा के लाभ हेतु अविलंब उचित निर्णय लेने, अवर शिक्षा सेवा में 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने, बीआरपी सीआरपी के कार्य सुगमता हेतु लैपटॉप या टैब उपलब्ध कराने, परियोजना के रिक्त पदों पर बीआरपी सीआरपी को वरीयता देते हुए सीधी नियुक्ति करने, बीआरपी सीआरपी को ईपीएफ कटौती का लाभ वर्ष 2015 से देने, बीआरपी सीआरपी के कार्य संस्कृति को देखते हुए डाइट एवं जेसीआरटी के विभिन्न रिक्त पदों पर समायोजित करने, सेवा अवधि 62 वर्ष करने, वित्त विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 522 चार मार्च 2025 के अनुरूप वेतनमान निर्धारण करने तथा केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 20 वर्षो से संविदा पर कार्यरत बीआरपी सीआरपी को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायदेश के आलोक में राज्य सरकार के पत्रांक 4871 बीस जून 2019 में आवश्यक संशोधन करते हुए सेवा नियमतिकरण करने की मांग शामिल है।

## हुसैनाबाद में भगवान भरोसे है स्वास्थ्य सेवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल का सब से पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिन प्रतिदिन सेवाओं के अभाव से जूझ रहा है। गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में ओपीडी सेवा एक सीएचओ को देख मरीजों को हैरानी हुई। उन्होंने पत्रकारों को बुला कर इस स्थिति से अवगत कराया। पत्रकारों ने जब सीएचओ आशीष रंजन से पूछा कि आप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी किस हैसियत से कर रहे है। पहले तो उन्होंने कहा कि हम डाक्टर हैं, बाद में उन्होंने कहा कि वह सीएचओ हैं। उन्हें ओपीडी करने का अधिकार है। इस संबंध में पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि पीएचसी में चिकित्सक के रहते सीएचओ ओपीडी कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात करेंगे। इस संबंध ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश राम से पूछने पर उन्होंने बताया कि वहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ ज्योतिष कुमार के अचानक छुट्टी पर जाने की वजह सीएचओ को ओपीडी करने को बोला गया है। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या पीएचसी में सीएचओ ओपीडी कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल कर सकते हैं। जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ही कहते है कि पीएचसी में सीएचओ ओपीडी कर सकते हैं, तो झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं का क्या हाल है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। सीएचओ ओपीडी के अलावा प्रसूति महिलाओं व बंध्याकरण करा कर भर्ती मरीज का भी इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के इस रवैया से आम लोगों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि पहले हैदरनगर पीएचसी से इमरजेंसी सेवा खत्म कर दिया गया।

# अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर जी से असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। श्री बंशीधर जी के नाम पर महोत्सव का उद्देश्य श्री बंशीधर मंदिर एव श्री बंशीधर नगर को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने का है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो दृश्य दिखाई दिया है, उससे श्री बंशीधर नगर की संस्कृति पर चोट पहुंची है। साथ ही श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हुई है। अश्लील गानों की प्रस्तुति और अव्यवस्था के कारण महोत्सव के आयोजक जिला प्रशासन के निर्णय की जमकर किरकिरी हो रही है। राज्य स्तरीय समारोह श्री बंशीधर महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशिष्टता के बजाय सामान्य कार्यक्रम आर्केस्ट्रा से अधिक कुछ नहीं था।कार्यक्रम में अमर्यादित भोजपुरी गायन कराकर महोत्सव की मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है। कुल मिलाकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। यहां बताते चलें कि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से वर्ष 2017 में बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। उस समय महोत्सव भव्य एवं दिव्य हुआ था। चोटी के कलाकारों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति देकर महोत्सव में चार चांद लगाया था। जिसकी सराहना आज भी लोगों के मुक्तकंठ से होती है। जबकि उस समय सरकारी बजट भी कम था। किंतु आज श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिलने एवं अधिक बजट आवंटित होने के बाद भी एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संभव नहीं हो पा रहा है। महोत्सव में अव्यवस्था का आलम होने व कार्यक्रम में आई गिरावट से कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। महोत्सव के नाम पर लाखों रुपये खर्च हुये। लेकिन एक दो स्थानीय कलाकार को छोड़ किसी कलाकार को अपना कौशल दिखाने का मौका नहीं मिला। इसी का नतीजा है कि महोत्सव उद्देश्यहीन होने के साथ-साथ एक सामान्य ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम बनकर रह गया है। महोत्सव के नाम पर भोजपुरी सिंगर अनुपमा यादव के अमर्यादित भोजपुरी गीत नाच रे पतरकी नागीन जईसन, उड़नबाज रजऊ, धोखेबाज रजऊ, लगावे लू तू जब लिपिस्टिक, हिलेला गढ़वा डिस्टिक, कमरिया करे लपा लप, लॉलीपॉप लागेलू प्रस्तुति से माहौल अराजक हो गया। सिंगर सलमान अली ने ओ लड़की आंख मारे प्रस्तुत कर रही सही कोर कसर को पूरा कर दिया। जिस गीत पर डी एरिया में बैठे वीवीआईपी किस्म के कतिपय लोग झूम रहे रहे थे, कमर हिला रहे थे, बाहर में पब्लिक कुर्सी तोड़ डांस कर रही थी।

## हैदरनगर एवं हुसैनाबाद अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन हुआ शुरू



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के सिविल सर्जन के निर्देश पर पीएचसी हैदरनगर एवं अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में संजीवनी पब्लिक ट्रस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से निशुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। शुरुआत फीता काट कर चिकित्सा पदाधिकारी डा राकेश रंजन एवं संजीवनी पब्लिक ट्रस्ट के डाक्टर अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। संजीवनी पब्लिक ट्रस्ट के चिकित्सक डा अरविंद कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में दो व पीएचसी हैदरनगर में एक कुल 3 महिलाओं का सफल बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि सर्जन डॉ. मनीष कुमार सिंह व एनेस्थीसिया के डाक्टर अविनाश कुमार की देख रेख में तीनों ऑपरेशन सफलता के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को शिविर लगा कर अनुमंडल अस्पताल एवं पीएचसी हैदरनगर में बंध्याकरण ऑपरेशन किया जाएगा। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता : निदेशक



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग सह वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन के अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय के गतिविधियों को सराहा एवं संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित तथा विद्या की देवी माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि यह विद्यालय विगत 33 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट पहचान बनाए रखा है। विद्यालय के सक्षम और समर्पित शिक्षकों द्वारा बच्चों के दिमाग को ज्ञान से पोषित किया जाता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने काबिलियत का परचम लहरा रहे हैं। यह विद्यालय सिर्फ एक इमारत ही नहीं बल्कि यह प्रगति और ज्ञान व विकास का स्थल भी है जहां बच्चे लगातार अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। कार्यक्रम का संचालन बीके ठाकुर ने किया। परीक्षा संबंधित संपूर्ण जानकारी परीक्षा विभाग इंचार्ज खुर्शीद आलम ने रखा तथा विद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सुख सुविधाओं का मूल्यांकन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने की वहीं नीरा शर्मा ने आगत अभिभावकों का स्वागत भाषण प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मुकेश भारती, विकास कुमार, कृष्ण कुमार, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी गुप्ता, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करने वाला गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रख रही है। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने न पाए। जैसे ही सामाजिक तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की हरकत करते हैं पुलिस तत्काल सक्रिय हो जाती है। ऐसा ही एक मामला 20 मार्च को गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया सेल के माध्यम से सूचना मिली कि राजन सोनी नामक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से एक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया है। इस संदर्भ में बिशुनपुरा थाना कांड संख्या 13/2025 अंकित कर बिशुनपुरा गैस गोदाम के पास से स्व.मुंद्रिका सोनी का 21 वर्षीय पुत्र राजन सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि राजन सोनी नामक व्यक्ति के द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया था। जिसकी सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और विधि सम्मत कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस घटना में प्रयोग किया गया मोबाइल तथा एक नकली पिस्तौल बरामद किया गया है। उक्त संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने आम लोगों से पुनः अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला या कोई ऐसा पोस्ट ना करें जिससे किसी की धार्मिक भावना या सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचता हो। गढ़वा जिला पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इस प्रकार के हर पोस्ट पर नजर रख रही है। अगर किसी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट यदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया जाता है तो उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मिन्नतुल्लाह खान, आरक्षी सूर्य भूषण सिंह, अनूप कुमार रवि सहित पुलिस बल शामिल थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने मानकों के अनुसार सड़क निर्माण नहीं होने पर जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दरुवा मेन रोड से बंजारी भाया सेंरगदाग पथ निर्माण कार्य में ग्रामीणों के द्वारा मिली शिकायत के बाद शुक्रवार को पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव और समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा कार्य स्थल पर पहुंचे और बन रही सड़क की जांच की। जांच के बाद विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने बन रहे सड़क को देखकर भड़क गए और उन्होंने तुरंत विभाग के जेई संजय पांडे को फोन लगाया। सड़क के गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने पर पूछा कि इतना घटिया सड़क निर्माण करवा रहे हैं। इस सड़क निर्माण में इस्टीमेट के अनुसार कोई काम नहीं हो रहा है। पिसीसी ढलाई 9 ईंच की जगह 6 ईंच एवं पिच 90 एम एम की जगह 30 एम एम किया जा रहा है। इस पर जेई संजय पांडे ने कोई भी संतोष जनक जवाब नही दिए। समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि आजादी के 75 साल के बाद पांकी विधायक कुशवाहा डाक्टर शशिभूषण मेहता के अथक प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बन रही है गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। ठिकेदार विधायक से शिकायत की जाएगी ताकि संवेदक प्रकारवाई हो सके। इस विषय पर पांकी विधायक एवं चतरा सांसद से बात करेंगे। शिकायत कर्ता ग्रामीण प्रवेश यादव, कमलेश यादव, कमलेश्वर यादव, अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, बनौधि यादव, नरेश यादव, मोहन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश यादव, संदीप यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य का सृजन हुआ, लेकिन लेकिन राज्य के विकास हेतु बहुत कार्य करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की जनजातीय आबादी के उत्थान के प्रति विशेष संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए झारखंड में प्रशिक्षण के दौरान मिले अवसरों और सीख पर चर्चा की।

### सत्येंद्र तिवारी ने ट्रांसफार्मर ठीक कर लगाने में देरी का मुद्दा उठाया

**रांची :** राज्य सरकार 2025-26 तक समाधान का वादारांची, 20 मार्च (हि.स.)। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 14वें दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही 11:05 बजे शुरू हुई। गढ़वा विधायक सत्येंद्र तिवारी ने बिजली वितरण निगम की लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए ट्रांसफार्मर मरम्मत में देरी पर सवाल खड़ा किया। सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि बिजली वितरण निगम के पास सर प्लस ट्रांसफार्मर भी नहीं है। अगर किसी गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है तो ग्रामीण खुद चंदा करके ट्रांसफार्मर लेते हैं और बिजली ऑफिस पहुंचाते हैं।

# रामनवमी, ईद एवं सरहुल को लेकर पुलिस रहेगी अलर्ट : सुमित अग्रवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची सुमित अग्रवाल के द्वारा अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अपराध गोष्ठी में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक /पुनि एवं थाना/ओपी प्रभारी उपस्थित हुए । गोष्ठी के प्रारंभ मे आगामी माह में आने वाले त्योहार रामनवमी, ईद एवं सरहुल के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।आगे विगत माह में दिए गए निर्देशों की समीक्षा बारी- बारी सभी थाना प्रभारी से की गई। आगामी माह के लिए अनुपालन हेतु निम्न निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण में लंबित कांड, कांड की समीक्षा के दौरान तकनीकी शाखा से टेक्निकल सहयोग लेना, जन बी डबल्यू वारंट का स-समय निष्पादन करते हुए न्यायालय को सूचित करना, लंबित



पासपोर्ट का सत्यापन, यूडी कांडों का समीक्षा, विगत 1 वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन, छिनतई, रेप, पोक्सो, चोरी, लुट, संपत्तिमूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ/ शराब के अड्डेबाजी पर छापामारी अनुसंधान नियंत्रण में प्रॉपर्टी ऑफेंस कांड एवं यू0डी0 कांडों की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। विगत माह में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियो एवं कर्मियों जिनमें रामनारायण चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी, पुअनि चन्दन कुमार, थाना प्रभारी चान्हो, लिखोर्तीन लिपिक, राजेश प्रसाद वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय हिंदी शाखा, सअनि नीरज कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय CCTNS शाखा, को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया।

# स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत 180 आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी- 3) के तकनीकी सहयोग से सदर अस्पताल ऑडिटोरियम रांची में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह में 18 प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों एवं उसी विद्यालयों के दोनों आरोग्य दूतों शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024- 2025) में उत्कृष्ट कार्य हेतु सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, बादल राज, राज्य आरकेएसके सेल एनएचएम से रफत फरजाना के द्वारा सभी 180 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।सभी अतिथियों ने एसएचडब्ल्यूपी के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण




कार्यक्रम के माध्यम से किशोर-किशोरियों में जीवन कौशल निर्माण, सहपाठियों से सकारात्मक संबंध, तर्किक एवं विश्लेषण कौशल की दक्षता, निर्णय लेने,समस्या के समाधान, सकारात्मक संवाद कौशल विकसित करना के साथ-साथ स्वास्थ्य से सम्बंधित संसाधनों के बारे ऐसा जागरूकता एवं उन तक पहुच को बढाया जा सकेगा उपरोक्त सभी करक किसी न किसी रूप में विद्यालय परित्याग की घटनाओं में कमी, विद्यालय में छात्रो के ठहराव के अनुपात में बढ़ोतरी, छात्रो में एवं उनके मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने में मददगार सिद्ध हो सकता है। शिक्षा तकनीकी सहयोगी संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी -3) के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अविनाश कुमार, एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।कार्यक्रम में मंच संचालन की प्रमुख भूमिका शिक्षा तकनीकी सहयोगी संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी -3) के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अविनाश कुमार के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अंत में प्रवीण सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग द्वार सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## मंत्रियों को एकमुश्त वेतन मिलता है, किसानों को किश्तों में क्यों किया जाता है भुगतान : जयराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में डुमरी विधायक जयराम महतो ने राज्य सरकार की फसल मूल्य भुगतान की प्रक्रिया पर सवाल उठाया, विधायक ने पूछा कि जब मंत्रियों को एकमुश्त वेतन मिलता है, तो किसानों को उनके फसलों के मूल्य का भुगतान किश्तों में क्यों किया जाता है? इस सवाल का जवाब विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और सीएम हेमंत सोरेन ने सदन में दिया।मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया, हम किसानों से धान खरीदने के बाद उन्हें 50 प्रतिशत राशि तुरंत देते हैं, बाकी की राशि मिलिंग प्रक्रिया के बाद दी जाती है। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि बिचौलिये इसमें हस्तक्षेप न कर सकें और किसानों को उनका उचित मूल्य समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धान खरीदने की प्रक्रिया सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार की जाती है। कभी-कभी मिलिंग में देरी हो जाती है, जिसके कारण भुगतान में भी समय लगता है। हालांकि हम इस प्रक्रिया को सुधारने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं, राज्य में राइस मिलों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

## 2026 में बंगाल चुनाव को लेकर दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक, अंबा प्रसाद भी हुई शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, इंदिरा भवन में पश्चिम बंगाल में वर्ष 2026 में होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक दिन बृहस्पतिवार को हुई।उक्त बैठक में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सह प्रभारी अंबा प्रसाद, निरीक्षक आसफ अली खान सहित पश्चिम बंगाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल रहे।बैठक में आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई



और 2026 के लक्ष्य को लेकर कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

अंबा प्रसाद ने इस दौरान बैठक में अपने अनुभव और उसपे सुझाओं को साझा करते हुए आगामी चुनाव को लेकर व्यापक तैयारी करने की बात कही। वरीय नेताओं द्वारा अंबा प्रसाद को चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई। विदित हो कि अंबा प्रसाद के द्वारा लगातार पश्चिम बंगाल का दौरा किया जा रहा है क्योंकि वर्ष 2026 में चुनाव होना है जिसको लेकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद कड़ी मेहनत कर रही है।

## मंत्री सुदिव्य सोनू का फेसबुक आईडी हाईजैक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस उपाधीक्षक-सह-थाना प्रभारी, साईबर थाना, रांची में एक सनहा दर्ज किया गया है। शिकायत कर्ता ओम प्रकाश रमण, पिता स्व0 नेमीचन्द दास, पता अयोध्यापुरी, कोकर, रांची है। उसने लिखा है कि झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का फेसबुक पेज Sudivya Kumar Sonu का संचालन अधिकारिक रूप से करता हूँ। इस पेज में सुदिव्य कुमार सोनू एवं गोपाल विश्वकर्मा एडमिन है। लेकिन Sudivya Kumar Sonu Page Om Prakash Raman के आईडी से गायब हो गया और सभी



एडमिन पावर भी 12.03.2025 अपराह्न 6:00 बजे से समाप्त हो गया है। उसने उचित जांच करने की मांग रखी। फेसबुक पेज का एक्सेस दिलाने की मांग की है तथा इस फेसबुक पेज का अनाधिकृत उपयोग करने पर रोक लगाने की मांग की है।

# रातू रोड किशोरी यादव ऑटो स्टैंड का हुआ टेंडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ,प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया है कि 2025 का रातू रोड किशोरी यादव ऑटो स्टैंड का टेंडर रांची नगर निगम द्वारा बिनू सौरभ को दिया गया है और पिछले बार का ठेकेदार द्वारा 23 रुपया प्रतिदिन लिया जाता था परंतु रांची नगर निगम द्वारा रातू रोड ऑटो स्टैंड का टेंडर एक करोड़ 42 लाख में किया गया है, जिसके चलते ठेकेदार के आदमी द्वारा रातु रोड में चारों ओर से आने जाने वाले ऑटो चालकों, ई रिक्शा चालक से प्रति दिन 35 रुपया की नगर निगम का टोल टैक्स



रांची नगर निगम के नाम से लिया जा रहा है । जिसका विरोध झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ करता है और इस रोड वसूली मामले को लेकर 24 मार्च 2025 को रांची के एसपी रांची नगर निगम के नगर आयुक्त एवं यातायात अधीक्षक को भी महासंघ के ओर से लिखित आवेदन दी जाएगी, ताकि ऑटो एवं ई-रिक्शा चालको का अवैध वसूली महासंघ द्वारा बंद कराया जा सके और रातू रोड मैं ठेकेदार द्वारा 35 की वसूली की जा रही है। इसका विरोध में रांची रेलवे स्टेशन परिसर में महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री भोला सिंह द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा चुका है और हो सकता है तो सुखदेव नगर थाना एवं कोतवाली थाना रांची को भी लिखित आवेदन दी जाएगी साथ ही साथ प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव ने संयुक्त रूप से 22 मार्च 2025 का केंद्रीय सरना समिति द्वारा जो बंदी बुलाया गया है उसे बंदी का भी महासंघ पूर्ण समर्थन करता है ।

# छात्र-छात्राएं त्रस्त, विवि प्रशासन अपनी निद्रा में मस्त:आम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के विभिन्न समस्याओं को लेकर अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री गुरुचरण साहू से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने कहा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं त्रस्त हैं वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी घोर निद्रा में मस्त है। अभिषेक शुक्ला ने कहा के छात्र-छात्राओं का कहना है के विश्वविद्यालय में विगत 6 वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं।

उन्होंने कुलसचिव के समक्ष छात्र संघ चुनाव अभिलंब करवाने की मांग की, श्री शुक्ला ने कहा के विश्वविद्यालय के पीजी विभाग एवं अन्य महाविद्यालय में शिक्षकों की संख्या यूजीसी द्वारा तय मानक के अनुरूप न के बराबर है जिसका असर विश्वविद्यालय के naac ग्रेडिंग एवं यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर भी पर रहा है विश्वविद्यालय के पीजी विभागों में एवं महाविद्यालय में यूजीसी के मानक के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति अभिलंब करने की मांग की।

अबुआ अधिकार मंच के सदस्य के साथ छात्र-छात्राओं ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में संचालित यूजी एवं पीजी सत्र के विलंब से चलने पर भी चिंता जताते हुए सत्र को तय समय सीमा के अंदर संपन्न करने की मांग की ताकि यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अपने भविष्य की पढ़ाई की ओर बिना किसी कठिनाई के अग्रसर हो सके। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से- अभिषेक शुक्ला, बिपिन कुमार यादव, प्रियांशु शर्मा , विशाल कुमार यादव, रूफी प्रवीण, मनस्वी जयसवाल, आकाश नयन के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## ऑर्किड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में आयुषमान के नाम पर एक करोड़ रुपये का हुआ घोटाला, थाना पहुंचा मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के ऑर्किड सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल के सीनियर एक्जीक्यूटिव टीपीए कामख्या दुबे पर आयुष्मान भारत योजना के तहत एक करोड़ दस लाख रुपये के गबन करने की शिकायत लालपुर थाना में की गई है। यह शिकायत अस्पताल के एजीएम हृदय प्रसाद लक्ष्मण ने लगाया है। एजीएम हृदय प्रसाद के अनुसार, कामख्या दुबे ने वर्ष 2023 से 2025 के बीच आयुष्मान कार्ड धारकों के बिल का भुगतान अस्पताल में करने के बजाय फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर पैसे का गबन किया। आरोप है कि दुबे ने




एक करोड़ 10 लाख रुपये का हेरफेर किया। करीब 82 मरीजों के दावे आयुष्मान पोर्टल पर अपलोड ही नहीं किए गए थे। जब एजीएम ने इस पर दुबे से सवाल किया तो उसने पोर्टल में तकनीकी खराबी का बहाना बनाया। हालांकि, जब अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों से संपर्क किया, तो पता चला कि उनसे इलाज के नाम पर पैसे वसूले गए थे। इस संबंध में लालपुर थाना प्रभारी रुपेश ने बताया मामला दर्ज किया गया है। यह मामला दो दिन पहले की है। पुलिस इसमें जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री से मिले छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस देव



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचन्द्र सिंह और विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने किया दावत ए इफ्तार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन की ओर से चडरी तलाब स्थित पुलिस एसोसिएशन सभागार में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया ।

इस दावते इफ्तार में मुख्य रूप से डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, चांद खान डीआईजी सीबीआई , एसपी आरिफ इकराम,सादीक रिजवी, स्वास्थ्य सचिव आबू इमरान, आईएएस मुमताज अहमद फ़ैज़, हजारीबाग डीडीसी इश्तियाक



अहमद, नूर मुस्तफा जैप 1 डीएसपी , मुजीबुर रहमान डीएसपी मुख्यालय , अरमान उल हक प्रशिक्षु डीएसपी, परवेज आलम, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, सीआईडी से फरीद अहमद, गुलाम हसन, तकनीकी शाखा शाह फैसल, सबीउर रहमान, सादिक, लड्डुन आयोजन कर्ता झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू , प्रांतीय उपाध्यक्ष महताब आलम एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी व पुलिस मेंस एसोसिएशन अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह, महामंत्री रमेश्वर कुमार उरांव, समाजसेवी डा असलम परवेज़, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, औरंगज़ेब खान, पत्रकार परवेज़ कुरैशी, इमरान सहित कई लोग दावत ए इफ्तार में शामिल हुए।

## अल्पसंख्यक छात्रावासों के मरम्मती व जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.69 करोड़ की दी गई स्वीकृति : मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश के जल संसाधन व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने गुरुवार को कहा की अल्पसंख्यक विभाग द्वारा अल्पसंख्यक छात्रावास के मरम्मती एवं जीर्णोद्धार के लिए देवघर एवं जामताड़ा जिले में 4.69 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। अल्पसंख्यक छात्रावास बहुत ही पुराने व जर्जर स्थिति में होने की जानकारी उन्हें मिली थी। त्वरित संज्ञान लेते हुए मरम्मती कार्य का स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही आगे भी अन्य छात्रावासों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। राज्य में शेष बचे हुए छात्रावासों का जीर्णोद्धार अगले वित्तीय वर्ष में चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि देवघर महाविद्यालय परिसर स्थित एक सौ सैया वाले अल्पसंख्यक छात्रावास के मरम्मती कार्य के लिए 59.86 लाख, पालाजोरी प्रखंड के मदरसा स्थित 50 सैया वाले अल्पसंख्यक छात्रावास की मारुति कार्य के लिए 90.57 लाख रुपये, मधुपुर के पन्हाकोला स्थित 30 सैया वाले मदरसा के जीर्णोद्धार के लिए 63.09 लाख रुपये, 100



बेड वाले मदरसा जामिया रहमानिया मधुपुर के मरम्मती कार्य के लिए 99.49 लाख, मदरसा सिराजुल इस्लाम चंदवारी मधुपुर में 30 सैया वाले अल्पसंख्यक छात्रावास भवन की मरम्मती कार्य के लिए 39.60 लाख, लालगढ़ मदरसा मधुपुर में 50 सैया वाले छात्रावास भवन की मरम्मती कार्य के लिए 45.03 लाख एवं जामताड़ा जिले के अल्पसंख्यक छात्रावास फुकबंदी कर्माटांड़ में सोलर बेस्ड हाई मास्क लाइट स्ट्रीट लाइट के लिए 18.20 तथा 50 सैया वाले छात्रावास बिल्डिंग भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 52.69 लाख रुपये की स्वीकृति उनके निर्देश पर विभागीय सचिव ने प्रदान कर दी है।

# राज्यपाल को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना ने सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना गुरुवार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें झारखंड विधानसभा सभा कक्ष में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च, 2025 को विधायक अमित महतो की ओर से झारखंड विधान सभा परिसर में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग की गई है, जो अनुचित है। इस संबंध में पत्र के माध्यम से झारखंड विधानसभा के प्राधिकरण को भी पत्र प्रस्तुत किया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता मानने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है और यह विषय पूर्णतः काल्पनिक है। भूमिज आंदोलन को ही चुआड़ आंदोलन के रूप में जाना जाता है और इस संदर्भ में कई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं। साथ ही, रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता घोषित करने की सत्यता को चुनौती देते हुए नागरिक न्यायालय, रांची में एक मामला लंबित है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस विषय को लंबित रखा जाए।

## भाजपा मंडल प्रधान कार्यालय में बैठक आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के प्रधान कार्यालय में मंडल चुनाव के निमित्त एक आवश्यक बैठक आज रखा गया है। इस बैठक मे मंडल के चुनाव प्रभारी रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू जी उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ सिल्ली मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक बुथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र के प्रभारी सभी कि उपस्थिति अनिवार्य है।इसकी जानकारी सिल्ली मंडल अध्यक्ष ने दी है।

## चान्हो में 15वें वित्त के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर बर्खास्त

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में 15वें वित्त के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर इश्तियाक अनवर अंसारी को बर्खास्त कर दिया गया है। भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए को-ऑर्डिनेटर को हटाने की मांग चान्हो प्रखंड की 17 पंचायत के मुखिया लंबे समय से कर रहे थे। उन पर काम के प्रति लापरवाही बरतने, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता तथा आदेश की अवहेलना करते हुए मनमाने तरीके से काम करने का आरोप मुखिया संघ ने लगाया था। डीसी सह जिला दंडाधिकारी ने 12 मार्च 2025 को उन्हें एक महीने का अग्रिम मानदेय देते हुए नौकरी से सेवामुक्त करने का आदेश दिया।

## सरहुल पूजा महासमिति की बैठक संपन्न, शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक गुरुवार को सरना स्थल में संरक्षक राकेश कुमार भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरहुल पूजा की पूर्व संध्या, मुख्य पूजा एवं शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा नई समिति का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि 31 मार्च को सरहुल पूजा की पूर्व संध्या मनाई जाएगी, 1 अप्रैल को पूजा का आयोजन होगा और 2 अप्रैल को भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सरहुल पूजा महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव तथा उपाध्यक्ष बुधवा पहान, सुशील भगत, प्रवीण भगत, मनोज उरांव, विक्रांत उरांव, रजत उरांव, पंचम तिर्की, राजेश भगत, निर्मल तिर्की समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियां तय कीं। बैठक में शोभायात्रा की भव्यता, पारंपरिक रीति-रिवाजों के पालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने और सरहुल पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

## भाजपा ओरमांझी मण्डल की बैठक संपन्न

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ओरमांझी मण्डल कि आवश्यक बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में रखी गई! जिसमें नए मण्डल अध्यक्ष चुनाव पर रायशुमारी कि गई। प्रदेश द्वारा निर्देशित 4 नाम मांगा गया था। जिसमें सर्व समिति से अलख नाथ महतो, सुनील कुमार, शशि भूषण कुमार,किरण देवी एवं मंडल संयोजक राजधान साहू का चयन किया गया। इस बैठक के चुनाव प्रभारी सुरेन्द्र महतो ने कहा~9 मण्डल अध्यक्ष चयन के लिए 89 बूथों में 45 सक्रिय सदस्य एवं 45 बूथ समिति बनाना आवश्यक है। इसके बाद मण्डल अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।ओरमांझी मण्डल में 36 सक्रिय सदस्य एवं 17 बूथ समिति बने हैं। उन्होंने सभी पंचायत चुनाव प्रभारी को 2 दिनों के अंदर बना लेनी कि बात कही। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, रणधीर कुमार चौधरी, मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता, नरेश साहू,महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, सुनील कुमार, सिकन्दर महतो, राजधाम साहू, , शशि मेहता, राजेश गुप्ता,राजकिशोर साहू, नीलमोहन पहन,भीम मुंडा, चतुर साहू, बालक महतो, नन्द किशोर मुंडा, भानु प्रताप महतो,शंकर महतो, सोनाराम मुंडा,राजेंद्र चौधरी, सुनील उरांव, किरण देवी, ऊषा देवी, अमित राज, ओम प्रकाश साहू, नारायण साहू, संदीप उरांव, आकाश महतो,साईनाथ बेदिया, संतोष गुप्ता, कृष्ण महतो,अजय साहू, रामलखन महतो, अर्जुन सिंह कामेश्वर महतो, नंदलाल महतो, शिवचरण महतो, मनमोहन बेदिया,तेजू प्रजापति, चमरू प्रजापति, आफताब आलम, सिकन्दर महतो,गणेश महतो, विजय महतो, जगधन बेदिया,रामराज महतो,शामी नाथ मुंडा, दीपक यादव, संतोष करमाली, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चामा चण्डीस्थान चैत्र दुर्गा पूजा कमिटी का हुआ गठन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चामा चण्डीस्थान में चैत्र दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस बार भी धुमधाम से चैत्र दुर्गा पूजा मनाने क निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से पूजा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक तुलसी भगत, दिलीप साहु, गणेश लोहरा, अनिल गुप्ता, मुकेश यादव, उदय सिंह, रविन्द्र यादव, सुनील साव, सुजीत मुंडा, प्रदीप उरांव, परमेश्वर गंझू, प्रताप यादव, अध्यक्ष आनन्द भगत छोटु, उपाध्यक्ष सहदेव उरांव, राहुल लोहरा, सचिव पप्पू यादव, सह सचिव टिंकु गंझू, आकाश मुंडा, कार्तिक यादव, कोषाध्यक्ष विकास भगत, सह कोषाध्यक्ष बहादूर मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में अमित उरांव, कार्तिक यादव, सचिन उरांव, अंकित भगत, विशाल उरांव, रोशन लोहरा, नन्दलाल लोहरा, प्रमोद लोहरा, महादेव उरांव आदि को शामिल किया गया है।

## पिपरवार मे अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक कल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे शनिवार 22 मार्च को शाम 5~30 बजे कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा की बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के कामेश्वर राम ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।बैठक में क्षेत्र के सभी लोगों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## रमजान महीने का तीसरा जुमा आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रमजान महीने के तीसरे जुमे की नमाज आज अदा की जाएगी।जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कोयलांचल मे खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के कारण मस्जिदों में नमाज को लेकर विशेष तैयारी की गई है।ज्ञात हो कि रमजान के महीने में जुमे की नमाज का काफी महत्व होता है। इस दिन लगभग सभी मुसलमान मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं।पिपरवार के बचरा, राय,बहेरा,पुरानीराय, कल्याणपूर और न्युमंगरदारा सहित क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज को लेकर आज नमाजियों की काफी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

## डीएवी बचरा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ. आर.चौधरी और सह शिक्षकों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण एंव दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कैंप के दौरान अलग-अलग तरह की गतिविधियां बच्चों को करवाई गई,जिसमें मंत्रोच्चारण,खेल,चित्रकला, संगीत, योगा आदि गतिविधियां कराई गई। इसके साथ विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर. चौधरी ने कहा कि कौशल विकास के लिए शिक्षा में विस्तार की प्रक्रिया शामिल है,जो छात्रों को अधिक रोजगार योग्य बनने में मदद करती है और उन्हें आजीवन सीखने के लिए तैयार करती है।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से प्रतिदिन सैकड़ों महिलाएं पहुंच रही हैं प्रखंड कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि से वंचित सैकड़ों महिलाओं प्रखंड कार्यालय पहुंचे। तीसरा दिन था जब महिलाएं अपनी शिकायतें लेकर कार्यालय पहुंचीं, लेकिन उनकी परेशानियां जस की तस बनी रहीं। कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों को पीठ पर बांधकर तो कुछ रोजा रखकर कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें इस बार रू 7500 की राशि क्यों नहीं मिली। महिलाओं का कहना है कि पहले उन्हें रू1000 और रू2500 मिल चुके थे, लेकिन इस बार खाते में पैसे न आने से वे नाराज हैं।

**डीबीटी न होना सबसे बड़ी समस्या :** इस मुद्दे पर सामाजिक सुरक्षा के प्रखंड ऑपरेटर संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लाभुकों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सक्षम न होने के कारण पैसे नहीं आ पा रहे हैं। इसे लेकर रोज सैकड़ों महिलाएं बैंकों में डीबीटी का फॉर्म जमा कर रही हैं।

**प्रभावित गांवों की महिलाओं ने की शिकायत :** इस योजना की राशि न मिलने से परेशान महिलाएं घाघरा, ईटा, करांजी, टेरो, करकरी, खुखरा, दिघिया, मुरतो, टेरो, तुतलो, केसा, जरिया, हरिहरपुर जामटोली, नेहालू, चचकोपी, पुरियो, करंज टोली और अंबा टोली से आकर प्रखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा रही हैं। महिलाओं की मांग है कि यदि उनके फॉर्म में कोई त्रुटि है तो उसे जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रशासन की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे, यह देखने वाली बात होगी।

# जेनरिक फैमिली फाउंडेशन का बैठक सम्पन्न, हुआ कार्यकारिणी का पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** जेनरिक फैमली फाउंडेशन की एक बैठक सिल्ली (रांची) में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2025-28 के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमे मेसर्स सुखदा ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स रांची के मनीष कुमार वर्मा को पेट्रॉन, मेसर्स अंजनी मेडिकल एंड सर्जिकल रामगढ़ के शैलेंद्र कुमार सिंह को अध्यक्ष, सत्यम मेडिकल एजेंसी रांची के सत्येंद्र कुमार को सचिव, बीआर फार्मा बरहरवा के बसंत कुमार महतो को उपाध्यक्ष, श्री कृष्णा फार्मा खूंटी के रवि प्रकाश को संयुक्त सचिव, गौतम फार्मा रांची के विनीत कुमार जैन को चेयरमैन, प्रबंधन परिषद में जय भवानी मेडिकल एजेंसी गढ़वा के मनीष कुमार कश्यप चेयरमैन, अभय मेडिकल एजेंसी सिल्ली के अभय कुमार मांझी को समाजिक व मीडिया प्रभारी, प्राथना एजेंसी रांची के उमेश कुमार को कंपनी कार्य प्रभारी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जेनरिक फैमिली फाउंडेशन के कार्य और उद्देश्य यह है कि जेनरिक फैमिली फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाने और दवाइयों को सभी के लिए किफायती बनाने के लिए कार्यरत एक संगठन है। यह संगठन सामाजिक और आर्थिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता और सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं वक्ताओं ने कहा कि संगठन की सभी गतिविधियों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करना। सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देना। संगठन के उद्देश्यों और मान्यताओं को मजबूती प्रदान करना। नई कार्यकारिणी फाउंडेशन की प्रगति और उद्देश्य-पूर्ति के लिए अपने प्रयासों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

## रामनवमी व चैती दुर्गा पूजा को लेकर पुजा समिति की बैठक



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** : ओरमांझी पुजा समिति व ग्रामीणों की बैठक दुर्गा महादेव ओरमांझी ओरमांझी परिसर में समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में रामनवमी पुजा झण्डा मिलन समारोह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी के साथ चैती दुर्गा दुर्गा के सफल आयोजन करने के लिए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया और इसके सफल आयोजन के लिए अलग अलग टीम बना कर सभी कामों की अलग-अलग जिम्मेदारी देने व इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का निर्णय लिया गया साथ ही दो मंगलवार को मंगलवारी शोभा यात्रा निकालने का भी निर्माण लिया गया इसके साथ ही समिति के कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू ने होली पर आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किए वहीं रामनवमी पुजा को लेकर 23 मार्च रविवार को ओरमांझी प्रखंड स्तरीय महावीर मण्डलों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया बैठक का संचालन समिति के सचिव दीपक बडाईक व धन्यवाद ज्ञापन शशी मेहता ने किया बैठक में पुजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो सचिव दीपक बडाईक कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर संतोष कुशवाहा साहू राजेश गुप्ता सतीश बड़ाईक दिनदयाल लोहार मुण्डा संतोष गुप्ता प्रयाग महतो आनन्द महतो नीरज पाण्डेय शशी मेहता रूपेश साहू राजेंद्र साहू प्रभुदत महतो रामचन्द्र साहू शंकर लाल गुप्ता सीताराम महतो सीता राम लाल गुप्ता प्रदीप साहू मिथलेश पाण्डेय नीरज सोनी नमल महतो नीलू चौधरी विजय पाण्डेय रोहन वमण मनोज महतो मनोज गुप्ता पवन साहू मुकेश महतो राजकिशोर शुक्ला लक्ष्मी महतो सुरेश साहू अर्जून महतो विजय महतो राजगौरव तिवारी किशोरी महतो जमुना साहू भोली नायक कृष्णा महतो राजकुमार लहेरी राजू चौरसिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे

## नवनिर्वाचित सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल को बजरंग दल ने किया सम्मानित

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रागंण में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा विश्व हिंदू परिषद पिपरवार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मंडल को पिपरवार मंडल का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर खुशी प्रकट किया गया।समारोह मे सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल को भगवा गमछा ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।साथ ही सभी के बीच मिठाई का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताया।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है,उस दायित्व को पूर्णरूप से निभाने का प्रयास करेगे और पिपरवार मंडल के हर तरह की समस्याओं के निदान के लिए सांसद महोदय को अवगत कराते रहेगे,जिससे यहां की समस्याओं का निदान हो सके।इस मौके पर सुनील प्रसाद,पप्पू सोनी,मुकेश राणा, नंदकिशोर कुमार,राजा बाबू,राजकुमार,अक्षय सिंह,शिवपूजन चौहान,छोटन बंगाली,शंकर सिंह चेरो,मुकेश कुमार,सुमन सोनी,नवीन साहू, शिवम कुमार शाह,मिथुन सिंह,मुरारी मोदी, मनोज कुमार, लाल बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री श्री बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय महायज्ञ में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 1008 बजरंगबली मंदिर शासनबेड़ा में गुरुवार को तीन दिनी महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। 251 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार राजाडेरा मुखिया सीमा देवी ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया। महिलाओं ने नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि यज्ञ हमारे मन,जीवन और आत्मा को शुद्ध करता है। ईश्वर की साधना और अध्यातम मानव जीवन को मुक्ति मार्ग की ओर ले जाता है। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संदीप महतो ने बताया कि शुक्रवार को अखंड हरिकीर्तन व शनिवार को भंडारा और जगराता के साथ इस महायज्ञ का समापन हो जाएगा। मौके पर सचिव जगन्नाथ महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो सहित अन्य ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल हुए।

## अंबेडकर विचार मंच के प्रतिनिधिमंडल मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक से मिला

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबेडकर विचार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा के नेतृत्व में मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से मुलाकात किया। इस दौरान मंच की ओर से आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में उन्हे आमंत्रित किया गया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने क्षेत्र के सामाजिक सरोकार को सीएसआर के तहत विकसित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, रवि उरांव, रवीन्द्रनाथ चौधरी, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, सुधीर सिंह, फिरोज अंसारी, श्यामजी महतो, शंभूनाथ गंझू उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** तमाड़ में अखंड हरिराम सहकीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली महिलाएं।तमाड़ प्रखंड के नीचेटोली स्थित श्री श्री श्याम चांद मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम सहकीर्तन का शुभारंभ हो गया है। इस भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान की शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा तमाड़ बड़ा तालाब से शुरू कर ग्राम भ्रमण करते हुए मन्दिर परिसर पहुंचा। पूरे ग्राम में भक्तिमय माहौल बना रहा, और हर ओर भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंज उठी। संकीर्तन का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें निरंतर हरिनाम संकीर्तन होगा. इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन और संकीर्तन के माध्यम से ईश्वर के नाम का गुणगान करेंगे। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से भी भक्तों के आने की संभावना है। भक्तगण इस अवसर पर भक्ति भाव से सराबोर होकर संकीर्तन में भाग ले सकते हैं।

## ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, 15 वर्षीय बादल कुमार की घटना स्थल पर मौत



**बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना क्षेत्र के डिहवाटोली घाटी में एक दर्दनाक घटना घाटी है, जिसमें आज सुबह एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें 15 वर्षीय बादल कुमार की घटना स्थल में ही मौत हो गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना चौकीटांड निवासी बादल कुमार के लिए घातक साबित हुई, घटना के समय, ट्रेक्टर में दो नाबालिग भाई सवार थे - प्रकाश कुमार (17 वर्ष) जिसमे प्रकाश कुमार को गंभीर चोटें आई और उन्हें बुढ़मू में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दुर्भाग्य से, बादल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। 10 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## शिव पूजा समिति नवागढ़ का पुनर्गठन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव पूजा समिति नवागढ़ का पुनर्गठन मंडा पूजा को लेकर बुधवार को किया गया।इस दौरान समिति के अध्यक्ष गौतम करमाली, सचिव विजेन्द्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रुसुवा मिर्धा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल गोस्वामी, मन रतन करमाली, महासचिव मंटू मिर्धा , वहीं संरक्षक के रूप में कपिल सिंह संजय उपाध्याय, कमलेश करमाली, विवेकानंद शाही, दिलीप मिर्धा अनिल हजाम, विद्याधर दास गोस्वामी, ओम कुमार संगवार, हरिदास गोस्वामी,मनोज करमाली ,शंकर करमाली, महे श्याममिर्धा, दुतिया मिर्धा, धनश्याम मिर्धा, अमित शाही, बबलू शाही कांता प्रसाद शाही समिति के पदाधिकारी नियुक्त किए गए।

## गौरव, गर्व और ऐतिहासिक क्षण : शाकिर अंसारी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर,साथ ही नासा के निक हैग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव, नौ महीने के लंबे मिशन के बाद पृथ्वी पर वापस लौटे हैं। जे एल के एम नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी शाकिर अंसारी ने उनकी सुरक्षित वापसी को गौरव,गर्व और राहत का क्षण बताया है। शाकिर अंसारी ने बताया कि सुनीता विलियम्स और उसके साथी अंतरिक्ष वीर, पृथ्वी पर वापस लौट आए हैं। वैज्ञानिकों को बहुत बधाई। मानव की बुद्धि और तंत्रज्ञान क्या कर सकता है, इसका यह उदाहरण है। नौ महीने पूरी दुनिया चिंतित थी, लेकिन मानवी प्रज्ञा जीती है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। वहीं, उन्होंने कहा गौरव,गर्व और राहत का क्षण। पूरा विश्व भारत की इस शानदार बेटी की सुरक्षित वापसी का जश्न मनाने के लिए एक साथ आया है,जो अंतरिक्ष की अनिश्चितताओं को सहन करने के साहस,दृढ़ विश्वास और स्थिरता के लिए इतिहास में दर्ज हो गई है। बता दें कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर,साथ ही नासा के निक हैग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव,नौ महीने के लंबे मिशन के बाद पृथ्वी पर वापस लौटे हैं।एस्ट्रोनॉट्स को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा सुरक्षित रूप से फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया। धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्रियों को एक सुंदर और अप्रत्याशित अनुभव हुआ। उनका स्वागत डॉल्फिन ने किया। ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन कैप्सूल के आसपास तैरते हुए देखे गए। यह एक लगभग जादुई क्षण था जब डॉल्फिन ने ड्रैगन कैप्सूल के चारों ओर चक्कर लगाया, इससे पहले कि इसे रिकवरी पोत पर रखा जाता। रिकवरी टीम ने कैप्सूल के साइड हैच को सावधानी से खोला, जो सितंबर के बाद से पहली बार खुला था। अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया और 45 दिनों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया। क्रू-9 की पृथ्वी पर वापसी में अपनी चुनौतियां थीं।

## चीलटोली घर में हुए चोरी मामले पर चोरी के समान, नगद सहित तीन गिरफ्तार

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के कन्दरी मोड चीलटोली घर में हुए चोरी मामले पर मांडर पुलिस ने गुरुवार को 3 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक खलारी आर एन चौधरी ने बताया कि 11 मार्च को घर में चोरी को लेकर बालकुमार साहू के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था जिसमें सोना चांदी सहित लाखों रुपए नगद और सामान की चोरी की जानकारी दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लगातार हर पहलू पर जांच की और आखिरकार इस मामले में चोरी किए गए सामानों सहित 2 लाख 11 हज़ार 500 नगद के साथ 3 अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की जिनको आज जेल भेजा जा रहा है

# एजुकेशन कमिटी का हुआ गठन, मोहसीन आलम बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखंड स्तरीय एजुकेशन कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मोहसीन आलम को अध्यक्ष बनाया गया। कमेटी के अध्यक्ष बनने पर मोहसीन आलम ने कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से अदा करेंगे.प्रखंड स्तर पर शिक्षा के स्तर को ऊंचा लाने के लिए संगठन के सदस्यों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों को साथ लेकर एजुकेशन कमिटी आगे बढ़ेगी,छात्र-छात्राओं की बेहतर भविष्य बनाने एंव शिक्षा ग्रहण करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने की भरपूर कोशिश की जाएगी,यह संगठन शिक्षा,शिक्षण संस्थान एवं छात्र के बीच काम करेगी, छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने एवं गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करेगी.वहीं अंत में कमेटी ने फैसला लिया कि प्रखंड स्तर के सभी पंचायत गांव टोला मोहल्ला में कमेटी के सदस्य बनाए जाएंगे.इसके अलावा कमेटी का विस्तार भी बहुत जल्द किया जाएगा।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप एसआईपी

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी / कोटक म्यूचुअल फंड) ने आज छोटी सिप (एसआईपी) सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के स्वराज यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में स्वराज यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म स्थल उलिहातू से प्रदेश चेयरमैन सुनीत शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह उपस्थित हो कर यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह यात्रा 22 मार्च को बापू वाटिका, मोहरावादी मैदान रांची पहुंच कर समापन होगा। इस पदयात्रा में पवन कुमार बबलू चेयरमैन पूर्वी सिंहभूम पंचायती राज संगठन, सतीश पाल मुंजनी, शांतनू मिश्र, अनुप्रिया सोय भी शामिल हुए।

## नरभेरम हंसराज स्कूल में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्राष्ट्रीय हैप्पीनेस डे पर नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन हुआ। सत्र का उद्देश्य छात्रों के बीच भावनात्मक लचीलापन, तनाव प्रबंधन और समग्र मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रख्यात अतिथि वक्ताओं, डॉ. सुप्रभा डे, एमिटी यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशन लखनऊ की सहायक प्रोफेसर और दुर्गा डी पाठक, प्रबंधन विशेषज्ञ जिन्होंने मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध में टाटा स्टील में 37 वर्षों तक काम किया, इंटरैक्टिव और प्रेरक कार्यशालाओं में शामिल थीं। प्रिंसिपल परमिता रॉय चौधरी ने स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल के अध्यक्ष नकुल कमानी थे। सत्र की शुरुआत रोटरी क्लब ऑफ़ जमशेदपुर, स्टील सिटी की अध्यक्ष शिवानी गोयल ने की।

## पांडरा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, छऊ नृत्य ने बांधा समां



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत पांडरा गांव में बुधवार को रात भर मानभूम छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जबकि दिन में झुमुर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम के झुमुर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मोहित कर दिया। वहीं बंगाल के छऊ कलाकारों ने रात भर दर्शकों को झूमने पर मजबुर कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव व आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया।

## कोमात्सु कंपनी ने साकची हाई स्कूल को प्रदान किए 13 कंप्यूटर और अन्य उपकरण



**जमशेदपुर :** जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी कोमात्सु ने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत जमशेदपुर स्थित साकची हाई स्कूल को 13 उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान की। स्कूल के पूर्व छात्र सोमनाथ चक्रवर्ती, जो वर्तमान में कोमात्सु कंपनी में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, ने यह सामग्री स्कूल प्रबंधन को हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी स्कूल के विकास में हर संभव सहयोग करेंगे। साथ ही, उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से विद्यालय के उत्थान में योगदान देने की अपील की।

## मज़ेदार गेम्स खेल जीतीं मटर, गोभी व टमाटर की माला



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटना वीमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन (पीडब्ल्यूसीएए) जमशेदपुर द्वारा सोनारी स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सदस्यों ने एक दूसरे से अबीर की होली खेली, होली पर आधारित नाच गाना के साथ लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ़ लिया। कई मजेदार गेम रखे गए थे जिसमें विजेताओं को मटर-टमाटर की माला पहनाई गई और सदस्यों को उपहार स्वरुप गोभी, कद्दू आदि सब्जियां दी गई। एसोसिएशन की सचिव पूनम माहथा, अध्यक्ष विद्या तिवारी के अलावा मंजू सिंह, सुमिता आनंद, जूही समर्पिता, आशा सिन्हा, रूबी सिन्हा, सुधा राय, दीपाली डोकानिया, अनुपमा सहगल, प्रतिमा सिन्हा, शिल्पी सिन्हा दत्ता एवं निधि श्रीवास्तव ने इस आयोजन का आनन्द लिया।

## टाटा स्टील चिड़ियाघर ने शहर के लोगों से दो बाघों का नाम किया आमंत्रित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील चिड़ियाघर ने जमशेदपुर के नागरिकों को उन दो बाघों (एक नर और एक मादा) का नाम बताने के लिए आमंत्रित किया है जो गुरुवार, 13 मार्च को चिड़ियाघर में आए थे और 30 दिवसीय क्वारंटाइन में हैं। जमशेदपुरवासी दोनों बाघों के नाम 26 मार्च बुधवार तक एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से 8709572018 पर भेज सकते हैं, जिसमें प्रेषक का नाम और रहने का स्थान भी शामिल है। एक चयन प्रक्रिया होगी और सबसे सार्थक नाम 1 अप्रैल को दो बाघों को दिया जाएगा। विजेता प्रविष्टियों के प्रेषकों को विधिवत सूचित किया जाएगा और उन्हें चिड़ियाघर के घूमने के लिए चार पास दिया जाएगा।

# पटमदा में पीएम आवास के निर्माण में गड़बड़ी स्वीकृति किसी के नाम, बन गया किसी और का

**- जेएलकेएम ने बीडीओ से की जांच व दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत कमलपुर पंचायत में पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया गया है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) से जुड़े कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में पहुंचे एक लाभुक ने बीडीओ से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें कमलपुर पंचायत के चड़कपाथर गांव निवासी चैतन महतो ने बताया है कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2017- 2018 में चैतन महतो, पिता - लघु महतो के नाम स्वीकृति मिली थी। जिसका आईडी जेएच 1294754 है। 2011 के एसईसीसी डाटा के आधार पर उनका चयन हुआ था लेकिन उन्हें 8 वर्षों के बाद भी आवास प्राप्त नहीं हुआ। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पोर्टल पर आवास योजना पूर्ण दिखाया जा रहा है। इसके कारण उन्हें अब तक न तो पीएम आवास या अबुआ आवास योजना का लाभ मिला है और न ही मिलने की उम्मीद भी है। जबकि उनका पूरा परिवार खपरैल के कच्चे मकान में रहने को विवश हैं। उनका दावा है कि उनके नाम स्वीकृत पीएम आवास का लाभ गांव के ही एक अन्य व्यक्ति को मिला है और उसने मकान भी बनवा लिया है। पीड़ित चैतन महतो का



कहना है कि पिछले 7 सालों से वह प्रखंड व पंचायत कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन किसी ने भी आज तक उनकी मदद नहीं की। थक हारकर जेएलकेएम नेता फनी महतो से मिलकर घटना की जानकारी दी तो उन्होंने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के समक्ष मामले को उठाया। बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी। इस संबंध में फनी महतो ने कहा कि तत्कालीन पंचायत सेवक द्वारा पूरे पंचायत में इस तरह की कई योजनाओं में गड़बड़ी करते हुए गरीबों का हक मारने का काम किया है और प्रखंड कार्यालय के कर्मचारियों ने भी उनका साथ दिया है। उन्होंने कहा कि बीडीओ से जांच कराने एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है अगर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी की ओर से प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो 23 मार्च को पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो को भी जानकारी दी जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

बीडीओ से मिलने वालों में प्रखंड सचिव मृत्युंजय महतो, फूलचांद मुर्मू व अमृत महतो आदि उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिले विधायक दशरथ गागराई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई गुरुवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी मौजूद रहे। विधायक ने सीएम से कल्याण विभाग के कुचाई व खुंटपानी के बड़ाचिरु स्थित अस्पताल में चिकित्सक समेत सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग की। विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं होने से हो रही परेशानी से भी अवगत कराया। साथ ही खरसावां, कुचाई व खूंटपानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की पदस्थापना करवाने, खरसावां के हरिभंजा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की पदस्थापना करवाने, इसके अलावे खरसावां के आमदा में अधुरे पड़े 500 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने की मांग की। दूसरी ओर विधायक ने विधानसभा में शून्य काल के दौरान कुचाई के कल्याण



अस्पताल में चिकित्सकों की कमी का मामला भी उठाया। विधायक दशरथ गागराई ने इस पर राज्य सरकार ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कल्याण विभाग से संबंधित कुचाई के मेसो ग्रामीण अस्पताल कुचाई का संचालन एक संस्था द्वारा किया जा रहा है। अस्पताल में केवल आयुष चिकित्सक ही पदस्थापित है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की साप्ताहिक सेवा भी बंद कर दी गयी है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मेसो ग्रामीण अस्पताल कुचाई में चिकित्सकों की पदस्थापना करवाने की मांग की है।

## प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का किया गया आयोजन, किया गया विचार : विमर्श

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** झामुमो केन्द्रीय कमेटी के निर्देशानुसार गुरुवार को राजनगर के आदिवासी कला एवं संस्कृतिक भवन बाघरायसाई में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अतिथि के रूप में जिला संयोजक मंडल प्रमुख सह पूर्व जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, सदस्य सह केन्द्रीय कमेटी सदस्य कृष्णा बास्के, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गणेश महाली, भुगलू उर्फ डब्बा सोरेन, गणेश चौधरी, बिशु हेम्ब्रम, दशमत मार्डी, देवनाथ सिंह सरदार, उदय बांकिरा, जगदीश महतो, सुबल महतो व रामसिंह हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे। मौके पर कृष्णा बास्के ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता सर्वोपरी होता है। कार्यकर्ता के बिना संगठन चलाना संभव नहीं है। गणेश महाली ने कहा कि झामुमो के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक परिवार की तरह है। देवनाथ सिंह सरदार ने कहा कि झारखंड की सत्ता झामुमो के हाथ में है, हमलोगों की जिम्मेवारी भी अधिक



है। सम्मेलन के दौरान ही राजनगर प्रखंड कमेटी के गठन विचार-विमर्श किया गया। प्रखंड कमेटी में अध्यक्ष पद के लिए 5, सचिव पद के लिए 5 एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 5 दावेदारों का नाम लिया गया। सभी नामों को जिला संयोजक मंडली प्रमुख के माध्यम से केन्द्रीय कमेटी को भेजा जाएगा। केन्द्रीय कमेटी के निर्णय से ही अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के नाम की घोषणा होगी। इस अवसर पर तपस बिसोई, रिंकु राउत, घनश्याम महाकुड़, भरत महाकुड़, सुखलाल मुर्मू, राजाराम सरदार, दिकु मार्डी, दिलीप महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नक्सलियों से लड़ने वाले नासुस के आश्रितों को नौकरी और मुआवजे दे सरकार : संजीव सरदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले नागरिक सुरक्षा समिति (नासुस) के सदस्यों और उनके परिवारों की उपेक्षा पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में कड़ा सवाल उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि शहीद नासुस सदस्यों के आश्रितों को तत्काल नौकरी और मुआवजा दिया जाए। साथ ही मार्च 2024 से बंद किए गए उनके मानदेय को भी फिर से शुरू किया जाए। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि 2003 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. अरुण उरांव के नेतृत्व में गठित नासुस ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान कई सदस्यों ने अपनी जान गंवाई, लेकिन उनके परिवारों को अब तक किसी तरह की सरकारी मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग राज्य की सुरक्षा के लिए बलिदान दे चुके हैं, उनके परिवार आज भी उपेक्षा के शिकार हैं। विधायक ने कहा कि नासुस के सदस्यों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सरकार और पुलिस प्रशासन का साथ दिया था। उनके बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में जल्द से जल्द संज्ञान ले और सभी आश्रितों को राहत पहुंचाए।

**बंद मानदेय फिर से शुरू करने की मांग :** संजीव सरदार ने कहा कि नासुस के बचे हुए सदस्यों को जो मामूली मानदेय दिया जाता था, उसे भी मार्च 2024 से रोक दिया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि यह मानदेय फिर से जल्द से जल्द बहाल किया जाए, ताकि नासुस के सदस्य सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## पोटका की लड़कियों ने किया जमशेदपुर फुटबॉल क्लब का एक्सपोजर विजिट

**- खेल के माध्यम से जेंडर और पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) एवं क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में जाकर पोटका प्रखंड की युवा लड़कियों ने क्रॉस लर्निंग विजिट किया। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने क्रॉस लर्निंग विजिट के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि लड़कियां समझे, अनुभव करें, अपने आप को तैयार करें कि वे भी अपनी पहुंच व पहचान बन सकती है , लेकिन कई बार जेंडर, खेल और शारीरिक राजनीति की वजह से उनका खेल एवं जीवन



प्रभावित होता है। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के महाप्रबंधक प्रशांत के प्रति अवसर उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया। जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के प्रवीण कुमार ने विस्तार से लड़कियों को अलग-अलग खेलों के बारे में बारे में बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा के सदस्य अंजना देवगम, चांदमनी सवैया ,अवंती सरदार, जसंती सरदार व रतन ने सहयोग किया ।

## बिटोत्सव-25 का भव्य शुभारंभ, 'अभिनंदन' समारोह में झलकी सांस्कृतिक छटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बीआईटी सिंदरी के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'बिटोत्सव' 25 का उद्घाटन समारोह 'अभिनंदन' बड़े ही धूमधाम से जीपी बिरला ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार रहे। समारोह में कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना और छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह का शुभारंभ संगीत क्लब 'ध्वनि' की भावपूर्ण और मधुर संगीत प्रस्तुति से हुआ। इसके उपरांत संस्थान के डांस क्लब द्वारा रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। एहसास ड्रामैटिक सोसायटी द्वारा एक माइम प्रस्तुति दी गई, जिसमें सामाजिक विषयों को भावहीन अभिनय के माध्यम से सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा छोटानागपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने स्थानीय संस्कृति की झलक को मंच पर सजीव कर दिया।



दीप प्रज्वलन के पश्चात डॉ. भास्कर कर्ण ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और संस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने 'बिटोत्सव'25' के महत्व और इसकी प्रेरणादायी भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में डॉ. नीरज गांधी की उपस्थिति ने विशेष रंग भर दिया। उन्होंने अपनी भावपूर्ण ग़ज़ल प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।समारोह के अंत में बिटोत्सव के संकाय समन्वयक डॉ. अमित तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड ने साकची हाई स्कूल को दी 13 लाख की अनुदान राशि

**- विद्यालय के विकास में होगा खर्च, अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई को चल रही प्रक्रिया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची हाई स्कूल में ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड कंपनी ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत बृहस्पतिवार को स्कूल प्रबंधन को 13 लाख 30 हजार रुपए का अनुदान दिया। यह राशि स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दी गई है। इस अवसर पर ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड के सीएमडी और साकची हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी, निदेशक मंडल के सदस्य श्यामली मुखर्जी, बिप्लव मुखर्जी, मौमिता मुखर्जी और श्याम सुंदर ने स्कूल प्रबंधन समिति को चेक सौंपा। विकास मुखर्जी ने बताया कि बीते तीन वर्षों में ऑटो प्रोफाइल कंपनी द्वारा स्कूल विकास कार्यों के लिए कुल 55 लाख रुपए का सहयोग दिया जा चुका है। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों (एलुमनी)



और जमशेदपुर के कॉरपोरेट घरानों से स्कूल के विकास कार्यों में आगे आने की अपील की। साकची हाई स्कूल में वर्तमान में हिंदी और बांग्ला माध्यम से पढ़ाई होती है, लेकिन आगामी दिनों में अंग्रेजी माध्यम से भी पढ़ाई शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रवीर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय चक्रवर्ती, प्रधानाध्यापक प्रणब कुमार घोष, पूरबी घोष, कौशिक डे, कुणाल कर, शांतनु बोस, सुभेंदु विश्वास, शिवानी घोष, सुब्रतो सहित स्कूल के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मानगो की समस्या को लेकर कांग्रेस नेता अंसार ने तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल ने मानगो नगर निगम के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार के नाम तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। अंसार खान ने बताया क्रॉस रोड नंबर 14 आफरीन टावर के पीछे कई बार एप्लीकेशन लिखने के बावजूद अभी तक नाली बनाने का काम शुरू नहीं किया गया। दूसरी और जवाहर नगर रोड नंबर 13 में लगभग 600 फीट नाली बनाना जरूरी है। क्योंकि वहां पर बिन बारिश भी गंदा पानी बस्ती के घरों में घुस जाता है और मानगो क्षेत्र में जहां-जहां नाली जाम पड़ी हुई है और जहां कचरे का अंबार है और जहां-जहां स्ट्रीट लाइटें खराब है उन्हें तुरंत ठीक कराया जाए। सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद ने आश्वासन दिया कि क्रॉस रोड नंबर 14 आफरीन टावर के पीछे का काम हफ्ते या 10 दिन के अंदर नाली बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। आज मांग पत्र सौंपने में नूर आलम, शहजाद खान, नूरु जमा, आफताब आलम, सगीर हुसैन, मोहम्मद नसर, नौशाद आलम, मोहम्मद मजीद, खुर्शीद आलम, मोहम्मद सरफराज, ओंकार, शहजाद खान व आदिल खान मौजूद थे।

## टाटा स्टील ने फर्नेस ऑयल की जगह क्लीनर फ्यूल अपनाया, भारत के फेरोक्रोम उद्योग में पहली पहल

**- बीपीसीएल टाटा स्टील के फेरो एलॉयज प्लांट को पीएनजी की आपूर्ति करेगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने ओड़िशा के जाजपुर जिले में स्थित अपने फेरो एलॉयज प्लांट (एफएपी) में फर्नेस ऑयल की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू किया है। यह सतत पहल, जो भारत के फेरोक्रोम उद्योग में अपनी तरह की पहली है, टाटा स्टील को कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद करेगी और देश के हरित औद्योगिक भविष्य की दिशा में



महत्वपूर्ण योगदान देगी। पीएनजी सुविधा का उद्घाटन करते हुए पंकज सतीजा, (एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, एफएएमडी) ने कहा कि फर्नेस ऑयल को पीएनजी से बदलकर, हम न केवल ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि कम कार्बन फुटप्रिंट वाले ऊर्जा विकल्पों की ओर भी बढ़ रहे हैं। टाटा स्टील ने सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी तेल और गैस कंपनी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे ताकि पाइप्ड नेचुरल गैस की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एफएपी जाजपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बीडी नंदा (चीफ-ऑपरेशंस, एफएपी जाजपुर, एफएपी गोपालपुर, एफएपी आथागढ़), आलोक कुमार पांडा (हेड, एफएपी जाजपुर), गणेश मिश्रा (हेड, ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर, एफएएमडी), रवनीत सिंह (टेरीटरी मैनेजर, गैस), राजेश नायक (एसोसिएट इंजीनियर) और अस्मान सामल (एक्जीक्यूटिव, बीपीसीएल, ओडिशा) सहित टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

# वक्फ का जंतर-मंतर

**वक्फ** बिल के मुद्दे पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और हिंदू संगठन एक-दूसरे के खिलाफ आंदोलित हैं। राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर दोनों ने अपने-अपने मोर्चे खोले। मुस्लिम पक्ष के तेवर काफी उग्र हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने कहा है कि सरकार वक्फ बिल के जरिए संविधान पर बुलडोजर चलाना चाहती है। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा है कि यह सांप का बिल है, जिसमें जहर भरा है। सांसद ओवैसी अपने तल्ख संबोधनों में मुसलमानों को डराते और भडक़ाते रहे हैं कि यदि वक्फ बिल संसद में पारित हो गया, तो हुकूमत हमारी मस्जिदें छीन लेगी, दरगाहें तोड़ देगी और कब्रिस्तान पर भी कब्जा कर लेगी। अजीब आंदोलन है यह! यही नहीं, 'शाहीन बाग' सरीखे नए आंदोलन तक की धमकी दी जा रही है। वक्फ संशोधन बिल ईद के बाद, बजट सत्र के अंतिम भाग में, संसद में पेश किया जाना प्रस्तावित है। लोकसभा स्पीकर ने, सरकार का आग्रह मानते हुए, जिस संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया था, उसकी भारी-भरकम रपट लोकसभा में रखी जा चुकी है। जेपीसी के 31 सांसद-सदस्यों में विपक्ष के भी पर्याप्त सांसद थे, लिहाजा ये दलीलें बेमानी हैं कि उनके पक्ष और संशोधन अनसुने रखे गए हैं। संसद के भीतर भी तमाम संशोधन बहुमत या ध्वनि मत के आधार पर ही पारित किए जाते हैं। यदि जेपीसी में भी यही प्रणाली इस्तेमाल की गई है, तो विपक्ष की आपत्तियां चीखा-चिल्ली के अलावा कुछ और नहीं हैं। कार्यपालिका और विधायिका को सदन में किसी भी मुद्दे या कानून में संशोधन करने के संवैधानिक विशेषाधिकार हैं। सदन में मुस्लिम और उनके समर्थक दलों-सपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस आदि-के सांसद भी हैं। वे संसदीय बहस में शिरकत करें। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मु_ी भर नेता प्रस्तावित बिल को 'अल्लाह' और 'इस्लाम' के खिलाफ करार क्यों दे रहे हैं? वक्फ बोर्ड की जमीनें और संपत्तियां अल्लाह के नाम पर अर्जित की गई होंगी, लेकिन उनमें गहरे विवाद हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय को 2023 में 148 शिकायतें मिली थीं, जिनमें अधिकतर मुसलमानों की ही थीं। आज भी 40,951 मामले ट्रिब्यूनल या अदालतों में लंबित हैं, लिहाजा संशोधन क्यों न किया जाए? हम तो देश में वक्फ बोर्ड सरीखे मजहबी संगठनों के अस्तित्व के ही खिलाफ हैं। देश में सरकार और प्रशासन के लोकतांत्रिक ढांचे को जनादेश प्राप्त है। वक्फ कानून में संशोधन होते रहे हैं, लेकिन इसकी निरंकुशता पर लगाम नहीं लगाई जा सकी है। देश में 9 लाख एकड़ से अधिक जमीन वक्फ बोर्ड के अधीन है, जो रेलवे और सेना के बाद सर्वाधिक है। करीब 8.7 लाख संपत्तियों की सालाना आमदनी मात्र 200 करोड़ रुपए बताई जाती रही है, जबकि सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, यह आमदनी 12,000 करोड़ रुपए से अधिक होनी चाहिए। सवाल है कि इसमें भारी घोटाला है अथवा भू-माफिया की एक जमात हकीकत को छिपाए रखना चाहती है? विडंबना यह है कि 1.26 लाख करोड़ रुपए, 2023-24 के आकलन के मुताबिक, की संपत्तियों वाले वक्फ के मुस्लिम समाज में आज भी करीब 32 फीसदी अनपढ़ और 30 फीसदी गरीब मुसलमान हैं। वक्फ बोर्ड ऐसे मुसलमानों की मदद क्यों नहीं करते? जब आंदोलन की नौबत आ गई है, तो रमजान के महीने में भी रोजेदार मुसलमानों को सडक़ों पर उतरने के आह्वान किए जा रहे हैं। दरअसल वक्फ बोर्ड संविधान के अनुच्छेदों 25 और 26 की अवहेलना करता है। संशोधन की जरूरत इसलिए है, ताकि एक निश्चित व्यवस्था के तहत वक्फ के बेहतर ऑडिट किए जा सकें।

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर दोनों ने अपने-अपने मोर्चे खोले। मुस्लिम पक्ष के तेवर काफी उग्र हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने कहा है कि सरकार वक्फ बिल के जरिए संविधान पर बुलडोजर चलाना चाहती है। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा है कि यह सांप का बिल है, जिसमें जहर भरा है। सांसद ओवैसी अपने तल्ख संबोधनों में मुसलमानों को डराते और भडक़ाते रहे हैं कि यदि वक्फ बिल संसद में पारित हो गया, तो हुकूमत हमारी मस्जिदें छीन लेगी, दरगाहें तोड़ देगी और कब्रिस्तान पर भी कब्जा कर लेगी। अजीब आंदोलन है यह! यही नहीं, 'शाहीन बाग' सरीखे नए आंदोलन तक की धमकी दी जा रही है। वक्फ संशोधन बिल ईद के बाद, बजट सत्र के अंतिम भाग में, संसद में पेश किया जाना प्रस्तावित है। लोकसभा स्पीकर ने, सरकार का आग्रह मानते हुए, जिस संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया था, उसकी भारी-भरकम रपट लोकसभा में रखी जा चुकी है। जेपीसी के 31 सांसद-सदस्यों में विपक्ष के भी पर्याप्त सांसद थे, लिहाजा ये दलीलें बेमानी हैं कि उनके पक्ष और संशोधन अनसुने रखे गए हैं। संसद के भीतर भी तमाम संशोधन बहुमत या ध्वनि मत के आधार पर ही पारित किए जाते हैं। यदि जेपीसी में भी यही प्रणाली इस्तेमाल की गई है, तो विपक्ष की आपत्तियां चीखा-चिल्ली के अलावा कुछ और नहीं हैं।

### सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं

# धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्सः एक ऐतिहासिक वापसी

डॉ. सत्यवान सौरभ

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं

**नासा** की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक ISS पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (ISRO) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।



दृष्टि कोण

# नए बजट की दशा और दिशा

**बाप** बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपया। कोई घर, संस्था या सरकार पैसे के बिना कुछ नहीं कर सकते। सरकारों का यह दायित्व होता है कि ज्यादा से ज्यादा साधन जुटाएं और चादर देख कर ही अपने पांव पसारें। भारतीय संविधान केंद्र और राज्य सरकारों को अगामी वित्तीय वर्ष के लिए अपनी आय और व्यय का लेखा-जोखा संसद या विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करता है जिसे वार्षिक वित्तीय विवरणिका कहा जाता है। इस विवरणिका को आम तौर पर बजट कह कर संबोधित किया जाता है। हिमाचल प्रदेश का वर्ष 2025-26 का बजट 17 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। इससे पहले 13 मार्च को प्रदेश का इकोनॉमिक सर्वे आया था। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार आर्थिक गति दर में 0.1 फीसदी की मामूली सी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023-24 में जो दर 6.6 फीसदी थी, 2024-25 में 6.7 फीसदी आंकी गई है। घरेलु सकल उत्पाद जो 2023-24 में 2.10 लाख करोड़ था, बढ़ कर 2.32 लाख करोड़ हो गया है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय जो 234782 रुपए थी, 9.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ वर्ष 2024-25 में 257212 रुपए हो गई है जो एक अच्छा संकेत है। प्रदेश की महंगाई दर 5 प्रतिशत से घट कर 4.2 प्रतिशत पर आ गई है। हिमाचल का लेबर फोर्स पार्टीसिपेशन रेट 60.5 प्रतिशत है जो पड़ोस के सभी राज्यों से तो अधिक है। हिमाचल की बेरोजगारी दर 5.4 फीसदी आंकी गई है, लेकिन रोजगार कार्यालयों के अनुसार 675671 व्यक्ति अभी रोजगार की कतार में खड़े हैं। राज्य का 2025-26 का बजट 58514 करोड़ रुपए का है, जबकि गत वर्ष यह 58444 करोड़ का था। मात्र 70 करोड़ की वृद्धि हुई है। राज्य की कुल अनुमानित राजस्व आय 42343 करोड़, तो अनुमानित व्यय 48733 करोड़ रुपए है। राजस्व घाटा 6390 करोड़ रुपए का और वित्तीय घाटा 10338 करोड़ का है। वित्तीय घाटा कुल सकल घरेलु उत्पाद का 4.4 प्रतिशत है जो एफ आरबीएम की 3 फीसदी की सीमा से बाहर है। राज्य की सीमित आय को देखते हुए जाहिर है कि वित्तीय घाटा ऋण लेकर ही पूरा किया जा सकेगा। वेतन, पेंशन, ऋण व ऋण पर ब्याज की अदायगी और स्वायत्त संस्थाओं के अनुदान पर 76 प्रतिशत व्यय होना दर्शाया गया है। विकासात्मक कार्यों के हिस्से केवल 24 प्रतिशत राशि ही आएगी, जबकि पिछले वर्ष 28 प्रतिशत थी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, कृषि ऋण पर ब्याज उपदान योजना, मंडी तक अपना सामान ले जाने पर भाड़ा उपदान, बंदरों की समस्या से निजात पाने के लिए जंगलों में फल के पौधे लगाना और स्थानीय समुदायों को उससे जोडऩा आदि किसान हितकारी योजनाएं बजट में हैं। लेकिन आवारा बैल-गायों की समस्या के समाधान के लिए कुछ विशेष नजर नहीं आता। शिक्षा संस्थानों में युक्तिकरण सही है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूलों में बढ़ती नशा प्रवृत्ति पर भी अंकुश की सख्त जरूरत है। चिकित्सा संस्थानों में एमआरआई और पेट स्कैन आदि नए उपकरण खरीदना समय की मांग है। इसी तरह महिला और बाल विकास की कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र बजट में है, जिसे आगे ले जाने की आवश्यकता है। पुरानी टैक्सियों को ई-टैक्सियों में बदलने के लिए ऋण सुविधा, सोलर पॉवर को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों, विशेषकर युवाओं को ऋण पर ब्याज उपदान की घोषणा करना, राज्य में उद्योग को आकृष्ट करने के लिए दो महीने के अंदर उन्हें सारी क्लीयरैंस देना, धार्मिक, साहसी, मेडिकल पर्यटन को विकसित करना, पर्यटन को शहर से गांव की ओर ले जाना सही दिशा में सही कदम हैं, लेकिन जरूरत है इसे अमलीजामा पहनाने की। नए डेस्टिनेशन को विकसित करने की बातें वर्षों से चल रही हैं, परंतु धरातल पर आज तक कुछ उतर नहीं पाया है। दिहाड़ीदारों, आउटसोर्स वर्कर, आंगनवाड़ी व आशा वर्कर और अन्य कई कर्मियों की पगार बढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण है आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करने के लिए नीति निर्धारण करना। कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डीए और 70 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों को एरियर के भुगतान की घोषणा स्वागत योग्य है, परंतु देनदारियों को निपटाने में इस तरह तो कई दशक लग जाएंगे जो न कर्मचारियों के और न ही सरकार के हित में होगा। न्यायालयों ने अगर एरियर पर ब्याज देने को बाध्य किया तो मुश्किल और बढ़ जाएगी। चिंताजनक पहलु यह है कि विकास के लिए बजट का कुल हिस्सा घटता जा रहा है। पिछले वर्ष अगर यह 28 फीसदी था, तो इस साल यह 24 फीसदी रह गया है।

कुछ अलग

# डॉट वरी! हो जाएगा...

**अब** अपने मुंह अपनी तारीफ क्या करनी। मैं नहीं, मेरा काम बोलता है। पिछले हफ्ते मेरे मुहल्ले का पुजारी मेरे पास आ सिर शान से उठाए बोला, 'बंधुवर! कहते हुए आ तो शर्म रही है, पूजा करते करते बहुत थक गया हूं, अब मुझे भगवान होने का प्रमाणपत्र चाहिए था।' 'बस इतनी सी बात! डोंट वरी! कल ले लेना! हम यहां बैठे किसलिए हैं?' और मैंने अगले दिन वायदे के मुताबिक पुजारी को भगवान होने का चकाचक प्रमाणपत्र थमा दिया।
अगली सुबह मुहल्ले के मंदिर गया तो देखा, मेरे द्वारा दिलाए प्रमाणपत्र को गले में डाले पुजारी भगवान के सिंहासन पर और असली के भगवान पुजारी के पटड़े पर। इसी सिलसिले में कल मेरे एक मित्र का फोन आया। फोन उठाते ही बोले, 'यार! उनको एक प्रमाणपत्र चाहिए था। हो जाएगा न?'
'एक क्या, सौ लो, हजार लो। हम आए ही किसलिए हैं इस जीव जगत में? कौनसा प्रमाणपत्र चाहिए जनाब को? किस बोर्ड का चाहिए? किस विश्वविद्यालय का चाहिए? किस ऑफिस का चाहिए? बस, थोड़ा सा वक्त दे देना प्लीज! माना, तुम्हारा दोस्त हूं। पर फर्जी काम के लिए थोड़ा समय तो मुझे भी चाहिए होता है न!'
मैंने अपने हर कस्टमर की तरह उनको भी आश्वस्त किया तो वे बोले, 'उनको अपनी पत्नी की मृत्यु का प्रमाणपत्र चाहिए था।' उन्होंने कहा तो मुझे काटो तो खून नहीं। उनमें यह कहते हुए रहा होगा, तो मैं कुछ कह नहीं सकता। उनके मुखारविंद से यह सुन गुस्सा तो बहुत आया, पर दोस्त अपने थे, इसलिए खामोश रहा। फिर पता नहीं क्यों, ऐसे में भी उनको सही गाइड करना अपना फर्ज समझा। सो मैंने उनको गाइड करते कहा, 'तो इस मृत्यु प्रमाणपत्र लेने में मेरी जरूरत क्या? कमेटी से इजीली मिल जाएगा।' 'नहीं मित्र! वे चाहते हैं कि उनकी पत्नी तो जिंदा रहे, पर पत्नी के फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र से पत्नी के मरने के बाद वाले सारे बेनिफिट उनको मिल जाएं। बेचारे आजकल बहुत तंगी में चले हैं!' 'तो उनसे कहो कि जीवित पत्नी का मृत्यु प्रमाणपत्र लेने के लिए सबसे पहले वे सरकारी कागजों में शमशानघाट के असली कर्मचारी के कर कमलों द्वारा अपनी पत्नी का कागजी अंतिम संस्कार करवाएं। जब उसका शमशानघाट के कर्मचारी के हाथों कागजी अंतिम संस्कार हो जाए तो उसके बाद वे मृत्यु ऑफिस जाकर मुत्यु प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी की सेवा पानी करें। परम सत्य है, जहां सेवा, वहां मेवा। जो वे सेवा पानी करवाने के बाद भी आनाकानी करें तो बीच में हजार-दो हजार दे दलाल को डाल दें। मेरे जैसे दलालों की ऑफिसों में कोई कमी नहीं। एक ढूंढो, दस मिलेंगे। वैसे भी अब एक से महानों ने देश की रखवाली करने के बदले दलाली का बिजनेस शुरू कर रखा है। अपने समाज में नागरिक कम तो दलाल अधिक हैं। पैसे देखकर यहां कौन नहीं बिक जाता?' 'फिर?' लगा जैसे वे मेरी बातों को गहनता से ले रहे थे, 'जब वहां से उनकी जीवित पत्नी की फर्जी मृत्यु का मृत्यु प्रमाणपत्र मिल जाए तो उसे वे जहां चाहते हों वहां पेश कर दें। अगर बीच में कोई दिक्कत आए तो बता देना। बंदा जरूरतमंदों के नेक कामों के लिए हरदम हाजिर है', मैंने कहा तो वे इतने प्रसन्न कि मानो उनको ही...।

# शान भारती : धनबाद का बेबाक शायर



**शाहिद करीम**

**शा**यरी सिर्फ़ अल्फ़ाज़ का खेल नहीं, बल्कि यह जज़्बात, हालात और हक़ीक़त की तर्जुमानी भी है। हिंदुस्तान की अदबी सरज़मीं पर कई शायर ऐसे हुए जिन्होंने अपने क़लम से ज़माने के हालात को बयाँ किया। इन्हीं में से एक अहम नाम है शान भारती का, जो धनबाद की सरज़मीं से ताल्लुक़ रखते थे। उनकी शायरी में ज़िंदगी के तल्ख़ तजुर्बात, इंसानी जज़्बात और समाज की सच्चाइयों का बेबाक बयान मिलता है।शान भारती का कलाम उनके गहरे तजुर्बात और समाज की पेचीदगियों को बख़ूबी उजागर करता है। उनकी शायरी महज़ रूमानी जज़्बात तक महदूद नहीं थी, बल्कि उसमें ज़माने की तल्ख़ हक़ीक़तें भी थीं। उनका यह शेर देखें :

जब मेरी हिफ़ाज़त के ये सामान नहीं थे
तब इतना मिरी जान को ख़तरा भी नहीं था

यह शेर मौजूदा दौर की तल्ख़ सच्चाई को बयान करता है, जहाँ इंसान ने अपनी हिफ़ाज़त के लिए बड़े-बड़े बंदोबस्त तो कर लिए, मगर ख़तरे कम होने के बजाय बढ़ते ही चले गए।इसी तरह उनके इस शेर में हालात की संगदिली और बच्चों की मासूमियत के गुम हो जाने का दर्द साफ़ झलकता है–

हालात ने संजीदा बना डाला है इतना
बच्चों ने खिलौनों को मचल कर नहीं देखा

इस शेर में दौर की बेरहम सच्चाई छुपी है। पहले जहाँ बच्चे खिलौनों के लिए मचला करते थे, आज वही बच्चे हालात से इस क़दर मजबूर हैं कि उन्हें मासूमियत के ये लम्हे नसीब नहीं हो रहे।

ज़िंदगी और सफ़र का फलसफ़ा

शान भारती की शायरी में सिर्फ़ समाज की तल्ख़ हक़ीक़तें ही नहीं, बल्कि इंसानी जज़्बात और सफ़र का फलसफ़ा भी बख़ूबी नज़र आता है। उनका यह शेर देखें–

मेरे मिज़ाज-ए-सफ़र की है शान ही कुछ और
जो मुझसे तेज़ चलेगा, मेरी दुआ लेगा!

यह शेर उन लोगों के लिए पैग़ाम है जो ज़िंदगी में आगे बढ़ने की चाहत रखते हैं। इसमें एक बड़ी बात छुपी है कि स्पर्धा से ज़्यादा ज़रूरी है सफ़र की शान और दूसरों के लिए नेक ख़यालात रखना।

असीर-ए-शब-ए-ज़ुल्मतः अंधेरों से आज़ादी की चाहत

शान भारती की शायरी में एक ख़ास बात यह भी थी कि वो हालात से न केवल शिकायत करते थे, बल्कि उससे बाहर निकलने का मशविरा भी देते थे उनका ये शेर देखे

हम लोग अज़ल से हैं असीर-ए-शब-ए-ज़ुल्मत
तुम चाँद हो तो चाँद-नगर क्यों नहीं जाते?

यह शेर उन लोगों को एक कटाक्ष है जो मुश्किल हालात में रहने के बावजूद बदलाव की कोशिश नहीं करते।

सादगी में गहराई

शान भारती की शायरी की ख़ूबसूरती उसकी सादगी में छुपी थी। उनके अल्फ़ाज़ आम ज़िंदगी से जुड़े होते थे, मगर उनमें इतनी गहराई होती थी कि हर शेर पर सोचने पर मजबूर कर देते थे।

तुम्हारी शख़्सियत प्यारी बहुत है
मगर इस में अदाकारी बहुत है!

यह शेर इंसानी फितरत और दोहरे मयार को बयान करता है। आज के दौर में इंसान की ख़ूबसूरती सिर्फ़ ज़ाहिरी होती जा रही है, जबकि अंदरूनी सच्चाई और ख़ुलूस कहीं खोता जा रहा है।

शान भारती की शायरी उनके जज़्बात, समाज के हालात और इंसानी फितरत की गहरी समझ का अक्स थी। उन्होंने अपने कलाम के ज़रिए न सिर्फ़ दर्द बयान किया, बल्कि सोचने पर मजबूर भी किया। उनकी शायरी में एक अलग तरह का शौर था, जो आज भी ज़िंदा है। उनके अशआर न सिर्फ़ सुनने वाले को झंझोड़ते हैं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करते हैं।

शान भारती की शायरी महज़ लफ़्ज़ों का खेल नहीं, बल्कि एक आईना थी–जिसमें समाज अपनी सूरत देख सकता था, मगर अफ़सोस, इस आईने में देखने की हिम्मत हर किसी में नहीं थी!

धनबाद की सरज़मीं ने हमें एक ऐसा शायर दिया, जिसकी शायरी आने वाले वक़्तों तक ज़िंदा रहेगी।

# गरीबों व असहाय लोगों के हक को मारने वाले सम्पन्न राशन कार्डधारियों पर उपायुक्त का चला डंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अयोग्यता वाले वैसे राशन कार्ड धारक जिनका पक्का मकान एवं ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी, सेवा निवृत सरकारी कर्मी समेत अन्य जो राशन कार्ड के योग्य नहीं है और गलत तरीके से गरीबों का अनाज ढकारने का कार्य कर रहे हैं वैसे अयोग्य राशन कार्ड धारको के विरुद्ध उपायुक्त रमेश घोलप ने जिला आपूर्ति विभाग को करवाई करते हुए राशि की वसूली करने का निर्देश दिए हैं साथ ही उन्होंने चतरा जिले के सभी अयोग्य राशन कार्ड धारको से अपील करते हुए कहा है कि 5 अप्रैल 2025 तक स्वेच्छा से जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में राशन कार्ड प्रत्यार्पण करें अन्यथा झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 के नियम के साथ उप कंडिका (द्वद्व) (ख) के आलोक में जुर्माना का राशि



वसुली करते हुए कड़ी करवाई की जाएगी।उपायुक्त के निर्देश के बाद जिला आपूर्ति विभाग एक्शन में नजर आ रही है। जो कि चतरा प्रखंड अंतर्गत अयोग्य राशन कार्डधारी हेमा देवी पर 175616 रुपया, लीला देवी पर 150528 रुपया, सगुप्ता प्रवीण पर 45248 रुपया, सुनीता देवी पर 125440 रुपया, सुनीता वर्मा पर 98560 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। इटखोरी प्रखंड के ताज मियां पर 9632 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। प्रतापपुर प्रखंड के आशीष कुमार पर 9632 रुपया, भोला साव पर 97664 रुपया, नीलम देवी पर 28672 रुपया, नसीम खान पर 28672 रुपया, फिरोज खान पर 75264 रुपया, प्रसाद यादव पर 225792 रुपया, मनोज साव पर 17920 रुपया, चिंता देवी पर 175616 रुपया, राधिका देवी पर 175616 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। वहीं लावालौंग प्रखंड के प्रियंका कुमारी पर 15232 रुपया, नेमी कुमारी पर 74784 रुपया, देवंती देवी पर 24116 रुपया, अनिता देवी पर 9632 रुपया, चांद सबीरा पर 113120 रुपया, नीलिमा कुमारी पर 45248 रुपया, फरजाना खातून पर 125440 रुपया, सबूदरी प्रवीण पर 135744 रुपया, अमित कुमार पर 25536 रुपया, जगदीश साहू पर 17024 रुपया, सुनीता देवी पर 125440 रुपया, अनिल सिंह पर 6048 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। पत्थलगड्डा प्रखंड क्षेत्र के शिवलाल दांगी पर 149184 रुपया, इंद्रदेव दांगी पर 75264 रुपया का जुर्माना। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के अगहर अंसारी पर 97664 रुपया, सीता देवी पर 301056 रुपया, सुशील देवी पर 50176 रुपया, परमानंद पांडेय पर 59136 रुपया, आदित्य पासवान पर 25088 रुपया, दीपमाला खलखो पर 59136 रुपया का जुर्माना। सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बबीता देवी पर 9856 रुपया, बिना देवी पर 100352 रुपया, कबिलास देवी पर 50176 रुपया, पार्वती देवी पर 175616 रुपया, राधा देवी पर 150528 रुपया, राधा देवी पर 75264 रुपया, राजेश साहू पर 9856 रुपया, प्रति देवी पर 11424 रुपया, अहमदी खातून पर 50176 रुपया, कुंती देवी पर 150528 रुपया। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के खुशबू देवी पर 38080 रुपया, रीता देवी पर 30464 रुपया, तारा बानो पर 202496 रुपया, कलेश्री देवी पर 278432 रुपया, कांति देवी पर 49728 रुपया, कलौती देवी पर 67424 रुपया, पुष्पा देवी पर 44352 रुपया। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के सतेंद्र दांगी पर 13888 रुपया, फूलो देवी पर 113488 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखित कुल सक्षम 54 परिवार के लोग गलत तरीके से राशनकार्ड बनवाकर राशन कार्ड से मिलने वाले लाभ ले रहे थे। सक्षम परिवारों में से किन्हीं- किन्हीं के पास अलग अलग स्थान पर पक्का मकान, चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर, बड़ा उद्योग, दो तल्ला मकान, सरकारी नौकरी, रिटायर सरकारी कर्मी समेत अन्य जो राशन कार्ड प्राप्त करने का आहर्ता नहीं रखते हैं वैसे लोगों को चिन्हित कर राशि वसूली और उनके ऊपर कार्रवाई करने का कार्य जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किया जा रहा है।आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के क्रम में बताया कि चतरा जिला अंतर्गत सभी प्रखंड क्षेत्रों के राशनकार्ड धारकों की जांच निरंतर की जा रही है अभी तक अलग अलग प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व ग्रामों के वैसे लाभुक जो राशन कार्डधारक बनने के लिए अयोग्य हैं और वह गलत तरीके से राशनकार्ड बनवा कर गरीबों के हक को मारने का कार्य कर रहे हैं वैसे कुल 54 लाभुकों को चिन्हित करने का कार्य किया गया है जिससे कुल 4566832 लाख रुपया का जुर्माना राशि वसूलने का कार्य किया जा रहा है। अभी जांच जारी है।

## गिद्धौर के इंदिरा मोड़ से रोल तक चौड़ीकरण सड़क का ग्रामीणों ने किया विरोध



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंद्रा मोड से रोल मोड तक चौड़ीकरण पथ निर्माण कार्य में द्वारी के ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं मिलने तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य का विरोध किया है। ग्रामीणों ने तीन दिन पूर्व विरोध जताते हुए कहा कि द्वारी ब्रह्मभा चौक से इंद्रा मोड तक ग्रामीणों का रैयती जमीन है। जबतक इसका उचित मुआवजा नहीं मिलता है, तबतक सड़क चौड़ीकरण कार्य नहीं करने दिया जायेगा। सड़क निर्माण कार्य विरोध के सूचना पर गिद्धौर अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा गुरुवार को द्वारी पहुंच स्थल का निरीक्षण कर भू रैयतों के साथ बैठक किया।जिसमें सीओ ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में जिन रैयतों की भूमि जा रही है, उसका गजट भू अर्जन कार्यालय चतरा से सूची प्रकाशन कर दिया गया है। सरकारी प्रक्रिया के तहत भू रैयतों को जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना सहमति जताया। बैठक में सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, राजस्व उप निरीक्षक पप्पू यादव, उमेश गोप, सुरेश यादव समेत भू रैयत मौजूद थे। मालूम हो कि सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य पूजा इंटर प्राइजेज द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपए के लागत से कराई जा रही है।

## वज्रपात से दुधारू गाय की मौत

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बगरा गांव में तड़के एक बजे बज्रपात होने से अरविंद यादव का एक दुधारू गाय की मौत हो गई है। इस तरह अचानक मौसम की तब्दीली और गर्जन से लोग भयभीत है। वहीं बज्रपात से मृत गाय की कीमत लगभग 20 से 25 हजार की बताई जा रही है। जिसे लेकर भुक्तभोगी अरविंद यादव ने अंचलाधिकारी से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग किया है।

## बीडीओ ने किया पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के पीरी पंचायत सचिवालय सभागार कक्ष में पंचायत स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।जिसमें प्रखंड स्तर के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजस्व विभाग, बाल विकास परियोजना, प्रखंड शिक्षा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आपूर्ति कृषि, पंचायती राज, बैंक, गोदाम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल के पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत पीरी के मुखिया,वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।सर्वप्रथम उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का बीडीओ श्री चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात विभागों के द्वारा संचालित कार्यक्रमो की अघतन स्थिति की जानकारी लेते हुए एजेंडावार समीक्षा की गई। राजस्व विभाग अंतर्गत आपसी सहमति के आधार पर म्यूटेशन करने एवं वंशावली सत्यापन के पश्चात ही एलपीसी निर्गत करने का निर्देश दिया गया।बाल विकास परियोजना अंतर्गत महिला पर्यवेक्षिका को अपने अधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्रो का नियमित निरीक्षण करने क निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आदिम जनजाति परिवारों का नियमित टीकाकरण करने, आदिम जनजाति टोला में स्वास्थ्य कैंप लगाने, तपेदिक रोग से संबंधित जागरूकता हेतु अभियान चलाने, सर्पदंश कि दवा उपलब्ध रहने से संबंधित ग्रामीणों को जानकारी देने,मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस विभाग अंतर्गत महिला समूह हेतु पंचायत भवन में एक कमरा आवंटित करने तथा समूह के दीदी के माध्यम से टीकाकरण के बारे में विस्तृत जागरूकता लाने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत वैसे किसान जिन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र में 80 क्विंटल से ज्यादा धान विक्रय किया है से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का निर्देश बीटीम सिमरिया को दिया गया।

## नवरत्नपुर पहुंचे IRO के राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव, मृतक रंजित यादव के परिजनों से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** इंडियन रिफॉर्मर्स आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव गुरुवार को प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत नवरत्नपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक रंजित यादव के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट कर पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बधाया। इस मौके पर इंडियन रिफॉर्मर्स ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि रंजीत यादव के परिजनों के साथ समूचे इंडियन रिफॉर्मर्स आर्गेनाइजेशन पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है, वही गगन यादव ने पीड़ित परिवार के साथ बातचीत की और कहा कि दोषियों को पकड़ने में अभी तक पूरी तरह प्रशाशन नाकाम है, आगे गगन यादव ने पीड़ित परिवार को आश्वाशन दिया कि हर हाल में मृतक को न्याय



दिलाने का काम किया जाएगा। न्याय के लिए आज हम एस पी महोदय से बात करेंगे, पीड़ित परिवार को जब भी मुझे जरूरत पड़ेगी हम उसके साथ हमेशा खड़ा रहेंगे बताते चले कि 28 सितंबर 2024 को प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत 32 वर्षीय नवरत्नपुर निवासी रंजित यादव की प्रतापपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बगल में एक महुवा के पेड़ से लटका हुआ शव मिला था, जिस पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। जिसमें प्रतापपुर थाना कांड संख्या 109/24 संबंधित धारा की तहत अज्ञात लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया था। लेकिन परिजनों को कहना है कि अभी तक दोषियों को नहीं पकड़ा गया मौके पर इंडियन रिफॉर्मर्स आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वज्रपात से हुई शॉट सर्किट से लगी घर में आग,लाखों का समान जल कर हुआ खाक



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के डाडी टोला बड़की बागी के दशरथ साहू,पिता लूटन साहू के घर में तड़के चार बजे दिन हुई बज्रपात से हुई शॉट सर्किट से घर में आग लग गया। जिससे लाखों का समान और दस हजार नगद जल कर राख हो गया है। जला हुआ समानों में कुलर, पंखा, पलंग, गद्दा, फ्रिज, गोदरेज, चावल आदि के अलाव नगद बक्सा में रखा दस हजार रुपए जल कर राख हो गया है। इस तरह अचानक हुई बज्रपात से हुई शॉट सर्किट में हुई लाखों का समान जल कर राख होने से परिजनों में चीत्कार का माहौल है। वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। लोग प्राकृतिक आपदा पर अफसोस जाहिर करते हुए अंचलाधिकारी और बिजली विभाग से मुआवजे तथा क्षतिपूर्ति की मांग किया है। इस तरह कई जगह बज्रपात से अन्य घटनाओं का जानकारी प्राप्त हो रही है।

## बालूमाथ में रामनवमी को लेकर अखाड़ा कमेटियों की बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय स्थित भामाशाह नगर में बुधवार देर शाम रामनवमी की तैयारियों को लेकर अखाड़ा कमेटियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महावीर मंडल बालूमाथ के अध्यक्ष रौशन गुप्ता ने की। इसमें सभी अखाड़ा कमेटियों ने विजयदशमी के जुलूस के रूट चार्ट और अन्य कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।अष्टमी की रात झंडा मिलन समय पर करने पर सहमति बनी। चट्टी टोला अखाड़ा के अध्यक्ष पप्पू विश्वकर्मा ने मस्जिद के पास जुलूस में होने वाली अव्यवस्था का समाधान निकालने की बात कही, जबकि बड़का बालूमाथ पूजा समिति के अध्यक्ष पंचू पांडे ने चेताग तक जुलूस ले जाने की अनुमति की मांग उठाई। बैठक में मुरपा मोड़, बड़का बालूमाथ, टमटमटोला, चट्टी टोला, हरिजन टोला, चेताग अखाड़ा समिति सहित कई समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर सुरेंद्र गुप्ता, अर्जुन साव, तपेश्वर साहू, मनोहर गुप्ता, बिट्टू सोनी, विशाल कुमार, गुड्डू गुप्ता, प्रदीप कुमार, दिलीप कुमार, पंकज सिन्हा, बहादुर साव और प्रयाग साव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** पुलिस ने अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढाई किलो अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार और अंचलाधिकारी नंदकुमार राम के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि 19 मार्च को पुलिस अधीक्षक लातेहार को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल की डिक्की में अफीम छुपाकर ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर तितिर महुआ जंगल, डाकादिरी मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो मोटरसाइकिल जब्त की गई–हीरो ग्लैमर (जेएच 03ई 7291) के चालक सुरेश कुमार यादव (31) और हीरो स्प्लेंडर प्लस (जेएच 13 ई 9671) के चालक सेवा गंझू (37) को रोका गया। तलाशी लेने पर सुरेश की डिक्की से 593 ग्राम और सेवा की डिक्की से 1.861 किलो अफीम बरामद हुई। दोनों आरोपी चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के निवासी हैं और लंबे समय से अफीम तस्करी में संलिप्त थे।बारियातू थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई द्य इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज से सम्बंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में जेएमएम कार्यकर्ता सम्मेलन, कांग्रेस-बीजेपी छोड़ कई लोग हुए शामिल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ के डाक बंगला परिसर में झामुमो प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री सह केंद्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ राम समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में जिला संयोजक लाल मोतीनाथ शाहदेव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व सरयू बुद्धेश्वर उरांव, महिला मोर्चा की अनीता मिंज सहित अन्य नेता मौजूद रहे। सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस और बीजेपी छोड़कर दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रुडोल्फ खलखो और पूर्व पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। सभी नए सदस्यों का स्वागत सदस्यता पत्र व पट्टा पहनाकर किया गया।बैजनाथ राम ने कहा कि झारखंड सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। संगठन को और मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में प्रखंड कमेटी के गठन पर भी चर्चा हुई और पदाधिकारियों के नाम प्रस्तावित किए गए। मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लातेहार में टेंपो और बाइक की जोरदार टक्कर, दो घायल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पतरिया चोटाग में मंगलवार को टेंपो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सिंटू बैठा (पिता- अनवर बैठा, निवासी- मनकेरी जागीर) और अर्जुन परहिया के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंटू बैठा अपनी बाइक पर अर्जुन परहिया को स्टेशन से लिफ्ट देकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान पतरिया चोटाग के पास तेज गति से आ रहे एक टेंपो से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों के दाहिने पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस द्वारा लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही लातेहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## नेतरहाट मुखिया राम बिसुन नगेसिया के प्रयासों से बदल रही नैना गांव की तस्वीर

**सुरेश यादव@प्रभात मंत्र**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम बिसुन नगेसिया के सकारात्मक प्रयासों से नैना गाँव में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। ग्रामीणों के लिए पक्के आवास बनाए जा रहे हैं, जिससे उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार होगा। इसके अलावा, गाँव में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे संचार व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा।

**गाँव में शिक्षा और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर**

मुखिया राम बिसुन नगेसिया गाँव के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। पक्के मकानों के निर्माण से लोगों को सुरक्षित आवास मिलेगा, वहीं नेटवर्क की सुविधा से शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि संचार की समस्या के कारण अब तक कई परेशानियाँ झेलनी पड़ती थीं,



लेकिन अब वे मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

**मिनी आँगनबाड़ी केंद्र की जरूरत**

हालांकि, गाँव में अब भी एक मिनी आँगनबाड़ी केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जिससे छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण और शिक्षा मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस दिशा में जल्द कदम उठाने की अपील की है।

**गाँव के संपूर्ण विकास का लक्ष्य**

मुखिया राम बिसुन नगेसिया ने बताया कि वे गाँव को बुनियादी सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि नैना गाँव एक आदर्श गाँव बने, जहाँ हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिले।

## विद्यालय तक पहुंचने के लिये नहीं थी सड़क, पगडंडी से होकर पहुंचते हैं बच्चे

### सीओ की देखरेख में मापी कर सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती घुटुआ पंचायत अंतर्गत पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय सोहड़ीखास की स्थापना आजादी के पूर्व 1940 में की गई थी।देश आजाद हुआ लेकिन इस विद्यालय तक पहुंचने के लिए आज तक सड़क नहीं बन सकी थी। बच्चे पगडंडी के सहारे किसी तरह गिरते पड़ते विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते है।बरसात के दिनों में विद्यालय पहुंचना किसी जंग जितने से कम नहीं होता। बच्चे तो बच्चे शिक्षकों को भी विद्यालय पहुंचने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है।लेकिन सतबरवा बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की और उप प्रमुख कामाख्या नारायण की पहल से गुरुवार को सड़क के लिए जमीन की मापी कर उसे बुलडोजर से



अतिक्रमण मुक्त किया गया। इसके बाद सड़क बनने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। सीओ श्री तिर्की ने बताया कि सड़क में सर्वे के अनुसार जो गैरमजरूआ जमीन है उसे मुक्त किया गया है।वहीं उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने बताया कि सड़क बन जाने से बच्चों और शिक्षकों को विद्यालय पहुंचने में सुगमता होगी। आज तक सड़क नहीं बन पाना काफी दुर्भाग्य की बात है। इस अभियान में अंचलकर्मी अनीश कुमार, विकास कुमार मिंज, श्रीकांत दास, अमीन हरेंद्र प्रजापति, ए एसआई अजय यादव सहित लेस्लीगंज पुलिस के जवान और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## सर्पदंश से युवक अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक कॉलोनी के रहने वाला एक युवक सर्पदंश से अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चौधरी वर्मा 40 वर्ष पिता महावीर वर्मा ग्राम ब्लॉक कॉलोनी बालूमाथ निवासी घर के बाहर बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा



अचेतावस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## महावीर दल करोंज मोड़ के अध्यक्ष बने प्रयाग साव, महावीर दल कमेटी का किया गया नवगठन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय से सटे करोंज मोड़ में महावीर दल करोंज मोड़ की बैठक बुधवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रयाग साव की उपस्थिति में की गई। बैठक में पूर्व की भाँति प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से रामनवमी उत्सव में झाँकी निकालने का निर्णय लिया गया। रामनवमी की झाँकी के सफल संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रयाग साव, उपाध्यक्ष मुरली प्रसाद, वासुदेव साव(बासु),संदीप सोनी,बाल गोविंद प्रसाद, सचिव बासुदेव साव,उपसचिव आशीष कुमार,दिनेश प्रसाद,जितेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्रीकांत प्रसाद, शंकर गोस्वामी ,मीडिया प्रभारी विजय कुमार बरनवाल (गुड्डू सर), कार्यकारिणी सदस्य का अध्यक्ष महेंद्र साव ,राजेश कुमार (होरल), सुजीत कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य नवीन कुमार, धनेश्वर प्रसाद, गजेंद्र राणा ,अजीत कुमार बरनवाल, प्रकाश कुमार ,अर्जुन प्रसाद ,अमन कुमार , सन्नी कुमार ,गणेश गोस्वामी, रणधीर बरनवाल, केसर साव ,सुनील राणा (मलिंगा), एवं कुणाल सोनी को बनाया गया। इस बैठक में काफी सँख्या रामभक्त मौजूद थे।

## बिजली के खंभे से करंट लगने से गर्भवती गाय की मौत



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मटवारी चौक से इमली चौक की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित स्टेट बैंक से आगे गोस्वामी अपार्टमेंट के पास लगे हाई वोल्टेज बिजली के खंभों से गुरुवार को करेंट निसृत होने की खबरें सामने आई । स्थानीय निवासी रामचंद्र गोस्वामी की एक गर्भवती गाय इस खंभे के संपर्क में आकर अपनी जान गंवा बैठी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करेंट इतनी तीव्र थी कि खंभे के पास से नंगे पैर गुजरने वाले लोगों के तलवे में झनझनाहट महसूस हो रही थी। इस घटना के बाद से स्थानीय लोग डरे हुए हैं और इलाके में भय का माहौल है। गुरुवार सुबह से हो रही लगातार हल्की बारिश के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि कोई और दुर्घटना न हो।

### विधानसभा में हजारीबाग और झारखंड के विकास से जुड़े अहम मुद्दे उठाए गए, सरकार से जल्द समाधान की मांग

# हजारीबाग में ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण में देरी और जल संसाधन प्रबंधन की अनदेखी जनता के हितों पर सीधा प्रहार है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान हजारीबाग और राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा। इन विषयों पर सरकार से जवाब मांगा गया, जिससे कई गंभीर समस्याएं उजागर हुईं। सरकार से इन मुद्दों पर त्वरित समाधान की मांग की गई, ताकि जनता को उनके अधिकारों का लाभ जल्द मिल सके।

**हजारीबाग में 132 करोड़ की लागत से बन रहे ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण अटका**

हजारीबाग में 132 करोड़ रुपये की लागत से नया ग्रिड सब-स्टेशन बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी और बार-बार बिजली कटौती की समस्या दूर होगी। लेकिन इस परियोजना का निर्माण कार्य वन भूमि के हस्तांतरण में देरी के कारण रुका हुआ है।

जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए, सरकार से वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है। इस परियोजना के लंबित रहने से स्थानीय निवासियों को लगातार बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। यदि जल्द ही आवश्यक मंजूरी नहीं दी गई, तो यह परियोजना अनावश्यक देरी का शिकार हो सकती है, जिससे क्षेत्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**जल संसाधन और किसानों की सिंचाई सुविधाओं को लेकर चिंता**



झारखंड में जल संसाधनों के उचित प्रबंधन और किसानों की सिंचाई सुविधाओं को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा गया। इस विषय पर चर्चा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि राज्य में पूर्व में गठित झारखंड राज्य जल संसाधन आयोग को भंग कर दिया गया था। इस आयोग का मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों का प्रबंधन और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्रदान करना था, लेकिन इसके भंग होने के बाद कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सरकार की ओर से बताया गया कि अब नए जल संसाधन आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह आयोग जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा लेकिन जब तक यह आयोग पूरी तरह से क्रियाशील नहीं हो जाता, तब तक जल संसाधन प्रबंधन और किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए, इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं मिल सकें और राज्य में जल प्रबंधन को मजबूत किया जा सके। सरकार से स्पष्ट मांग है कि इन महत्वपूर्ण विषयों पर शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए, ताकि हजारीबाग और झारखंड की जनता को विकास कार्यों का पूरा लाभ मिल सके। क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और किसानों को सिंचाई के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।हजारीबाग और पूरे झारखंड के विकास के लिए संघर्ष जारी रहेगा और सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जनता की समस्याओं को हल करवाने और राज्य को समृद्ध बनाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## झारखंड विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग की बदहाली पर विपक्ष का हंगामा, बजट कटौती पर बरही विधायक ने उठाए सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड विधानसभा में आज स्वास्थ्य विभाग की बदहाली को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों पर सरकार को घेरा और बजट कटौती पर भी सवाल उठाए। इस मुद्दे पर विपक्ष की ओर से अपनी बात रखते बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा, ÷राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। रिम्स में मरीजों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी है। दूरदराज के इलाकों में तो स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से नदारद हैं।÷ उन्होंने कहा कि राज्य में 39त्न बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, लेकिन सरकार कुपोषित बच्चों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में गंभीर नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में 1100 डॉक्टरों की नियुक्ति हुई, लेकिन उनमें से केवल 115 ही बचे हैं। अन्य डॉक्टर राज्य छोड़ चुके हैं। विधायक ने रिम्स की बदहाली का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि रिम्स में एमआरआई मशीन दो साल से




खराब पड़ी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 3643 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन केवल 2210 ही कार्यरत हैं। 1424 डॉक्टरों की कमी से चिकित्सा सुविधा चरमरा गई है। श्री यादव ने 108 एम्बुलेंस की दुर्दशा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 108 एम्बुलेंस की संख्या 544 है, लेकिन दुर्भाग्यवश आधे से ज़्यादा एम्बुलेंस खराब पड़े हैं। इस दौरान इन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी से भी सदन को अवगत कराया। बरही विधायक ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण, पदमा और चंदवारा में चिकित्सकों और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने जीटी रोड चोरदाहा से चिरकुंडा तक ट्रामा सेंटर की स्थापना की भी मांग की, जहां हर साल हजारों लोगों की जान जाती है।स्वास्थ्य मंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रिम्स में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने जीटी रोड चोरदाहा से चिरकुंडा तक ट्रामा सेंटर की स्थापना की मांग पर भी विचार करने का आश्वासन दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार को इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने और जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## झामुमो प्रखंड सचिव बनाये जाने पर लोगो ने संजय प्रजापति को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति द्वारा झामुमो प्रखंड सचिव पद पर दोबारा मनोनीत किया गया। पार्टी में इनके योगदान को देखते हुए दोबारा पुनः संजय प्रजापति को इस पद से नवाजा गया। बता दें कि संजय प्रजापति संगठन को एकजुट कर हरेक पंचायतो में झामुमो को संगठित कर उसे मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। क्षेत्र एवं जनता की जनसमस्या को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। दोबारा झामुमो सचिव पद पर मनोनीत होने पर सोशल मीडिया एवं उनके घर जाकर लोगो ने बधाई दी।इस संबंध में झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति से पूछे जाने पर कहा कि प्रखंड कमेटी और जिला कमिटी के द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जाएगा उसका पालन करेंगे और कमेटी की मजबूती को लेकर आगे भी पार्टी को संगठित करते रहेंगे।

## नवमनोनित सांसद प्रतिनिधियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** सांसद प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन नरसिंह प्रसाद ने किया। समारोह की शुरुआत में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा व मंडल सांसद प्रतिनिधियों बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश कुमार दांगी, केरेडारी मंडल सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साह, बड़कागांव पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार मेहता व बड़कागांव पूर्वी यूरिमारी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो को माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों ने एक स्वर में ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक बिना भेदभाव के कार्यकर्ताओं की सहमति से जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह को अपने मार्गदर्शन में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि ईमानदारी सबसे बड़ा धन है जिसके द्वारा ही क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए सांसद महोदय के निर्देशन में विकास के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव में लंबे समय से महुदी एक धार्मिक समस्या के रूप में बनी हुई जिसको प्रशासन के साथ मिलकर समाधान करने की आवश्यकता है। समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान तथा विकास कार्यों को समय पर पूरा करना ही आदरणीय सांसद मनीष जायसवाल का लक्ष्य है जिसको लेकर मंडल स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त तमाम सांसद प्रतिनिधि ऊर्जावान है जो पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्यकर्ताओं के भावनाओं को ध्यान में रखकर जनहित में कार्य करेंगे। साथ ही साथ माननीय सांसद के व्यक्तिगत जनहित कार्यो को जन-जन तक पहुंचने में तत्पर रहेंगे। नवमनोनीत विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहु ने कहा कि हम लोगों के ऊपर सांसद मनीष जायसवाल ने जो विश्वास जताया है उस पर हम सभी खरा उतरने का पूर्ण रूपेण प्रयास करेंगे। स्वागत स्वरुप अपने संबोधन में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ बालेश्वर महतो ने कहा सांसद महोदय के सोच का परिणाम है जिसके कारण एक मजबूत जन आधार की ओर लोग आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अवध किशोर यादव, किशोर राणा, कजरू साव, सत्यजीत अलंकार, अर्जुन पांडे, उदय मेहता, अरुण मालाकार, इंद्र भूषण, मनीष पांडेय, अजय सिंह, गणेश कुमार, लक्ष्मण कुमार, राजकुमार, चंद्रदेव ठाकुर समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड एकेडमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, शत प्रतिशत बच्चे सफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में अंग्रेजी माध्यम से संचालित ऑक्सफोर्ड एकेडमी स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता हासिल किया। अभिभावकों की उपस्थिति में सभी बच्चों को रिपोर्ट कार्ड दिया गया साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्कूल में टापर रहे नुमान रजा 93 प्रतिशत, दुसरे स्थान में तैमुर अमर एवं क्लास टापर मो अब्दुल अहद, सुफियान अंसारी, मो ताहा, फरहान रजा, रैययान रजा, ऐरम आयशा, अंकित कुमार, आरिशा फातमा को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजा खान ने सभी सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दिया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा के ऐसे ही मन लगा कर पढ़ाई में ध्यान दें और अपने गांव, प्रखंड, राज्य, देश और मां पिता का नाम रौशन करें। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य अब्दुल रहमान, शिक्षक तराना प्रवीण, यास्मीन प्रवीण, मोनिका कुमारी, आफरीन सहित विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

## बरही प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित नगर भवन में केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर दो दिवसीय प्रशिक्षण इचाक सीडीपीओ नीलू रानी की देखरेख में आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बरही के चार सेक्टर से 129 सेविकाएं एवं चौपारण के 8 सेक्टर से 172 सेविकाएं भाग ली।मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल से संबंधित जानकारी दी। बताया कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल सिस्टम के माध्यम से पोषाहार वितरण करना है। ताकि पोषाहार सही लाभुक तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ना रहे। इस तकनीक के माध्यम से प्रखंड अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और अति कुपोषित बच्चे को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम को पोषण ट्रैकर एप्प से जोड़ा जाएगा। इसमें प्रत्येक लाभुक का चेहरा स्कैन किया जाएगा और आधार लिंक के माध्यम से उनकी पहचान की पुष्टि होगी। इसके बाद ही उन्हें नियमानुसार पोषाहार दिया जाएगा। वहीं बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दिनचर्या का बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। वहीं सेविका के द्वारा केंद्र में पानी की समस्या पर बताया कि पीएचईडी विभाग से 400 आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करना सुनिश्चित किया गया है। जो भी आंगनबाड़ी भवनहीन है, भूमि चिन्हित कर उसे बनाना है। अगले वित में 50 आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का लक्ष्य है। वजन मशीन आदि का टेंडर जल्द ही कर दिया जाएगा। वहीं उन्होंने चौपारण के भगहर क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों का जल्द औचक निरीक्षण करने की बात कही। वही कहा कि जिला स्तर पर जो लाभ आप लोग को दी जानी है उसके लिए हम लोग कटिबद्ध है। पूरे जिले में 400 आंगनबाड़ी केंद्र सक्षम रूप से चिन्हित है। पोषण वाटिका के लिए सभी सेविकाओं के खाता में दस हजार रुपए जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र के इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के लिए हर प्रयास की जा रही है। वैसा आंगनबाड़ी केंद्र जहां कामकाजी महिला ज्यादा है वैसे पंचायत में दस हजार तक के किराए का मकान लेकर के आधा में क्रेज और आधा में आंगनबाड़ी केंद्र चला सकते हैं। शर्त यह है कि उस जगह पर 10 से 12 बच्चा कम से कम हो, और उसकी माता कहीं पर काम करने जाती हो। उसके लिए सेविका को अलग से 1500 और सहायिका को 750 सो मानदेय दी जाएंगी। साथ ही एक क्रेज वर्कर और एक क्रेज हेल्पर का भी अपॉइंटमेंट किया जाएगा। वही बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि चुनाव के दौरान अपलोगो का कार्य सराहनीय रहा है। जहां समस्या आ रही है, उसे सीखने की कोशिश कीजिए। गर्भवती महिला लाभुक को बुलाकर उसे जागरूक करने के बाद ही उसे लाभान्वित करें। वहीं सीडीपीओ नीलू रानी ने कहा कि जिस उत्साह से हमलोग इस प्रशिक्षण में भाग लिए, मुझे पूरा विश्वास है कि इसी उत्साह के साथ आने वाले कार्यों को पूरा किया जाएगा।

## जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड सभागार में बीडीओ विवेक कुमार की अध्यक्षता में तथा सतर्कता समिति अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 20 मार्च को किया गया। कार्यशाला में जिला से आए प्रशिक्षक छात्रधारी जी ने ईपीओएस मशीन से संबंधित जानकारी सभी जानकारी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को दी। साथ हीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सफलाई चैन मैनेजमेंट की जानकारी दी गई इसके साथ ही आधार आधारित कार्यों को निष्पादन करने की भी जानकारी दी गई। आगामी ईकेवाईसी सप्ताह में सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को शत प्रतिशत कार्डधारियों का ईकेवाईसी करने का निर्देश दिया गया। ईकेवाईसी के दौरान जिनका ईकेवाईसी नहीं हो पा रहा है उन कार्डधारियों के नाम कारण सहित सूची में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि ईकेवाईसी नहीं होने पर राशन कार्ड से कार्डधारी का नाम काट दिया जाएगा। ये तमाम प्रक्रिया जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को संबंधित विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए ससमय राशन वितरण करने का भी स्पष्ट निर्देश दिया गया। कार्यशाला में कुंवर साव अजय गुप्ता अशोक गुप्ता बिनोद नायक बिनोद राम डीलर संघ अध्यक्ष रामकृष्ण दुबे को मो शमीम कोषाध्यक्ष अकबर अली यशोदा देवी उर्मिला देवी रामदेव गोप प्रमोद सिंह बोधि महतो बाबूलाल रजक रामचंद साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आरएनवाईएम कॉलेज के स्प्रिंट का बेसिक कंप्यूटर स्किल सर्टिफिकेशन कोर्स का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आरएनवाईएम कॉलेज, बरही और स्प्रिंट, हजारीबाग ने स्नातक छात्रों के लिए बेसिक कंप्यूटर स्किल सर्टिफिकेशन कोर्स शुरू करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कोर्स छात्रों को आवश्यक कंप्यूटर स्किल प्रदान करेगा और उनकी नियुक्ति और करियर की संभावनाओं में सुधार करेगा। विद्यार्थियों को बेसिक कंप्यूटर स्किल सर्टिफिकेशन कोर्स को स्प्रिंट के एक्सपर्टीज द्वारा डिजाइन और वितरित किया जाएगा। कोर्स में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट ब्राउजिंग, ईमेल और ऑनलाइन यूसेज शामिल होंगे।सफलतापूर्वक पूरा करने पर छात्रों को स्प्रिंट से सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। कोर्स को आरएनवाईएम कॉलेज के स्नातक छात्रों के लिए एक सब्सिडी वाले शुल्क पर पढ़ाया जाएगा।



आरएनवाईएम कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि हम स्प्रिंट के साथ मिलकर अपने स्नातक छात्रों के लिए यह सर्टिफिकेशन कोर्स प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। यह पहल निश्चित रूप से उनकी नियुक्ति और करियर की संभावनाओं में सुधार करेगी। स्प्रिंट के निदेशक ने कहा, हम इंडस्ट्री रेलीवेंट स्किल में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए तैयार हैं आरएनवाईएम कॉलेज के साथ हमारी साझेदारी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वही बताया गया कि उपरोक्त विषय की जानकारी के लिए 22 मार्च को 11 बजे रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महाविद्यालय एवं आस पास के जो भी छात्र एवं छात्राएं भाग लेना चाहते है सारे लोग आ सकते है। उसी समय नामांकन की भी सुविधा है।

## भोला राणा बने हेदलाग रामनवमी समिति के अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कटकमसांडी :** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत हेदलाग एवं गोविंदपुर में रामनवमी समिति के लेकर बैठक की गई जिसमें पूर्व रामनवमी समिति को भंग करते हुए पुनः नए से चुनाव किया गया जिसकी अध्यक्षता भुनेश्वर यादव के द्वारा किया गया. हेदलाग गोविंदपुर रामनवमी समिति के अध्यक्षता कर रहे भुनेश्वर यादव ने कहा की शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस को नवमी को शुक्रवारी और दसवीं को हजारीबाग ले जानी है किसी तरह का कोई भगदड़ नहीं होनी चाहिए। समिति की नई कमिटी का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष भोला राणा ,उपाध्यक्ष छोटन साव,सचिव पंकज अगरिया ,उप सचिव प्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष राजेंद्र महतो, सुरक्षा प्रमुख सुधीर यादव, सुरक्षा सह प्रमुख अंकज ठाकुर ,संरक्षक शिवदयाल राणा, किशन ठाकुर, रघुनाथ ठाकुर ,चंद्र यादव, महावीर साव , हिरामन यादव, दिनू साव को बनाया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, सुखदेव कुमार, राजेंद्र कुमार, उमेश राम, उमेश रविदास, उमेश पासवान ,ढुल्लू महतो, राहुल कुमार ,दीपक टूरी, शंकर अगरिया ,अभिषेक ठाकुर ,विकास साव ,प्रमोद साव,कुणाल यादव, पिंटू यादव ,महेंद्र साव ,दिनेश राणा, राजा ठाकुर, संदीप साव ,सुबोध यादव, प्रकाश महतो, शिवकुमार, रणजीत राणा ,दीपक राणा, अरुण राम, गुड्डू राम, अशोक राम, मुरादे पांडे ,सत्येंद्र कुमार, वकील साव ,शंभू महतो, धीरज कुमार, बसंत राम, मंटू साव ,शिवम कुमार, अनिल साहू, दीपू यादव, विनोद साव ,छोटू साव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# फायरिंग में सीसीएलकर्मी घायल, टीपीसी उग्रवादियों ने छोड़ा पर्चा,काम बंद रखने कि दी चेतावनी

➪ उरीमारी में टीपीसी के उग्रवादियों ने जमकर मचाया तांडव,जेसीबी मशीन में लगाई आग अन्य वाहनों के फोड़े शीशे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी स्थित न्यू बिरसा परियोजना के कोल डिपो में बीते बुधवार कि रात करीब एग्यारह से बारह बजे के बीच टीपीसी उग्रवादियों ने जमकर उत्पात व तांडव मचाया। लगभग आधा दर्जन की संख्या में उग्रवादियों ने कोल डिपो में खड़ी एक जेसीबी लोडर मशीन को आग के हवाले कर दिया। जबकि डिपो में ही खड़ी दो जेसीबी व तीन हाइवा का शीशा तोड़ दिया है। वहीं उग्रवादियों ने अंधाधुंन पांच राउंड फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दिया है। उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से एक गोली छिटककर कोल डिपो में कार्यरत सीसीएल कर्मी संतोष मुंडा के दाहिने पैर के उंगली में गोली घुस गई। वहीं अन्य सहकर्मियों के द्वारा तत्काल संतोष मुंडा को सीसीएल गांधीनगर अस्पताल भेजा गया। जहां उसका सफल ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई। इधर घटना के बाद न्यू बिरसा के कोल डिपो में लोडिंग का कार्य व डिस्पैच भी ठप हो गया। घटना की सूचना के बाद उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम दल - बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर वरीय पुलिस पदाधिकारीयों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार देर रात्रि घटना स्थल पहुंच पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं वरिय






पुलिस पदाधिकारीयों ने ओपी प्रभारी रामकुमार राम को जांच के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

**टीपीसी ने पर्चा छोड, काम बंद रखने कि दी चेतावनी**

उरीमारी इधर घटना की जिम्मेवारी लेते हुए टीपीसी संगठन ने एक पर्चा भी छोड़ा है। इसमें निर्देशक प्रताप जी के हवाले से कहा गया है कि आउटसोर्सिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टर, कंपनी के पदाधिकारी,कर्मचारी,मुंशी, पेलोडर मलिक,आदि को चेतावनी देते हुए संगठन से बिना मैनेज किये कार्य नहीं करना है। इसकी अवहेलना करने पर अंजाम बुरा होगा। उक्त बातें छोड़े गए पर्चे में लिखा हुआ है। वहीं दूसरी ओर इसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद पुलिस की निगरानी में लगभग 10 घंटा बाद कार्य शुरू हुआ। बताते चले की पिछले दो माह में अपराधियों ने कई बार रंगदारी व लेवी को लेकर फायरिंग आगजनी व हत्या जैसे कांड को अंजाम दे चुके है।

**त्रिपक्षीय वार्ता में बनी सहमति,न्यू बिरसा में पुलिस पिकेट जल्द बनाया जाए**


उरीमारी न्यू बिरसा में घटित घटना के बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, संजय करमाली,दशई मांझी, राजू यादव, महादेव बेसरा, दिनेश करमाली, बिरसा पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, ओपी प्रभारी रामकुमार राम, एएसआई संजय यादव उपस्थित थे। वार्ता की मिन्टस तैयार की गई। जिसमें परियोजना क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाने। कोल डिपो में कर्मियों के लिए कार्यालय। डिपो सहित अन्य चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाने। डिपो में पेयजल सहित पानी स्टाक के लिए टंकी बनाने। उरीमारी, न्यू बिरसा, बिरसा परियोजना में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करते हुए उरीमारी ओपी से कनेक्ट करने की सहमति बनी।इसके बाद कार्य शुरू हुआ। इधर घटना के बाद उरीमारी पुलिस ने पूरे क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर दर्जन भर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। घटना में शामिल सभी अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

**पुलिस कि जांच चल रही है जल्द होगा पर्दाफाश ़ पवन कुमार एसडीपीओ बड़कागांव**

उरीमारी़घटना के संबंध में पुछे जाने पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि न्यू बिरसा कोल डिपो में फायरिंग व आगजनी की घटना हुई है। टीपीसी संगठन ने इसकी जिम्मेवारी पर्चा छोड़कर ली है। पुलिस आपराधिक इतिहास रखने वाले कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो जाएगा।

## पत्रकारों में असुरक्षा का भाव, प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए : जयराम महतो

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा



इकाई रामगढ़, के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि डुमरी विधायक सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पत्रकारों के हित से जुड़े सवाल मजबूती के साथ उठाये! टाइगर जयराम महतो ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका लोकतंत्र के तीन स्तंभ है ,वही पत्रकारिता को चौथे स्थान की संज्ञा दी गई है ! पत्रकार आम जनमानस की आवाज को बुलंद करते हैं ! लेकिन वर्तमान में पत्रकारिता काफी चुनौती पूर्ण हो गई है ! विधायक जयराम ने छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की जघन्य हत्या की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकारों में असुरक्षा का भाव है! उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है छत्तीसगढ़ के तर्ज पर झारखंड में भी प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए! साथ ही साथ मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया कमेटी की अनुशंसा का लाभ भी मिलना चाहिए ! इसके अलावा राज्य के टोल प्लाजा में उनके लिए टोल टैक्स फ्री किया जाना चाहिए!

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन अरगड्डा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक हुई

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल फील्ड मजदूर यूनियन अरगड्डा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय के आवासीय कार्यालय में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय ओझा की अध्यक्षता में हुई एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय ने किया! बैठक को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि यूनियन की केंद्रीय अधिवेशन 21 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च दोपहर के भोजन के बाद संपन्न होगी !!इस बैठक में केंद्रीय समिति का गठन भी किया जाएगा साथ ही यूनियन का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा, साथ यूनियन की वर्तमान स्थिति की चर्चा और भविष्य की योजना भी तैयार की जाएगी!! इस अधिवेशन में एच एम एस के कई वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे और अपना मार्गदर्शन देंगे अतः अरगड्डा क्षेत्र से भी वरिष्ठ साथियों की उपस्थिति होनी है और बैठक में तय हुआ कि अरगड्डा क्षेत्र से रणजीत पाण्डेय, पुरुषोत्तम पाण्डेय, मुद्रिका भगत,गोपाल भगत, संजय ओझा, करुण सिंह, रविन्द्र सिंह, संतराज पासवान,हरदीप सिंह बबला, परशुराम चौधरी,श्याम सुंदर पाण्डेय, कृष्णा मल्लाह, कृष्णा सिंह, अनिल मांझी,देवेंद्र लोहार, जगनारायण, बेदिया, अनिल कुमार ये वरिष्ठ साथी जाएंगे!! बैठक में इनके अलावा अवतार सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, देवेश राणा, महेश मंडल, विनोद सिंह, इत्यादि उपस्थित थे!!


## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 20.03.2025 ÷विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस÷ के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी (ह्ल्ाक्क)डॉ तूलिका रानी के संयुक्त नेतृत्व में जिला के कैन्ट मध्य विद्यालय, नईसराय एवं राज्यकीय मध्य विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय, रामगढ़ के साथ सदर अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में दन्त चिकित्सक डॉ0 नितेश कुमार, डॉ0 सत्यप्रकाश के द्वारा बच्चों को ब्रश करना सिखलया गया साथ ही साथ मुँह को कैसे साफ रखने से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, रामगढ़ एवं डॉ0 तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी ह्ल्ाक्कके द्वारा बच्चों के बीच ओरल किट वितरण किया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस में आमजनो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मुँह के रोगो को रोकने, नियंत्रित करने, मुँह के कैंसर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ0 अजय चौधरी, डॉ0 मधुरिमा प्रसाद, डॉ0 पल्लवी कौशल, विजय कुमार ष्ठक्क्रू आमोद कुमार ष्ठक्क× ष्ठक्क्रू ठ्ठह्ल, रामगढ़, प्रदीप दास स्न्रष्ट मौजूद थे।

## वन भूमि एवं गैरमजरूवा जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा करने के संबंध में उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** समाजसेवी पंकज महतो द्वारा उपायुक्त को आवेदन देकर बताया गया कि रजरप्पा मंदिर परिसर क्षेत्र को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण किया गया है जिसमें वन भूमि सरकारी गैरमरूवा व रैयती भूमि अधिग्रहण किया गया है जिसके आलोक में मंदिर परिक्षेत्र को सरकार के तमाम योजनाओं से सुंदर एवं दृढ़ बनाया जा रहा है कुछ भूमि माफिया गैरमरूवा जमीन कब्जा करने ओर दुकान मकान बनाकर भूमि माफिया द्वारा रजरप्पा मंदिर क्षेत्र रजरप्पा टी0ओ0पी0 थाना के समीप साहू होटल, राशन दुकान, मनीहारी दुकान (एवं अवैध दारू का दुकान इनके द्वारा अवैध रूप से चलाया जा रहा है भूमि माफिया होने के कारण इनकी पकड़ पुलिस प्रशासन में अच्छी है और पुलिस एवं जिला प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए अवैध करोबार किया जा रहा है इस संबंध में इनके ग्रामीण द्वारा कई आवेदन अचंलाधिकारी को दिया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं की गई जिससे मंदिर परिक्षेत्र में और कई स्थान पर जमीन कब्जा करने के फीराक में है इस व्यक्ति का होटल अपने भाईयों एवं सगे संबंधियों नाम



से सरकारी जमीन कब्जा करके होटल चलवा रहे है और मासिक किराया इनके द्वारा वसूला जा रहा है उपायुक्त से अनुरोध है की जाँच कर साहू होटल, राशन दुकान एवं मनीहारी दुकान को अविलम्ब धवस्त करवाया जाए जिससे अवैध अतिक्रमण मंदिर परिसर क्षेत्र में रोका जा सके।इस आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार राँची , प्रर्यटन मंत्री झारखण्ड सरकार , सचिव, झारखण्ड , अनुमण्डल पदाधिकारी रामगढ़ , अंचल अधिकारी को दिया गया है।

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के गोल एनएच 23 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई।जांच के दौरान भारी वाहनों सहित अन्य 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 11वाहनों में ओवर लोड एवं कागजात अधूरे



पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 255000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 11 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 255000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने सुनीता विलियम्स की वापसी का स्वागत किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** कुल 286 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने के बाद अंतरिक्ष यात्री भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स के सुरक्षित पृथ्वी पर वापस आने को लेकर श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी सहित सभी शिक्षक - शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सुनीता विलियम्स के धैर्य, साहस एवं आत्मविश्वास के बदौलत पृथ्वी पर सकुशल वापसी पर उनका हार्दिक स्वागत करते हुए बधाई दी तथा भारतीय मूल की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री होने के कारण गर्व महसूस किया।ज्ञात हो कि दिनांक 19 मार्च 2025 को भारतीय समय अनुसार तड़के 3़27 पर चार अंतरिक्ष यात्रियों को लाने वाला कैप्सूल फ्लोरिडा के तट के पास समंदर में गिरा। ये चार अंतरिक्ष यात्री स्टारलाइनर अंतरिक्षयान में विफलता के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए थे। 8-10 दिन के लिए अंतरिक्ष गई सुनीता विलियम्स को स्पेसक्राफ्ट में खराबी के कारण 286 दिन रुकना पड़ा। वे अंतरिक्ष में लगातार लंबे समय तक ठहरने वाली पहली महिला बन गई।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने भारत की बहादुर बेटी सुनीता विलियम्स जी की पृथ्वी पर सकुशल वापसी पर उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इस मिशन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद करता हूं।

## नासा के वैज्ञानिक ने माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल को भेंट किया शक्तिशाली टेलीस्कोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** माउंट एवरेस्ट पब्लिक स्कूल के निदेशक साजिद हुसैन ने बताया कि इस टेलीस्कोप के माध्यम से गांव के छात्र सौरमंडल के आठ ग्रहों बौने ग्रह(प्लूटो)धूमकेतुओं और दूर स्थित तारों का अवलोकन कर सकेंगे।इससे न केवल उनकी वैज्ञानिक समझ बढ़ेगी,बल्कि ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने की जिज्ञासा भी विकसित होगी।श्री मूर्ति गुडुपाटी, जो नासा के जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला (जेपीएल)कैलिफ़ोर्निया में प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटिव साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं, ने यह टेलीस्कोप झारखंड के गांव के छात्रों को वैज्ञानिक खोज की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रदान किया है।विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि साजिद हुसैन स्वयं एक एयरोस्पेस मैटेरियल साइंटिस्ट रह चुके हैं और विज्ञान व शिक्षा के क्षेत्र में गांव के छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।स्कूल के प्राचार्य ने कहा, ÷इस टेलीस्कोप से गांव के छात्रों की पढ़ाई में रुचि और जिज्ञासा दोनों बढ़ेंगी। हमारा लक्ष्य गांव के बच्चों को भी राकेश शर्मा, कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स की तरह नई पीढ़ी के अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक बनने के लिए तैयार करना है।इस अवसर पर साजिद हुसैन ने श्री मूर्ति गुडुपाटी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह टेलीस्कोप झारखंड के गांव के छात्रों के लिए एक दुर्लभ अवसर है, जिससे वे अंतरिक्ष और विज्ञान की दुनिया को नजदीक से देख सकेंगे।इस विशेष उपहार से गांव के छात्रों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है, और वे जल्द ही रात के आकाश की गहराइयों को देखने के लिए उत्सुक हैं।

## आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यो की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर रामगढ़ विधायक ने विधानसभा में उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा के सत्र में चुटूपालू घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्पीड ब्रेकर, बैरिकेडिंग या ट्रैफिक नियंत्रण ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि दुर्घटनाओं के मूल कारणों की गहन जांच बेहद जरूरी है। इसके बिना समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा।

**दुर्घटनाओं के संभावित कारण़**

सड़क की ढलान और डिजाइन की खामियां ङ्क यदि सड़क की ढलान बहुत तेज़ है या मोड़ पर विजिबिलिटी कम है, तो दुर्घटनाएं बढ़ सकती हैं।ओवरलोडेड और




ब्रेक फेल होने वाले वाहन ङ्क भारी वाहनों के ब्रेक फेल होने की घटनाएं आम हैं, जिससे वे अनियंत्रित होकर दुर्घटनाएं कर बैठते हैं।सड़क की गुणवत्ता और रखरखाव की कमी ङ्क गड्ढे, फिसलन और उचित संकेतकों की अनुपस्थिति से हादसे बढ़ रहे हैं।अवैध पार्किंग और सड़क किनारे बाधाएं ङ्क ट्रकों की अवैध पार्किंग और सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहन दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

**जांच की मांग क्यों जरूरी है?**

यह पता लगाया जाए कि सड़क के डिजाइन में कोई तकनीकी कमी तो नहीं।ट्रैफिक इंजीनियरिंग और एक्सपर्ट्स से विशेष ऑडिट करवा कर स्थायी समाधान निकाला जाए।दुर्घटनाओं के डेटा का विश्लेषण कर यह समझा जाए कि हादसे बार-बार क्यों हो रहे हैं। विधायक ममता देवी ने जोर देकर कहा कि जब तक सरकार इस मार्ग की गंभीरता से तकनीकी जांच नहीं करवाती, तब तक आधे-अधूरे समाधान केवल अस्थायी राहत देंगे। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि आम जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# नये अपराधिक कानूनो में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का व्यवहारिक उपयोग के संबंध में चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), झारखण्ड, राँची का कार्यालय ज्ञापांक-399/ प्रशि0, दिनांक-07. 03.2025 के आलोक में अनुसंधानकर्ता (स0अ0नि0 से पुलिस निरीक्षक) स्तर के पदाधिकारियों को नये आपराधिक कानूनों-2023 में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का व्यवहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण कराये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। प्राप्त निर्देश के आलोक में अजय कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुसंधानकर्ता (स0अ0नि0 से पुलिस निरीक्षक) स्तर के पदाधिकारियों को नये अपराधिक कानूनों-2023 में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का व्यवहारिक उपयोग के संबंध में चार दिवसीय प्रशिक्षण (दि0-20.03.2025, 21. 03.2025, 24.03.2025 एवं



26.03.2025) का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ स्थित सभागार में किया गया है, जिसमें अनुसंधानकर्ता (स0अ0नि0 से पुलिस निरीक्षक) स्तर के पदाधिकारियों को क्रमानुसार नये अपराधिक कानूनों-2023 के तहत 1. ई-साक्ष्य एप धारा-105, 173, 180, 185 और 497 बी0एन0एस0एस0, 2. जीरो एफ0आई0आर0-धारा-173 बी0एन0एस0एस0, 3 ई-एफ0आई0आर0 धारा-173 बी0एन0एस0एस0, 4 धारा-173 बी0एन0एस0एस0, 5 धारा-193 बी0एन0एस0एस0, 6. धारा-36 बी0एन0एस0एस0, 7. झारखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या-3770/ गृह, दिनांक-01.07. 2024, 8 सी0सी0टी0एन0एस0 के प्रपत्र-8 (गुमशुदा व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन), प्रपत्र-10 (अज्ञात शवों का रजिस्ट्रेशन) एवं 9. सी0सी0टी0एन0एस0 के डाटा का इस्तेमाल कर तैयार किये गये Jharkhand Cop Mobile App के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उक्त प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक, रामगढ, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, सी0सी0टी0एन0एस0 (स्न्न.रू) के द्वारा अनुसंधानकर्ता (स0अ0नि0 से पुलिस निरीक्षक) स्तर के पदाधिकारियों को दिया जा रहा है।गुरुवार को नये अपराधिक कानूनों-2023 में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का व्यवहारिक उपयोग के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी, सभी सी0सी0टी0एन0एस0 के कर्मी एवं

# टाटा डीएवी स्कूल में गणित की तीन दिन की क्षमता संवर्धन कार्यशाला का उद्घाटन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में डीएवी शैक्षणिक उत्कृष्टता केंद्र नई दिल्ली के तत्वावधान में दूसरे चरण की गणित विषय की प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का उद्घाटन टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद डीएवी गान गाया गया। प्राचार्य ने शिक्षकों को कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी शिक्षकों के शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ाना है। त्रिदिवसीय कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ मनीषा डीएवी बिस्टूपुर, स्वर्नाली चक्रवर्ती डीएवी बिस्टूपुर, ममता डीएवी बिस्टूपुर और संजय कुमार मिश्रा टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा गणित विषय के शिक्षण की सरलतम आधुनिक विधियों से सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करेंगे। इस कार्यशाला की प्रशिक्षण समन्वयक प्रज्ञा सिंह एआरओ झारखंड क्षेत्र - ई हैं। इस कार्यशाला में झारखंड क्षेत्र - ई के डीएवी पब्लिक स्कूल बिस्टूपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा, डीएवी सी एफ आर आई डिगवाडीह, डीएवी चाईबासा, डीएवी महूदा, डीएवी नोआमुंडी, डीएवी सिजुआ और डीएवी जामाडोबा के गणित पढ़ाने वाले 20 शिक्षक उपस्थित रहे।

# डॉक्टर को लोग भगवान मानते हैं, प्राथमिकता देकर करें आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज : एडीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** डॉक्टर को लोग भगवान मानते हैं। इसलिए आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पताल ऐसे मरीजों का प्राथमिकता देकर इलाज करें। इलाज में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, यह भी सुनिश्चित करें। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अच्छा इलाज प्रदान करने के लिए यह योजना लागू की है।यह बातें एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने समाहरणालय में आयुष्मान भारत योजना को लेकर आयोजित डिस्ट्रिक्ट ग्रीवांस रिड्रेसल सेल (डी.जी.आर.सी.) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न अस्पतालों के प्रबंधनों से कही। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में सूचीबद्ध अस्पताल किसी मरीज के इलाज करने से हाथ पीछे नहीं खींच सकते। उनके पास मरीज का इलाज करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। इसलिए, अस्पताल में जो भी मरीज आएं, उन्हें भर्ती करें। योजना के प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज करें।बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले के विभिन्न अस्पताल व नर्सिंग होम द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों पर आयुष्मान योजना की नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट (एन.ए.एफ.यू.) की जताई गई आपत्ति की समीक्षा की गई। साथ ही डी.जी.आर.सी. ने अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सुना।बैठक पूरी करने से पहले एडीएम ने सभी अस्पताल प्रबंधनों से कहा कि जिस अस्पताल का भुगतान लंबित है वे एक सप्ताह के अंदर सभी दस्तावेजों के साथ भुगतान का दवा सिविल सर्जन कार्यालय में समर्पित करें। दस्तावेजों की जांच करके डी.जी.आर.सी. की अगली बैठक में दावों को स्वीकार या अस्वीकार किया जाएगा।बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला समन्वयक (आयुष्मान) निशांत राज, सदर अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ अब्दुल आजाद, आयुष्मान योजना के नोडल डॉ सरबजीत सिंह, पाटलीपुत्र नर्सिंग होम के डॉ निर्मल झेलिया, अशर्फी हॉस्पिटल के हरेन्द्र सिंह, एएसजी आइ हॉस्पिटल के आशिष रंजन के अलावा एशियन द्वारिकादास जालान सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सनराइज हॉस्पिटल, सर्वमंगला नर्सिंग होम, अविनाश हॉस्पिटल, झारखंड डायबिटिक एंड आइ सेंटर, लाइफ लाइन हॉस्पिटल, पूजा नर्सिंग होम तथा अन्य होस्पिटल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में अँग्रेजी की तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में उच्च प्राथमिक से संबंधित अँग्रेजी की तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन शुरू हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या महुआ सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात डीएवी गान हुआ। कार्यशाला का आयोजन डीएवी बिस्टूपुर, मुख्यालय जोन-ई के अंतर्गत डीएवी सीएमसी, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसका नेतृत्व डीएवी जोन-ई की एआरओ, प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख प्रज्ञा सिंह, प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर,जमशेदपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया जा रहा है। मेजबान स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व की सबसे अधिक शक्तिशाली भाषा के रूप में जानी जाती है। यह केवल एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा ही नहीं है। यह हमारे लिए हथियार और टूल्स के रूप में प्रयोग होने वाली भाषा है, जिसका उपयोग कर सदैव उत्तरोत्तर विकास किया जा सकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला से सभी प्रतिभागी लाभान्वित होंगे। साथ ही यहाँ से सीखी गई जानकारी भावी शिक्षण कार्य में काफी मददगार सिद्ध होगी। इस कार्यशाला में अभिषेक मजूमदार मास्टर प्रशिक्षक बिस्टूपुर, मौसुमी बनर्जी वरिष्ठ शिक्षिका सीएफआरआई, नेहा यादव संसाधन प्रशिक्षिका बिस्टूपुर, रिमी मैत्यू संसाधन प्रशिक्षिका जामाडोबा एवं राखी महतो संसाधन प्रशिक्षिका सीएफआरआई के रूप मेंअपना योगदान देंगे।

## रक्षित ने गेट 2025 में 92 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रौशन

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैथन एरिया तीन निवासी डीवीसी कर्मी अजीत कुमार सिंह के पुत्र रक्षित कुमार जो विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से माइनिंग इंजीनियरिंग नागपुर में पढ़ाई कर रहे हैं, ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) 2025 में 92 रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई है। रक्षित ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से एक शानदार रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत एवं लगन से की गई प्रयास हमेशा सफलता दिलाती है, इसलिए हर प्रतिभागी को इमानदारी पूर्वक लक्ष्य बनाकर तैयारी करने की जरूरत है। रक्षित दसवी तक पढ़ाई डिनोबिली स्कूल मैथन से की और बारहवीं की पढ़ाई जे बी श्यामली रांची से की है।



## इफ्तार पार्टी में शामिल हुए समाजसेवी दिलीप सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम बाहुल क्षेत्र में इन दिनों रमजान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में वासेपुर, आरा मोड़ स्थित मुगल दरबार में मोहम्मद शाहजहां के द्वारा अफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ जहां सभी धर्म के अनेकों लोग एकत्रित हुए और एक साथ मिल कर रोजा खोला और स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक सह धनबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी दिलीप सिंह उपस्थित हुए और हिंदू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की। उनके आगमन पर मुस्लिम भाइयों ने उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। वहीं समाजसेवी दिलीप सिंह ने सभी को पवित्र रमजान की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इफ्तार के पश्चात नमाज अदा हुई और साथ ही देश व दुनिया के हक में बेहतरी की दुआ की गई। गौरतलब है की दिलीप सिंह सभी धर्म के कार्यक्रमों में शामिल होकर अमन, चैन, शांति, एकता, भाईचारा और सौहार्द को निरंतर बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। इसी कारणवश वे सभी धर्म के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और आमजन के हृदय में बसते हैं। मौके पर मो. शाहजहां, मो. इसराफिल, शकील खान, मो. सरवर, मो. गुलशेर, मो. फिरोज, मो. बबलू, हिरा, मदन, ओबीसी बीजेपी जिला मीडिया प्रभारी जीराखन सिंह आदि उपस्थित थे।



## भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु कार्यशाला

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची कार्यालय द्वारा दिनांक 19-20 मार्च 2025 को धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन धनबाद के सोनोटेल होटल में किया गया। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक झारखंड प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने अपने सम्बोधन में देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व्यावसायिक नवाचारों के माध्यम से उद्यमशीलता प्रयासों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर निर्माण करता है। एमएसएमई अतिरिक्त खेतिहार मजदूरों को अपने में समाहित करने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक हैं एवं सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक भी हैं और द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र के पूरे इको-सिस्टम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे श्री सिंह ने यह भी कहा की एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। प्रमुख चुनौतियों में भौतिक बुनियादी ढांचागत बाधाएँ, औपचारित्क रूप न दे पाना, प्रौद्योगिकी अपनाने में सुस्ती बर्तना, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूंजी तक पहुँच की कमी, और इनके साथ-साथ देरी से भुगतान की सार्वकालिक समस्या शामिल हैं। इसलिए उन्होने बैंकर्स को उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर पर्याप्त ऋण देने को कहा। इस अवसर पर बैंकों से अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें एवं लाभार्थियों को चिन्हित कर रियायती ब्याज दर पर ऋण सहायता प्रदान करे। इस कार्यशाला से विभिन्न जिलों में कार्यरत एमएसएमई शाखाओं के अधिकारीगण लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों को एमएसएमई संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक, एसआईडीबीआई, एमएसएमई-डीईओ, एसबीआई इत्यादि के वरीय अधिकारियों ने एमएसएमई से संबंधित विषयों पर सत्र लिया। मौके पर भारतीय रिज़र्व बैंक के उपमहाप्रबंधक एवं प्रबन्धक भी उपस्थित रहें। इस कार्यशाला में बैंक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफ़सी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ साथ राज्य में उपस्थित अन्य प्रमुख बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के तीस अधिकारी सम्मिलित हुए।

# 24वा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम कबड्डी प्रतियोगिता का मेजबानी करेगा मैथन

### *आयोजन समिति के अध्यक्ष बने परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह*

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** मैथन में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 24वा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम कबड्डी प्रतियोगिता का मेजबानी डीबीसी मैथन करेगा। इसके लिए डीवीसी प्रबंधन द्वारा आयोजन समिति का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष डीवीसी मैथन के परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह को चुना गया। कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव को बनाया गया है। जबकि आयोजन समिति के अन्य उप समितियों का भी गठन किया गया है जिसमें डीवीसी के खेल विभाग से जुड़े अन्य सदस्य शामिल होंगे। आगामी 21 मार्च से 23 मार्च के बीच मैथन स्थित कर्मचारी मैदान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय इस कबड्डी प्रतियोगिता में पूरे देश के सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 8 संस्थाओं ने हिस्सा लिया है जिसमें मेजबान डीवीसी, टीएचडीसी, सीईएच, पीजीसीआईएल, बीबीएमबी, एमओपी, एसजेवीएनएल और एमएचपीसी शामिल है।

# बीबीएमकेयू के शैक्षणिक वर्ष 2024 के स्नातक तथा स्नातकोतर के 613 छात्र तथा छात्राओं का पंजीयन रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्विद्यालय धनबाद के नामांकन समिति की बैठक कर स्नातक तथा स्नातकोतर के शैक्षणिक वर्ष 2024 में नामांकन तथा पंजीयन कराने वाले छात्र तथा छात्राओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बैठक के बाद विश्वविध्यालय द्वारा एक सुचना जारी की गई, जिसमे शैक्षणिक वर्ष 2024 के स्नातक तथा स्नातकोतर के वैसे 613 छात्र तथा छात्राओं का पंजीयन रद्द कर दिया गया है, जो विश्वविध्यालय में पहले से पंजीकृत होने के बावजूद दोबारा पंजीयन कराया है। ये छात्र विश्वविध्यालय के कई महाविद्यालय में अध्ययनरत है। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में स्नातक और स्नातकोत्तर के शैक्षणिक वर्ष 2024 में नामांकित जिन छात्रों का पूर्व से विश्वविद्यालय में पंजीयन था, उनका पुराना पंजीयन रद्द किया कर दिया गया है। ऐसे छात्रों का नया या अंतिम पंजीयन ही व्यवहार ही मान्य रहेगा, जिनका नये व अंतिम पंजीयन के तहत ही अपनी पढ़ाई जारी रख सकेगे। सुचना में कहा गया की जिन छात्रों का पुराना पंजीयन रद्द किया जा रहा है वे अपनी आपत्ति आगामी 22 मार्च तक अपने संकायाध्यक्ष छात्र-कल्याण के कार्यालय को लिखित आवेदन दे सकता है।

**इन कॉलेज के छात्रो का पंजीयन हुआ रद्द**

पंजीयन रद्द होने वाले छात्र तथा छात्राए आरएसपी कॉलेज झरिया, एसएसएलएनटी धनबाद, आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर, पीके रॉय कॉलेज धनबाद, सिंदरी कॉलेज सिंदरी, कतरास कॉलेज कतरासगढ़, बीएसके कॉलेज मैथन, बोकारो स्टील सिटी कॉलेज बोकारो, चास कॉलेज चास, आरवीएस कॉलेज धनबाद, जेएसएम कॉलेज फुसरो, एसएस कॉलेज चास, बोकारो महिला महाविद्यालय, राजगंज कॉलेज राजगंज, बाघमारा कॉलेज बाघमारा, बीबीएम कॉलेज बलियापुर, केएसजीएम कॉलेज निरसा, गुरु नानका कॉलेज धनबाद, बीएसएस महिला महाविद्यलय धनबाद, तेनुघाट महाविधालय तेनुघाट, बीडीए कॉलेज पिचारी बोकारो, विस्थापित कॉलेज बालीडीह बोकारो, राजेंद्र प्रसाद सिंह डिग्री कॉलेज, डीएवी महिला कॉलेज कतरास, पीएनएम कॉलेज गोमो, शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज टुंडी, एनपी संध्याकालीन महाविद्यालय, महिन्दी बाउरी डिग्री कॉलेज कोडिया, महुदा महाविद्यालय महुदा, डिग्री कॉलेज गोमिया में नामांकन लिया था।

**पंजीयन रद्द होने से छात्रो में असमंजस की बनी स्थिति**

विश्वविध्यालय द्वारा पंजीयन रद्द किये जाने से छात्र तथा छात्राओ में नामांकन तथा पंजीयन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पंजीयन रद्द होने की सुचना से छात्र काफी परेशान दिख रहे है। छात्र अपनी नामांकन तथा पंजीयन को लेकर विश्वविध्यालय तथा महाविद्यालय का चक्कर लगा रहे है।

# केरला के लुलु मॉल के लिए इंटरव्यू 25 मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** झरिया के शमशेर नगर स्थित नवजवान एकता फाउंडेशन के कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। प्रेस वार्ता में संस्था के सचिव मो. शाहनवाज खान ने बताया कि केरला की लुलु मॉल की टीम का धनबाद आना सुनिश्चित हुआ है। आगामी 25 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लुलु मॉल एवं नवजवान एकता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में केरला की लुलु मॉल के विभिन्न पदों की भर्ती के लिए एक साक्षात्कार का आयोजन होगा। यह इंटरव्यू क्राउन हॉल, ओल्ड सीओ ऑफिस के समीप, अपर कुल्ही, सिंदरी रोड, झरिया, धनबाद में आयोजित होगा। शाहनवाज ने बताया कि कैशियर, सेल एसोसिएट, कूक, फिश मोंगर, बचर, बेकर, हेल्पर आदि पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसलिए इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा और सर्टिफिकेट के साथ बताए गए पते पर समय से पहुंचे और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। चयन के पश्चात केरला के लुलु मॉल में नियुक्ति होगी जहां पर योग्यता अनुसार सैलरी दी जाएगी। साथ ही कंपनी अपने कर्मी को फूडिंग, लॉजिंग, ट्रांसपोर्टेशन, पीएफ, मेडिकल आदि की भी सुविधा प्रदान करेगी। मौके पर जाकिर, मोहतसिम, शाकिब, जावेद गद्दी, इशराफिल, शाहनवाज खान आदि मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस की आवाज को बुलंदी के साथ रखने के लिए जिले में पांच प्रमुख प्रवक्ता नियुक्त

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर धनबाद जिला कांग्रेस की आवाज के रूप में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार पासवान, महासचिव असद कलिम महासचिव मधुसूदन मोदक को जिला कांग्रेस का प्रवक्ता और जिला कांग्रेस सचिव मधुसूदन सिंह चौधरी को धनबाद कांग्रेस कार्यालय का प्रभारी घोषित किया है। कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भावना को देखते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं झारखंड सरकार की योजनाओ को जन जन तक पहुंचाई जा सके साथ ही स्थानीय समस्याओं को मुखर रूप से रखने के लिए उक्त जिम्मेवारी दिया गया है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा संगठन सृजन अभियान में प्रवक्ता का महत्वपूर्ण योगदान की आवश्यक प्रतीत हो रहा था।


**File No.5/Trg.(Trg.)-12/2023-**
**Govt. of Jharkhand**
**Deptt. of Labour, Employment, Training and Skill Development**
**Directorate of Employment and Training, Jharkhand, Ranchi**
**Letter No.:-352 Dated:-19.03.2025**
**NOTICE INVITING TENDER**

| Sl.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | GEM/2025/6066981 |
| 2 | Name of the Work | Selection of an IT firm for 3 years on-site Operation, Maintenance and Support of ITI Website of Government ITI's in Jharkhand |
| 3 | Name of the issuer of this tender | Directorate of Employment & Training, Department of Labour, Employment, Training & Skill Development, Government of Jharkhand |
| 4 | Completion period of work | 03 years from the date of issuing of work order |
| 5 | Date of issue of tender document | 18.03.2025 |
| 6 | Pre-bid meeting | 25.03.2025 12:00 PM |
| 7 | Last Date for Submission of Bids | 04.04.2025 04:00 PM |
| 8 | Technical qualification bid opening date | 04.04.2025 04:30 PM |
| 9 | Address of Communication | Directorate of Employment & Training, Department of Labour, Employment, Training & Skill Development, Government of Jharkhand. 3rd floor, Nepal House, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002, Email-dir.et.jharkhand@gmail.com |
| 10 | Tender Fee | Nil |
| 11 | Earnest Money Deposit(EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rs. One Lakhs Only) |
| 12 | Validity of proposal | Proposals must remain valid for 180 days after the submission date |
| 13 | Method of Selection | The method of selection is L1 (lowest bid) |
| 14 | Currency | The currency in which the bidders may quote the price and will received payment is INS only |
| 15 | Bid Submission | Online Through GeM Portal |

Sd/-
**Dy. Director Training (HQ)**
Directorate of Employment and Training
Jharkhand, Ranchi.

PR 348839 Labour Employmentand Traning(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No. - 07 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2024-25**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 22.03.2025 at 10:30 hrs. to 28.03.2025 at 14:00 hrs. The quotation will be opened on 29.03.2025 at 14: 30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag e- Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**DW&S, Mechanical Division Hazaribag**

PR 348848 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D



**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -NREP/HAZARIBAG/19/2024-25**

दिनांक 20.03.2025

**मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.03.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 26.03.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 09.04.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.04.2025 को अपराह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, मदनपुर का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 6122300.00 | 10000.00 | 122450.00 | नौ माह | प्रथम |
| 2 | ईचाक | प्राथमिक विद्यालय, अलौंजाकला का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9394100.00 | 10000.00 | 187900.00 | नौ माह | प्रथम |
| 3 | ईचाक | मध्य विद्यालय, अलौंजाखुर्द का चाहरदिवारी निर्माण। | 7659100.00 | 10000.00 | 153200.00 | नौ माह | प्रथम |
| 4 | बरकट्ठा | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सलैया का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 9955600.00 | 10000.00 | 199120.00 | नौ माह | प्रथम |
| 5 | बरही | उ0प्र0विद्यालय, भण्डारो में चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 5759800.00 | 10000.00 | 115200.00 | नौ माह | प्रथम |
| 6 | बरही | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भण्डारो में न्यू किचेन सह स्टोर एवं अन्य निर्माण कार्य। | 5146000.00 | 10000.00 | 102920.00 | नौ माह | प्रथम |
| 7 | दारू | नव प्राथमिक विद्यालय, उचाबेड़ा में किचेन सह स्टोर एवं अन्य निर्माण कार्य। | 5065900.00 | 10000.00 | 101320.00 | नौ माह | प्रथम |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में क्रमांक 01–07 पर अंकित योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www.jharkhand tenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 348867 Rural Development (24-25)_D

# लूटपाट के कांड में शामिल युवक, दो अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने कुडू थाने में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया की पु0अ0नि0 मनोज कुमार थाना प्रभारी कुडू के स्वलिखित बयान के आधार पर रंगे हाथों दो अवैध देशी कट्टा एवं दो पीस जिंदा कारतुस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसमे रौशन कुमार, पिता अशोक यादव उर्फ महाबीर यादव उर्फ अशोक गोप, वर्तमान पता ग्राम बड़हेईया, थाना चान्हो, जिला रांची एवं स्थायी पता ग्राम महुली, थाना दिदारगंज, जिला पटना (बिहार) एवं अन्य के विरुद्ध कुडू थाना काण्ड सं0 36/25, दि0 19.03.2025, धारा 25 (1-B) a/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वही पुलिस ने खुलासा किया है की दिनांक 10.03.2025 को सिंजो चौक अवस्थित सी0एस0पी0 दुकान में हुए लूट में भी रौशन कुमार अप्राथमिकी अभियुक्त है एवं इनके पास से उक्त दुकान से लूटे गए रेडमी कंपनी का स्मार्ट फोन को बरामद कर जप्त किया गया है।जिसके संबध में दिनांक 19.03.2025 को इस काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त रौशन कुमार के पास से दो पीस देशी कट्टा, दो पीस जिंदा कारतुस, दो पीस स्मार्ट फोन (लूटे गए मोबाईल सहित), नगद 490/- रूपया एवं अन्य सामग्री जप्त करते हुए, इस काण्ड के प्रा0अभियुक्त रौशन कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया है। इस दौरान छापेमारी दल में शामिल पु0अ0नि0 मनोज कुमार थाना प्रभारी कुडू, पु0अ0नि0 दिनेश कुमार कुडू थाना तथा सशस्त्र बल के अन्य जवान शामिल थे।

## सफलता अर्जित करने के लिये अनुशासन के साथ पढ़ाई करें : रेणु मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में दशम वर्ग के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विदाई समारोह में प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफलता अर्जित करने के लिये अनुशासन के साथ पढ़ाई करें। वही छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि जीवन मे सफल होने के लिये अनुशासन आवश्यक है। साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति अनुशासन के साथ पढ़ाई करता है या किसी कार्य को लगन और अनुशासन से करता है तो सफलता अवश्य मिलती है। वही छात्र छात्राओं द्वारा गुरु दक्षिणा स्वरूप शिक्षक शिक्षिकाओं को पारितोषिक दिया गया। मौके पर डॉ. वैजयन्ती उरांव, मेराज आलम,चांदनी शाहदेव, शिवशंकर साहु, नरेश महतो समेत सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जिला कार्यालय में 22 मार्च को समिति करेगी भगवा ध्वज पूजन की शुरुआत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा कुडू प्रखंड, भंडरा प्रखंड, सेन्हा प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर खास रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा नववर्ष विक्रम संवत् को लेकर वर्षों से जय श्रीराम समिति के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है तथा भव्य भंडारे एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है। आयोजन को लेकर इस बार और भी भव्यता देने का प्रयास किया जा रहा हैं। ज्ञात हो की इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष है ।नव वर्ष की भव्य शोभायात्रा ललित नारायण स्टेडियम से 11:00 बजे प्रारंभ होगी। नववर्ष विक्रम संवत को भव्य बनाने हेतु भगवा झंडा लगाने की परंपरा को लेकर आगामी 22 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:30 बजे जिला कार्यालय हटिया गार्डन में भगवा झंडा पूजा कर शुरुआत की जाएगी तथा अपने-अपने घरों के ऊपर भगवा झंडा लगाई जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्यगण के अलावे सभी सनातनी समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। मौके पर अजय सोनी, ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, नितेश जायसवाल, जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू, रक्तदान अध्यक्ष जीवन महतो, कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर, सेन्हा प्रखंड प्रभारी विकास जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में सिनि टाटा ट्रस्ट के द्वारा प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं शामिल हुए. वही कार्यशाला की शुरुआत बीपीओ प्रकाश रंजन के द्वारा प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय में पुस्तकालय की उपयोगिता के बारे में बताया गया। साथ ही पुस्तकालय में रुचि बढ़ाने के लिए खजाने की खोज, रीड अलाउड, साझा पठन पाठन, वीडियो, प्रेजेंटेशन इत्यादि गतिविधियां कराई गई। तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय का उपयोग का अनुभव साझा कराया गया। और सीमित संसाधनों में पुस्तकालय का बेहतरीन उपयोग एवं संचालन के बारे में चर्चा की गई।? पुस्तकालय को जीवंत रूपी बनाने के लिए बाल संसद, पुस्तकालय समिति का सहयोग लेने पर भी निर्देश दिया गया। तथा विद्यालय की शिक्षण समय सारणी में पुस्तकालय पीरियड को शामिल करने पर बातचीत किया गया। वही कार्यशाला सह प्रशिक्षण में बीआरपी अंबिका शरण पाण्डेय, शैलेश किसलय, सीआरपी उपेन्द्र ठाकुर के अलावे रामनारायण, प्रतिमा, संध्या, वीरेंद्र और सिनि टाटा ट्रस्ट के तरुण कुमार, सुष्मिता धान, आरती कुमारी, उदित कुमार समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कुडू प्रखंड क्षेत्र के होटवार गांव में लगा फगुवा डोल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के होटवार गांव में आज फगुवा डोल लगा। इस मौके पर दिनेश देव पौराणिक, अनूप देव पौराणिक, रमेश देव पौराणिक, अभिजीत देव पौराणिक ने विधिवत श्री ठाकुर भगवान, श्री राम भगवान सहित सभी देवी-देवताओं की पूजन, भजन, आरती की। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर सभी लोगो ने मिलजुलकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। होली कि शुभकामनाएं दी।इस मौके पर रांची से आये कलाकारों के द्वारा होली के गीतों ओर भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। इस मौके पर पुरोहित रमेश देव पौराणिक ने कहा कि परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी होली डोल लगा। प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के पंचमी के दिन यंहा पर डोल लगता है। पूजा पाठ की जाती है। फगुआ की गीत गायी। इस मौके पर श्रीराम समिति लोहरदगा के संरक्षक सुषमा सिंह, प्रदीप साहू, सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी डोल में शामिल हुए। इस मौके पर दिनेश देव पौराणिक, अनूप देव पौराणिक, रमेश देव पौराणिक, अभिजीत देव पौराणिक, आदित्य पाठक, वरिष्ठ वकील अजित कुमार सिंह, कोराम्बे मंदिर के पुजारी रंजय देवधारिया, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, मन्ना गुप्ता, अजित सिंह, उमेश मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, पवन मिश्र, विजय मिश्रा, बिनोद सिंह, मनोज साहू, लाल अशोक नाथ शाहदेव, यदुनंदन तिवारी, आनंद सिंह, भूपाल पाठक, केदार महतो, राजेश प्रजापति, विनम्र पौराणिक, रोहिणी देवी, गुड़िया देवी, वीणा देवी, अनामिका देवी, अरबिंद पांडेय, सुनील भगत, नीलकमल तिवारी, सर्वेश पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री से की जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा ने सुबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को ज्ञापन देकर जिले के स्वास्थ्य सुविधा को दुरुस्त कराने की मांग की है। इसके अलावे विधायक ने हज कमेटी के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री को हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को इब्रॉकेशन पॉईट बनाने के लिए पहल करने की भी मांग की है। विधायक ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से इम्बार्केशन प्वाइंट हटा कर कोलकाता एयरपोर्ट को बनाए जाने से हज यात्रियों को होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को जिले के एंबुलेंस व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि दस प्रखंड वाले सिमडेगा जिले के लिए मात्र 108 एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चिकित्सकों की समस्याओं से भी अवगत कराया। विधायक ने कहा कि चिकित्सकों की कमी के कारण जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में संसाधन उपलब्ध कराने के नाम पर करोड़ो रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन चिकित्सक की कमी के कारण संसाधनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकों का पदस्थापना कराने की मांग की है। वहीं स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं से भी अवगत कराते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को दूर कराने की मांग की है। मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित थे।

## किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की बैठक न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 20 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा श्री राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन,बाल अपराध रोकथाम और पुनर्वास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि हमारा उद्देश्य किशोर अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें सुधारने और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने पर केंद्रित है। इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। वहीं बताया गया कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के 50 और चिल्ड्रन कोर्ट के 30 मामले लोहरदगा में लम्बित हैं। वहीं गुमला ऑब्जरवेशन होम में 100 बच्चों को रखने की क्षमता है। वर्तमान में 75 बच्चे संसीमित हैं। जिसमें लोहरदगा के 26 बच्चे हैं। वहीं प्रोबेशन गृह और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही डीसीपीओ लोहरदगा को गुमला ऑब्जरवेशन होम का भी निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

## अजय कुमार वर्मा ने कार्डधारियों का ई-केवाईसी करने के लिये दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित कर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने सभी जन वितरण दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा की छूटे हुए सभी राशन कार्डधारियों का 27 मार्च 2025 तक ई-केवाईसी सप्ताह मनाते हुए। 31 मार्च तक सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि विभागीय निर्देशानुसार सभी जन वितरण दुकानदार अपने अपने क्षेत्र में कार्डधारियों के घर घर जा कर ई-केवाईसी करेंगे और स्पष्ट कारण के साथ प्रतिदिन कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिसे कार्डधारियों को सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलते रहे। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण दुकानदार मौजूद थे।

## रामनवमी अखाडा बाजारटोली समिति की हुई बैठक, धूमधाम से रामनवमी मनाने का हुआ निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** रामनवमी अखाड़ा ठेठईटांगर बाजार टोली में रामनवमी पूजा को लेकर एक आवश्यक बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र बड़ाईक के द्वारा किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि अबकी बार रामनवमी पूजा बहुत धूम धाम और भब्य तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की इस बार झांकी भी निकाली जायेगी। बैठक में रामनवमी पूजन, जुलुस और झांकी को को लेकर समिति का गठन भी किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप मे मनोज महली, उपाध्यक्ष अवीनाश बड़ाईक, गौरव महतो, राहुल सिंह, विजय सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज बड़ाईक और सचिव परमानंद कुमार शामिल हैं। बैठक में सुदामा मांझी, अमित बड़ाईक, प्रदीप बड़ाईक, सुधीर महली, पंकज महली, आकाश शर्मा, सुभाष महतो, अभय कुमार, लाल बाबू, देवराज दास, धंराज दास, साहुल सिंह, राजू बाघवार , मनबहाल सिंह, गोविंद महतो, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## शहरी जलापूर्ति योजना के लिये शंख नदी में बना कुआं भ्रष्टाचार का चढ़ा भेंट : सूरज अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसु केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना के लिए शंख नदी एवं कोयल नदी के संगम हरमू मुक्तिधाम के समीप बना कुआं भ्रष्टाचार का भेट चढ़ गया। विदित हो की लगभग 4 वर्ष पूर्व इस इंटक बेल कुआं का निर्माण कराया गया था 4 वर्षों में ही कुआं का छड़ दिख रही है बड़े-बड़े छेद कुएं में बन चुकी है कभी भी यह कुआं बाढ़ में बह कर भ्रष्टाचार का पोल खोलेगी। क्योंकि पूर्व में एक कुआं वहां भ्रष्टाचार के खेल के कारण बह कर भ्रष्टाचारियों का मुंह चिढ़ा रही है। आने वाले दिन में लोगों को पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न होगी। जिला प्रशासन इस पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं करेगी तो शहर में पानी के लिए हाहाकार मचने की संभावनाएं बढ़ गई है। जल्द से जल्द इस भ्रष्टाचारी कुएं का या तो मरमती कराए या नए कुआं का डीपीआर बनाकर निर्माण की तैयारी में लगे।

# जिला स्तरीय आरोग्य दूत एवं पीयर एजुकटरों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में नगर भवन सिमडेगा में आरोग्य दूतों एवं पियर एजुकेटरों हेतु एक जिला स्तरीय समाम्न समारोह -सह- कार्याशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य किशोर एवं किशारियों हेतु संचालित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम-राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं विद्यालय एव स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम से जुडे एवं किशोर स्वास्थ्य हेतु उत्कृष्ठ योगदान करने वाले आरोग्य दूत-शिक्षकों एवं पीयर एजुकेटरों को सम्मानित करना था। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, सिमडेगा, सिविल सर्जन एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन संबोधन में सिविल सर्जन ने दोनों कार्यक्रमों का किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में महत्व पर प्रकाश डाला। उप विकास आयुक्त महोदय ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों एवं पीयर एजुकटरों के उत्कृष्ठ योगदान की सराहना की एवं उन्हें ऐसे प्रयास को निरंतर जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होनें ने दोनो विभागों की आपसी समन्वय के महत्व पर भी बल दिया एवं आशा व्यक्त की, कि ऐसे प्रयासों से हमारे जिले के किशोर-किशोरियों के जीवन में साकारात्म बदलाव आएगा। कार्यक्रम के अगले सत्र में लौरेन्तुस तिर्की, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं पीयर एजुकटरों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम को तकनीकि सहयोग प्रदान कर रहे सेन्टर फॉर कैटालाईजिंग चेंज के प्रतिनिधि श्री ब्योमकेश कुमकार ने विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालयों एवं आरोग्य दूतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु दोनों विभागों के समन्वय की प्रशंसा की एवं शिक्षकों से अपील की कि वे किशोर स्वास्थ्य पर इसी तरह कार्य करते रहें। डा0 सरिता प्रभारी जिला आर0के0एस0के0 ने पीयर एजुकेटर कार्यक्रम के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी।

# लोहरदगा जिला के 7 प्रखंडो के विभिन्न विधायलयों से 200 बच्चो ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के विभिन्न सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राएँ नेतरहाट की वादियों तथा बेतला जंगल सफारी की शैक्षणिक परिभ्रमण करने निमित्त नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय मैदान से चार बसों में सवार होकर ए.सी.जीतेन्द्र मुंडा और जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। बच्चे काफ़ी उत्साहित दिखे बच्चों ने कहा की सरकार की ये योजना अनूठी और आकर्षक है बराबर हमलोग को शैक्षणिक परिभ्रमण कराया जाते रहना चाहिए ताकि किताबी दुनिया से असली दुनिया को देख सके समझ सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ए सी जितेंद्र मुंडा ने कहा की बच्चों को किताबी दुनिया के अलावा सांसारिक दुनिया का ज्ञान कराना आवश्यक होता है बच्चे जब नेतरहाट की वादियों में जानेंगे नेतरहाट की ऐतिहासिक जानकारियां साथ में बेतला जंगल सफारी की सैर करेंगे तब जानेंगे की जंगल में शेर चीता भालू बन्दर साँप बिच्छू सहित अन्य जंगली जानवरों का पर्यावरण सारंक्षण में क्या महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए समय समय पर छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण कराना शिक्षा का अहम् भूमिका होती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने कहा की किसी भी देश जिला और परिवार के उत्थान में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है शिक्षा के बदौलत ही हम विकसित बन सकते है इसके लिए स्कूल समयवद्ध ढंग से संचालन होना चाहिए शिक्षक राष्ट्रनिर्माता की भूमिका निभाएं तो निश्चित रूप से लोहरदगा छोटा जिला है बेहतर करेगा और झारखण्ड में ऊँचे पायदान तक पहुंचेंगे,जहाँ तक शैक्षणिक परिभ्रमण की बात है आप और हम जब बच्चे थे और कहीं टूर में गए होंगे तो उसकी जानकारियां आज तक स्मृति पटल पर रहती है बच्चे देख कर जल्दी ग्राहय करते है इसलिए शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा की कड़ी होती है। ज्ञातव्य हो की राज्य परियोजना निदेशक झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे प्रमंडल से बाहर पलामू प्रमंडल के नेतरहाट और बेतला जंगल सफारी जा रहे है, टीम लीडर के रूप में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक आकाश कुमार, शारीरिक शिक्षक दुर्गा कुमार (लाल बहादुर शास्त्री भंडरा ), खुसबू कुमारी (कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्धयालय किस्को), रंजू साहू ( उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्धयालय सेन्हा ), विपिन किशोर लकड़ा (गाँधी मेमोरियल उच्च विद्धयालय मराडीह कुडू), पंकज कुमार (उत्क्रमित उच्च विद्धयालय कुजरा), तथा कुटमू प्राथमिक स्कूल की रश्मि खेस तथा सीमा एक्का (प्रोजेक्ट उच्च विधायक मुंगो, पेसरार) शैक्षणिक परिभ्रमण में बच्चों का नेतृत्व करेंगे और सात प्रखंड के लगभग 200 बच्चे शैक्षणिक परिभ्रमण में तीन दिवसीय यात्रा पर गए है। हरी झंडी दिखा कर रवाना करते समय सुफियान अंसारी,दीपू अग्रवाल और निश्चल मिंज आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### धोखाधड़ी के मामले में स्वामी दिनेशानंद गिरफ्तार

**हरिद्वार :** पुलिस ने टार्गेट फॉड गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड स्वामी दिनेशानंद को गिरफ्तार किया है। वहीं, उसके ड्राइवर अजयराज और दो अन्य साथी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। आरोपित उत्तराखंड में जमीन में निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर लोगों से ठगी करता था। उसके खिलाफ हरियाणा में भी मुकदमे दर्ज हैं।जानकारी के मुताबिक 9 जून 2024 को सोनीपत हरियाणा निवासी सतबीर सिंह पुत्र राम चन्द्र ने महाराज दिनेशानन्द, अजयराज, नूरहसन और जोगेन्द्र पर प्रॉपर्टी दिखाकर एग्रीमेण्ट करते लेकिन जमीन की रजिस्ट्री करने से मुकरने व बयाने की राशि नौ लाख रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली सिविल लाईन रूडकी में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच तथा आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई। पुलिस जांच में प्रकाश में आये आरोपित महाराज दिनेशानन्द ने अपने ड्राईवर अजयराज तथा अन्य 02 साथी नूर हसन व जोगेन्द्र के साथ मिलकर एक गिरोह बना रखा है, जो अन्य प्रांत से प्रॉपर्टी में मुनाफा कमाने की सोच रखने वालों को अपना निशाना बनाकर ठगी करते थे।पुलिस ने मुख्य आरोपित को लिया हिरासत मेंविवेचना में प्रकाश में आए तथ्यों एवं सबूतों के आधार पर कोतवाली रुड़की पुलिस ने मुकदमें के मुख्य आरोपित एवं गिरोह के सरगना स्वामी दिनेशानन्द को पुलिस हिरासत में लिया।

### तीनों सेनाओं के जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करेगा निम्हांस

**नई दिल्ली :** अब देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। इसके लिए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने गुरुवार को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा।सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ0. प्रतिमा मूर्ति ने नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एएफएमएस और निम्हांस के बीच यह सहयोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, चिकित्सा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने और सैनिकों, नाविकों, वायुसैनिकों, उनके परिवारों तथा आश्रितों के मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अभिनव कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्रित होगा।समझौता ज्ञापन के मुख्य उद्देश्यों में सहयोगात्मक अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और शैक्षणिक गतिविधियां शामिल हैं। न्यूरो साइकियाट्रिक में अपनी विशेषज्ञता के साथ निम्हांस सैन्य कर्मियों को उन्नत मनोचिकित्सा देखभाल और सहायता पर अनुसंधान करने में सहायता प्रदान करेगा, जो पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी), चिंता और अवसाद जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा।

## स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम व दीक्षांत समारोह के साथ हुआ ओलंपियाड सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन

# ओलंपियाड में गोल्ड मेडल लाकर डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल के बच्चों ने रचा इतिहास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू की धरती पर ओलंपियाड में टॉपर पैदा करने वाला और इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में मशहूर हो चुके डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परिणाम, दीक्षांत समारोह एवं ओलंपियाड रिजल्ट सेलिब्रेशन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह विशेष अवसर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए गर्व और आनंद से भरा रहा,जहां बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि 44 बटालियन झारखंड एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कंवरदीप साहनी, एनपीयू विश्वविद्यालय के कुलानुशासक केसी झा, पंकज श्रीवास्तव, डॉ. दानिश कुमार, ब्रजेश शुक्ला, श्रीराम डाल्टन, विद्यालय के सीईओ एसकेएल दास, एमडीआई कॉलेज की उप्राचार्या श्रीमती पूनम पांडे, विद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्वेता कुमारी एवं विद्यालय के अध्यक्ष इंजीनियर विनय कुमार मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंवरदीप साहनी ने अपने संबोधन में बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा,सफलता केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह मेहनत,अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। बच्चों को उनके सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय परिसर को बच्चों द्वारा लिखी गई कैलीग्राफी से सजाया गया था। बच्चों की विभिन्न विषयों की कॉपी भी विद्यालय के प्रांगण में डिस्प्ले की गई थी। पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार स्वागत गीत पेश किया। बता दें कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि उनके भविष्य की नींव को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी साबित हुआ। डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को एक बार फिर सिद्ध किया और यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक छात्र अपने लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक निशिकांत पांडे द्वारा किया गया।

### डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के बच्चों का मेहनत काबिल-ए-तारीफ : सहनी

### यूकेजी दीक्षांत समारोह में नन्हे बच्चों की रही प्रथम उपलब्धि

यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए यह दिन विशेष था, क्योंकि उन्होंने अपने शैक्षणिक सफर में पहली बड़ी उपलब्धि हासिल की। बच्चों को स्नातक उपाधि प्रदान किए गए,जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और आगे की शिक्षा के प्रति उनका उत्साह दोगुना हो गया।




### विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम के बदौलत बच्चों को मिला गोल्ड मेडल डॉ. श्वेता

विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर श्वेता कुमारी ने बच्चों,अभिभावकों और शिक्षकों को शानदार सफलता पर बधाई दी और कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के परिश्रम के बदौलत यहां के बच्चों को ओलंपियाड में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि शिक्षकों का मेहनत और बच्चों की प्रतिभा का परिणाम है गोल्ड मेडल। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### ओलंपियाड में इतिहास रचने वाले मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

समारोह में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, कंप्यूटर और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों में आयोजित ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जिन छात्रों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया,उन्हें पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सत्र में ओलंपियाड परीक्षा में डीपीएस सुदना 120 छात्रों ने विभिन्न विषयों में परीक्षा दिया जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने गोल्ड मेडल डिस्टिंक्शन लाकर पूरे पलामू में एक नई कीर्तिमान और इतिहास रच दिया।विद्यालय के आठवीं कक्षा के छात्र अस्मित सम्राट को आईजीकेओ ओलंपियाड में 1000 का कैश अवार्ड मिला। साथ ही इन्हें जोनल डिस्टिंक्शन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की तीसरी कक्षा की छात्रा अद्रिका आर्ची को कंप्यूटर ओलिंपियाड में 5000 का कैश पुरस्कार मिला। विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा ऋषिका रंजन को आईजीकेओ में 500 का गिफ्ट वाउचर अवार्ड मिला।विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा शांभवी त्रिवेदी को गर्ल्स चाइल्ड स्कॉलरशिप के तहत 5000 रुपया का छात्रवृत्ति ओलंपियाड के तरफ से दिया गया। विद्यालय के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया। शिक्षकों और अभिभावकों ने उनकी इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल के कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के सभी क्लास टॉपर्स क्रमश प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। एसओएफ ओलिंपियाड फाउंडेशन के तरफ से विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती नीलिमा मिश्रा को अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट दिया गया। विद्यालय के ओलिंपियाड इंचार्ज निशिकांत पांडे को एसओएफ द्वारा अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट दिया गया।

### ओलंपियाड परीक्षा में गोल्ड मेडलिस्ट लाने वाले बच्चे ही बनेंगे डॉक्टर और इंजीनियर : ई. विनय मेहता

स्कूल के अध्यक्ष इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने स्वागत भाषण देते हुए छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का साधन है। उन्होंने कॉम्पिटेटिव ओलंपियाड परीक्षा में शानदार रिजल्ट होने पर बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ओलंपियाड के 50 से अधिक गोल्ड मेडलिस्ट को चैंपियन बताया और कहा की यही बच्चे भविष्य में JEE MAINS, NEET, NDA जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना सफलता का परचम लहराएंगे।

### बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं,जिनमें रंगारंग नृत्य, गीत और लघु नाटिकाएं शामिल थीं। उनकी मासूमियत और प्रतिभा ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव श्रीबंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर होगा

### 23 मार्च को हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ करेंगे सांसद वीडी राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 12453/12454 का ठहराव दिनांक 23 मार्च 2025 से नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया जाएगा। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने हेतु रेलवे बार्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विदित है कि उक्त ट्रेन का ठहराव हेतु श्री बंशीधर नगर, गढ़वा जिला की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु दिनांक 23 मार्च 2025 को नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर रात्रि 9:00 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तत्पश्चात समय रात्रि 9:47 बजे सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन संख्या 12453 का ठहराव का शुभारम्भ किया जाएगा। इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगम होगी।

इस अवसर पर सांसद ने गढ़वा जिला एवं विशेषकर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के वरिष्ठ कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों एवं स्थानीय जनता से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है। सांसद ने रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है। इस आशय की जानकारी संसद के निजी सचिव अलग दुबे ने दी।

### विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**शिमला :** पूर्व मंत्री केवल सिंह पठानिया के निधन पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शोक व्यक्त किया गया। गुरुवार को सदन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके सार्वजनिक जीवन व सेवाओं को याद किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य विधायकों ने उनके योगदान की सराहना की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने शोकोदगार में भाग लेते हुए कहा कि केवल सिंह पठानिया का 88 वर्ष की आयु में निधन प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बताया कि उनका जन्म 29 जून 1937 को जिला कांगड़ा के बासां-वजीरां गांव में हुआ था। वे 1972, 1990 और 1993 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए और 1995 से 1998 तक परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल सिंह पठानिया ने समाज सेवा में गहरी रुचि ली और प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाई।

# ई-रिक्शा शो रूम का पुर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया उदघाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा प्रखंड के छतरपुर पंचायत अंतर्गत नामधारी कॉलेज के निकट छतरपुर में ई-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शौकत खान, डॉ यासीन अंसारी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया।



मौके पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारे 5 साल के कार्यकाल में गढ़वा जिले के कोने-कोने में सभी सड़कों को बेहतर स्थिति में लाया जिसका परिणाम है कि आज उस सड़क पर ई-रिक्शा लोग धड़ल्ले से चला रहे हैं। आज हमने ई-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन किया इससे सभी वर्गो को फायदा होगा। लोगों को रोजी-रोटी का सहारा बनेगा। खासकर मध्यम वर्ग के लोग भी कम पैसे में फाइनेंस करा आराम से अपने बाल बच्चों का पेट पाल सकते हैं। मुझे खुशी इस बात की है कि हमने जो दिन रात मेहनत करके गढ़वा जिले को पूरी मेहनत हुई ईमानदारी के साथ विकास की ओर लाकर खड़ा कर दिया है। हमसे पहले गढ़वा जिले के सड़कों पर गाड़ी तो छोड़िए पैदल चल पाना भी मुश्किल साबित होता था। हमने अपने कार्यकाल में सड़कों का इस तरह जाल बिछाया है की आराम से लोग दो पहिया तीन पहिया चार पहिया वाहन से बहुत ही कम समय में एक दूसरे स्थान पर आ जा सकते हैं। डब्लू एम एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मुर्तजा अंसारी और टास्क ब्लेसिंग्स के कर्मचारियों ने बताया कि यह ई-रिक्शा और कम्पनी से बेहतर है और गढ़वा जिले में हमारा डिस्टीब्यूटर शीप है। मौके पर नजिबुलल्ला अंसारी, शरीफ अंसारी, चंदन जयसवाल, पंकज चौबे, राजा सिंह, प्रियम सिंह, मयंक द्विवेदी, साजिद खान, अहमद अली, फुजैल अहमद, आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार सदर अस्पताल में मनाया गया मौखिक स्वास्थ्य दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय में संगोष्ठी सह प्रभात फेरी का आयोजन सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल, रांची डॉक्टर सीमा गुप्ता के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन जन तक ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर दंत चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल रांची डॉक्टर रवि राज द्वारा बताया गया कि स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने के लिए हमें मौखिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दिन को हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे की थीम है- A Happy Mouth is... A Happy Mind, जो इस बात पर जोर देती है कि ओरल हेल्थ और शारीरिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मौखिक स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को भी समुदायों की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।दाँतों की सड़न के बारे में शिक्षा खराब दंत देखभाल से होने वाली जटिलताओं के बारे में जानकारी सही तरीके से ब्रश करने के टिप्स और तकनीकें फ्लॉस और माउथवॉश के उपयोग दंत प्रत्यारोपण के लाभ दंत कैंसर की जांच कराने का महत्व इन सब गतिविधियों से हम अपने मौखिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकते हैं। निम्नलिखित उपायों से दाँतों की सड़न को रोका जा सकता हैस्वस्थ और कम चीनी वाला आहार लें, दिन में दो बार ब्रश करने की आदत विकसित करना, अधिमानतः प्रत्येक भोजन के बाद फ्लोराइड माउथवॉश का उपयोग करें, हर साल दंत चिकित्सा जांच कार्यक्रम में भाग लेना दाढ़ों (पीछे के दांतों) पर डेंटल सीलेंट (सुरक्षात्मक प्लास्टिक कोट) लगाना ऐसा पानी पीना जिसमें फ्लोराइड की आवश्यक मात्रा हो, भोजन या नाश्ते के सेवन की आवृत्ति में कमी ज़ाइलिटोल आधारित च्युइंग गम की धूम्रपान और तम्बाकू के सेवन से परहेज़, कार्यक्रम के दौरान जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार मांझी, प्रवीण कुमार सिंह डीपीएम रांची, डॉ सुधा सिंह दंत चिकित्सक, डॉक्टर कुमारी सुषमा चिकित्सा, सदर अस्पताल रांची, सरोज कुमार चौधरी एफएलसी, एनसीडी, अभिषेक कुमार देव एनसीडी सेल, रांची शहीत एनएमटीसी नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहे।

# झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है : राज्यपाल संतोष गंगवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है।

उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। गंगवार गुरुवार को रांची केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में 'भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया




जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान, उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि वैश्विक बाजार में तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही है और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारतीय तसर रेशम को एक विशेष पहचान दिलानी होगी। इसके लिए ब्रांडिंग , गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात संवर्धन एवं तकनीकी उन्नति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड के सारंडा जंगल को अक्सर 'भारत की तसर राजधानी' कहा जाता है और यह माना जाता है कि तसर की उत्पत्ति यहीं हुई थी। इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास को प्राथमिकता देनी होगी। राज्यपाल ने वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे तसर रेशम के उप-उत्पादों एवं उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें, जिससे स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों की आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर उन्होंने तसर उत्पादों एवं उनके प्रसंस्करण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। राज्यपाल की ओर से एक पुस्तक, शोध पत्र का विमोचन भी किया गया। साथ ही, इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।